सुप्रभात
रांची, मंगलवार
03.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 83



12 'तेजस' का टीजर रिलीज, एयरफोर्स डे पर रिलीज होगा फिल्म का ट्रेलर

## न्यूज डायरी

### पलामू में दो सगी बहनें तालाब में डूबीं, मौत

**पलामू।** जंगल में खुखड़ी चुनने निकली दो सगी बहनों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी है। दोनों की उम्र नौ वर्ष और 12 वर्ष थी। यह घटना पलामू के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के मायापुर गांव की है।

### हुंडरू फॉल में बह गया बिहार का एक युवक

**रांची।** सिकिदिरी स्थित हुंडरू फॉल में बिहार के राजगीर का शुभम कुमार सोमवार को बह गया। कई युवक बिहार से यहां घूमने आये थे। फॉल के ऊपर बह रहे पानी में स्नान करने के दौरान वह बह गया। रहा था, उसी क्रम में पैर फिसल गया और देखते ही देखते फॉल में बह गया। उसे बहता देख उसके पांच साथी फरार हो गये। पुलिस फॉल में बहे युवक को ढूंढने का प्रयास किया, पर देर शाम तक उसका सुराग नहीं मिला।

### रविवार को नाले में बहे युवक की मिली लाश

**रांची।** रविवार को भारी बारिश के दौरान नाले में बह गये युवक देव प्रसाद का शव सोमवार को बरामद कर लिया गया। लालपुर थाना क्षेत्र के हातमा बस्ती के सरईटांड़ में एक नाले में पानी के तेज बहाव में वह बह गया था।

### मेघालय में भूकंप के तेज झटके, तीव्रता 5.2

**शिलांग।** मेघालय में सोमवार को भूकंप के तेज झटके लगे। जानकारी के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 मापी गयी है। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

### देवरिया : जमीन बनी 6 लोगों की मौत की वजह

**लखनऊ।** यूपी के देवरिया में जमीनी विवाद में 6 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गयी। पहले एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या हुई। उसके बाद भीड़ आरोपी परिवार पर टूट पड़ी। प्रतिशोध की आग में परिवार को मौत के घाट उतारा गया। रुद्रपुर कोतवाली के फतेहपुर के लेहड़ा टोला से सामने आयी इस घटना के बाद पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## नीतीश सरकार ने जारी किया जातीय जनगणना का आंकड़ा, आज बैठक

# 63 फीसदी के साथ सबसे बड़ा वर्ग ओबीसी

- आरक्षण की उठी मांग, 2024 चुनाव में बनेगा बड़ा मुद्दा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** गांधी जयंती पर बिहार की नीतीश सरकार ने जाति गणना के आंकड़े जारी कर दिये हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अत्यंत पिछड़ा वर्ग की आबादी 36 फीसदी है और पिछड़ा वर्ग की संख्या 27 पर्सेंट है। सीएम नीतीश कुमार ने जाति आधारित गणना के डेटा जारी होने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अब वह सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए काम करेंगे। कहा कि इससे न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है। सीएम ने इस मुद्दे पर समर्थन करनेवाले न दलों की मंगलवार को बैठक बुलायी है।

(शेष पेज 11 पर)

### किसकी कितनी आबादी

बिहार की कुल 13 करोड़ से अधिक की आबादी है। इनमें सवर्ण (भूमिहार-2.89, राजपूत-3.45, ब्राह्मण-3.66 और कायस्थ-0.60%) की आबादी 15.52 प्रतिशत। वहीं 63 फीसदी ओबीसी (24 फीसदी पिछड़ा वर्ग और 36 फीसदी अत्यंत पिछड़ा वर्ग), अनुसूचित जाति की आबादी 19 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति की आबादी 1.68 फीसदी है। बिहार में सबसे अधिक यादव जाति है, जिनकी आबादी 14 फीसदी है। वहीं, कुर्मी 2.8 और कुशवाहा 4.2 फीसदी हैं। मुसलमान 17.7 फीसदी हैं।

### जिसकी जितनी आबादी उसे उतना हक : राहुल



उधर नयी दिल्ली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर अपनी मांग दोहरायी कि जितनी अधिक जनसंख्या, उतने अधिक अधिकार मिले। राहुल ने कहा कि जितनी आबादी, उतना हक, ये हमारा प्रण है। भारत के जातिगत आंकड़े भी जानना जरूरी है।

### विकास विरोधी हैं जात-पात करनेवाले लोग : पीम मोदी

इसी बीच पीएम मोदी ने ग्वालियर जिले में एक जनसभा बिहार सरकार का नाम लिये बिना जातिगत राजनीति करने वालों पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा- जो लोग भारत विरोधी हैं वो जाति-पाति के नाम पर देश को बांट रहे हैं। इनके पेट में दर्द हो रहा है। इन्हें भारत का विकास पसंद नहीं आ रहा। पीएम ने कहा- इन विकास विरोधियों की सरकार जहां भी आती है वहां क्राइम और करप्शन सबसे ज्यादा बढ़ा है।

## रघुपति राघव राजाराम...



रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में सोमवार को बापू को नमन करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन। दोनों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया।

## दिल्ली को दहलाने की साजिश स्पेशल सेल ने की फेल

# झारखंड के शाहनवाज समेत तीन आतंकी धराये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, हजारीबाग।** गांधी जयंती पर राजधानी दिल्ली को दहलाने की बड़ी साजिश को पुलिस की स्पेशल सेल ने विफल कर दिया। सोमवार को स्पेशल सेल ने आइएसआइएस के फरार आतंकी शाहनवाज उर्फ शैफी और उसके दो साथी मोहम्मद रिजवान अशरफ, मोहम्मद अरशद वारसी को धर दबोचा।

शाहनवाज मूल रूप से झारखंड के हजारीबाग जिले के पेलावल का रहने वाला है। उस पर तीन लाख का इनाम घोषित था। तीनों आतंकी एनआइए की लिस्ट में थे।

(शेष पेज 11 पर)

### पेशे से इंजीनियर है शाहनवाज

पेशे से इंजीनियर शाहनवाज ने गुजरात की रहने वाली बसंती पटेल नाम की एक महिला से शादी की थी। शादी के बाद उसने अपनी पत्नी का धर्म परिवर्तन करवाया और फिर उसका नाम मरियम हो गया था। पुलिस के अनुसार इन आतंकियों ने पुणे के जंगलों में बम ब्लास्ट की प्रैक्टिस भी की थी। इससे पहले 18 जुलाई को लोहरदगा में आइबी, एनआईए और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर आईएसआईएस के आतंकी फैजान को गिरफ्तार किया था।



### हजारीबाग घर में भी जांच पड़ताल शुरू

शाहनवाज की गिरफ्तारी के बाद हजारीबाग जिला की पेलावल पुलिस उसके घर पर छानबीन शुरू कर दी है। एनआइए की एक टीम उसके घर पर दबिश डाला है।

## सीएम ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम का किया निरीक्षण, कहा

# विश्वस्तरीय होनी चाहिए सभी व्यवस्थाएं, कोई खामी नहीं रहे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची की मेजबानी में 27 अक्तूबर से पांच नवंबर होनेवाले एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप की तैयारी का जायजा लेने सोमवार को सीएम हेमंत सोरेन मोरहाबादी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम पहुंचे। अधिकारियों के साथ उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया।

सीएम ने कहा कि झारखंड को मेजबानी मिलना गौरव की बात है। ऐसे में इसके आयोजन को हर हाल में पूरी तरह अच्छे ढंगा से संपन्न कराना हमारा दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि आयोजन की सफलता में कोई कमी नहीं रहे। इस चैंपियनशिप को लेकर मोरहाबादी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का रेनोवेशन चल रहा है।

(शेष पेज 11 पर)

### रांची में एशियन महिला हॉकी 27 से

### कई प्रमुख देश के खिलाड़ी आयेंगे

रांची की मेजबानी में 27 से पांच नवंबर तक एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप होना है। इसमें भारत के अलावा जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, मलेशिया और थाईलैंड की टीम भाग लेगी। निरीक्षण के दौरान सीएम के साथ उनकी प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव विनय कुमार चौबे, नगर आयुक्त अमित कुमार, डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

## एमपी और छत्तीसगढ़ में भी भारी वर्षा की चेतावनी

# झारखंड में ऑरेंज अलर्ट, आज-कल भारी बारिश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, नयी दिल्ली।** झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ और में एकबार फिर जोरदार बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ और झारखंड में तीन से चार अक्टूबर तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। भारी बारिश और वज्रपात की आशंका है। झारखंड के कुछ हिस्सों में भारी से ज्यादा भारी बारिश का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। झारखंड में भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से 24 घंटे के दौरान आठ लोगों की मौत हो गयी है। झारखंड के कई हिस्सों में शनिवार शाम को लगातार कई घंटे भारी बारिश हुईष रविवार को भी कहीं-कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश दर्ज की गयी। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि निम्न दबाव के कारण झारखंड में बारिश हो रही है।

### 24 घंटे में ठनका से आठ की मौत

**भीम बराज के सात गेट खुले :** भारी बारिश से राज्य की कई नदियां और डैम उफान पर हैं। पलामू जिले के मोहम्मदगंज स्थित भीम बराज पानी से लबालब भरा है। बराज के सात गेट खोल दिये गये हैं। फिलहाल राइट साइड मेन कैनाल में 2006 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। तटबंधों की अनवरत निगरानी की जा रही है। बिहार पोरसन में पानी जाने के लिए झारखंड बॉर्डर के 30 व 40 से लेकर 64 व 95 आरडी का सीआर गेट पूरी तरह ऑन कर दिया गया है। फिलहाल बिहार से लेकर झारखंड में मॉनसून सक्रिय है। सोमवार की दोपहर के बाद कोयल नदी में बाढ़ की स्थिति है। इसकी सारी सहायक नदियां अमानत, बांकी, सदबह, भेलवां व रजहारा में जल प्रवाह तेज हो गया है।

## सीएम हेमंत सोरेन ने हाइकोर्ट में दाखिल की क्रिमिनल रिट

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने कोर्ट से यह गुहार लगायी है कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द किया जाये। हालांकि अभी तक यह मामला झारखंड कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुआ है। उन्होंने जिस एफआइआर को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है, वह आदित्यपुर थाना में दर्ज है। इस प्राथमिकी (कांड संख्या 418/2014) में उन्हें आइपीएसी की धारा 188,506 और आरपी एक्ट (रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट) की धाराओं में आरोपी बनाया गया है। दरअसल, वर्ष 2014 के चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गये थे।

## एशियाई खेल : नौवें दिन भारत के खाते में सात पदक, कुल 60

**नयी दिल्ली।** चीन के हांगझोउ में चल रहे एशियन गेम्स के नौवें दिन भी भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन किया। सोमवार को भारतीय खिलाड़ियों ने कोई सोना तो नहीं पर 7 मेडल जीते। नौवें दिन की शरुआत स्केटिंग के 2 ब्रॉन्ज के साथ हुई। उसके बाद दोपहर होते-होते सुतीर्था और अयहिका की जोड़ी ने टेबल टेनिस के विमेंस डबल्स इवेंट में ब्रॉन्ज जीता। फिर शाम में पारुल चौधरी, प्रीति, एंसी सोजन और भारतीय मिक्स्ड रीले टीम ने दो सिल्वर और दो ब्रॉन्ज दिलाये। इन मेडल के सहारे ओवरऑल टैली में भारत के मेडल की कुल संख्या 60 पहुंच गयी है। तेजस्विन शंकर 4260 अंक के साथ डेकॉथलॉन के टॉप पर हैं। इससे पहले, 400 मीटर मिक्स्ड रिले टीम का ब्रॉन्ज मेडल अपग्रेड होकर सिल्वर में बदला गया।

# कारिको और वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

## दोनों ने कोविड-19 के खिलाफ प्रभावशाली एमआरएनए वैक्सीन विकसित की

- चिकित्सा क्षेत्र के लिए 2023 के नोबेल पुरस्कार से किये गये सम्मानित

**एजेंसी**

**स्टॉकहोम।** कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को कोविड-19 के खिलाफ एमआरएनए वैक्सीन की खोज में उनके योगदान के लिए संयुक्त रूप से फिजियोलॉजी या चिकित्सा क्षेत्र के लिए 2023 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। करोलिंस्का इंस्टीट्यूट में नोबेल असेंबली ने एक बयान में कहा, उन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए सम्मान मिला। नोबेल असेंबली के सचिव थॉमस पर्लमैन ने सोमवार को स्टॉकहोम में पुरस्कार की घोषणा की।

(शेष पेज 11 पर)



### कौन हैं कारिको और वीसमैन

कारिको का जन्म 1955 में हंगरी के स्जोलनोक में हुआ था। उन्होंने 1982 में सेज्ड विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त की और 1985 तक सेज्ड में हंगेरियन एकेडमी ऑफ साइंसेज में पोस्टडॉक्टरल शोध किया। उन्हें 1989 में पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर नियुक्त किया गया, जहां वह 2013 तक रहीं। उसके बाद, वह बायोएनटेक आरएनए फार्मास्यूटिकल्स में उपाध्यक्ष और बाद में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनीं। वह 2021 से सेज्ड विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के पेरेलमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन में सहायक प्रोफेसर रही हैं।



वीजमैन का जन्म 1959 में लेक्सिंगटन, मैसाचुसेट्स में हुआ था। उन्होंने 1987 में बोस्टन विश्वविद्यालय से एमडी, पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के बेथ इजराइल डेकोनेस मेडिकल सेंटर में अपना नैदानिक प्रशिक्षण और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ में पोस्टडॉक्टरल शोध किया। वीजमैन ने 1997 में पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के पेरेलमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन में अपना शोध समूह स्थापित किया।




## प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मांगों को लेकर धरने पर बैठे पारा शिक्षक, सौंपा ज्ञापन

# होगा जोरदार आंदोलन, कहा- 2018 की तरह माजूैदा सरकार को भी दिखायेंगे अपनी ताकत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर सोमवार को झारखंड के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में बापू की तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद वेतनमान बढ़ोतरी, नियमावली में सुधार, बिहार की तर्ज पर समायोजन सहित अन्य मांगों को लेकर धरना दिया। धरना दे रहे पारा शिक्षक झारखंड सरकार की आकलन परीक्षा पास कर चुके हैं। दूसरी तरफ पारा शिक्षकों का एक गुट राजभवन के सामने करीब एक माह से धरना पर बैठा है। इधर कांग्रेस कार्यालय घरना दे रहे पारा शिक्षकों ने कोई कार्रवाई होते नहीं देख प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन देकर धरना को समाप्त कर दिया। बता दें कि झारखंड में लगभग 62000 शिक्षक कार्यरत हैं। पारा शिक्षक अपनी मांगों को लेकर आये दिन धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करते हैं। लेकिन अभी तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो पारा शिक्षकों के लिए कुछ काम किए और कुछ आश्वासन भी दिये, लेकिन मूल समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

### झामुमो कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन आज

कांग्रेस कार्यालय में धरना के दौरान शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी की। साथ ही सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। पारा शिक्षकों ने कहा कि 2019 में चुनाव से पहले झामुमो-कांग्रेस और राजद ने उनकी सेवा नियमित करने, वेतनमान और अन्य कल्याणकारी सुविधाएं देने की बात कही थीं लेकिन सरकार बनने के बाद मांगें पूरी नहीं हुई। आंदोलित पारा शिक्षकों ने कहा कि तीन अक्टूबर मंगलवार को वो झामुमो कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे।

**जोरदार आंदोलन की दी चेतावनी:** आकलन परीक्षा पास सहायक शिक्षकों ने कहा कि अगर सरकार ने आकलन परीक्षा पास पारा राज्य के 45 हजार से अधिक शिक्षकों (सहायक शिक्षक) की मांगें पूरी नहीं की तो 2018 की तरह ही फिर से जोरदार आंदोलन शिक्षक करेंगे और वर्तमान सरकार को अपनी ताकत दिखा देंगे।

**प्रधान महासचिव सुमन कुमार ने क्या कहा :** झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रधान महासचिव सुमन कुमार ने कहा कि राज्य की सरकार ने उनके साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर शिक्षक आंदोलन की राह पकड़ने को मजबूर हुए हैं। सुमन कुमार ने कहा कि शिक्षक मंगलवार को झामुमो के हरमू स्थित कैंप कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे।

## अबुआ बीर दिशोम अभियान का हुआ आगाज

# 30 हजार से अधिक ग्राम सभाओं ने जल, जंगल और जमीन और संसाधनों की रक्षा की ली शपथ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ग्राम सभा द्वारा ली गयी शपथ के साथ सोमवार को अबुआ बीर दिशोम अभियान का आगाज हुआ। महात्मा गांधी की जयंती पर राज्य के 30 हजार से अधिक ग्राम सभाओं ने वन अधिकार अधिनियम- 2006 के द्वारा दिये गये अधिकार का उपयोग करते हुये वनाधिकार समिति का गठन- पुनर्गठन करने तथा वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने के लिए उनके दावे पर नियमानुसार अनुशंसा करने एवं जल, जंगल और जमीन तथा इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित करने की शपथ ली।

इस शपथ ग्रहण के साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा वनाधिकार के लिए प्रस्तावित अबुआ बीर दिशोम अभियान वन अधिकार अभियान के क्रियान्वयन तथा वन अधिकार समिति, अनुमण्डलीय स्तरीय वनाधिकार समिति एवं जिला स्तरीय वनाधिकार समिति का पुनर्गठन कार्य का शुभारंभ भी हो गया। इस शपथ ग्रहण के बाद ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन- पुनर्गठन का कार्य 3 से 18 अक्टूबर के मध्य पूरा कर लिया जायेगा। इस बीच वनाधिकार समिति के गठन के लिए जिला के सभी गांवों में ग्रामवार योजना तथा प्रत्येक ग्राम सभा की कार्रवाई उपायुक्त द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में की जायेगी। सभी जिलों के उपायुक्त अपने-अपने जिले में अक्टूबर के प्रथम और द्वितीय सप्ताह में जिलास्तरीय वन प्रमंडल पदाधिकारी व राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक ग्राम स्तरीय वनाधिकार समिति में की जाने वाली कार्रवाई के लिए सभी प्रकार के भू-अभिलेख, फॉरेस्ट मैप आदि की उपलब्धता की कार्य योजना तैयार की जायेगी। उपायुक्त 19 अक्टूबर को एक विस्तृत प्रतिवेदन आदिवासी कल्याण आयुक्त को भेजेंगे।

**ये कार्य भी होगा :** जिलास्तर पर अनुमंडल स्तर पर प्रखंड एफआरसी सेल का गठन किया जायेगा। ग्रामस्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा प्रस्तुत दावों पर एसडीएलसी को अनुशंसित दावों की एक प्रति प्रखण्डस्तरीय एफआरए सेल में संधारित किया जायेगा। अनुमण्डल स्तर की सभी कार्यवाही एफआरए सेल में संधारित रहना अनिवार्य होगा। जिलास्तरीय एफआरए सेल में जिलास्तरीय की जानेवाली सभी कार्यवाही समेत अन्य कार्य होंगे।

## खबर एक नजर में

### झारखंड में डेंगू के 81 सक्रिय मरीज, 8 नये मिले

**रांची।** झारखंड में डेंगू के 81 सक्रिय मरीज हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के मुताबिक, सोमवार को राज्य में डेंगू के 8 नए मरीज मिले हैं। सभी मरीज पूर्वी सिंहभूम जिले के हैं। बताते चलें कि जांच के दौरान 157 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें सबसे ज्यादा 119 संदिग्ध पूर्वी सिंहभूमि जिले के हैं। जांच के उपरांत 8 में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं चिकनगुनिया के भी 13 संदिग्ध मरीज मिले। ये सभी मरीज देवघर जिले के हैं। हालांकि जांच के बाद किसी में चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई है।

### केंद्रीय अध्यक्ष बनने पर सुदेश महतो को बधाई

रांची। सुदेश महतो को एक बार फिर से आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर पार्टी के पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। जिला सचिव राजू नायक ने कहा कि आने वाले दिनों में सुदेश महतो झारखंड के सीएम होंगे। इनके अध्यक्ष बनने से युवाओं में एक नया जोश है। बधाई देने वालों में जिला समिति के सचिव राजू नायक, रोशन मुंडा, बबलू मुंडा, धनराज महतो, रोशन कुमार नायक, अजय पासवान, प्रदीप मुंडा, सुमित मुंडा, वार्ड नंबर-37 के कार्यकारी अध्यक्ष सूरज कुमार, राज सिंह आदि ने बधाई दी है।

### झारखंड में भी जातिगत सर्वेक्षण हो : राजेंद्र

**रांची।** बिहार सरकार द्वारा जातीय गणना रिपोर्ट जारी करने का मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने स्वागत किया है। प्रसाद ने कहा कि बिहार में जातीय गणना के रिपोर्ट के बाद बिहार में किस जाति की आबादी कितनी है और क्या स्थिति है? बिहार की जातीय जनसंख्या की वास्तविकता देश के सामने आ गयी है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में भी जातीय गणना सर्वेक्षण सरकार को करना चाहिए। उन्होंने कहा किजातीय जनगणना से समाज के कमजोर वर्गों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने में सरकार को मदद मिलेगी।

### बिहार की जातीय गणना के परिणाम का स्वागत

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बिहार में हुई जातीय गणना के परिणाम का स्वागत किया है। श्री गुप्ता ने उम्मीद जतायी कि जनसंख्या अनुपात में सभी वर्गों को बिहार में भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा केंद्र सरकार से वर्षों से मांग करते आया है और पुनः मांग करता है कि देश में जातीय जनगणना कराई जाए। अगर केंद्र सरकार जातीय गणना कराने में देर करती है तो झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को जाति गणना करवानी चाहिए।

### बीआरपी-सीआरपी संघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

रांची। बीआरपी, सीआरपी, एसएस संघ झारखंड प्रदेश की केन्द्रीय कमिटी एवं जिलास्तरीय कोर कमिटी की सत्याग्रह बैठक जिला शिक्षा परिसर रांची में सोवरा को हुई। इसमें सरकार की उपेक्षापूर्ण रवैया और दोहरी नीति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया। कहा गया कि अभी तक मानदेय 18 हजार भी नहीं मिलना काफी खेदजनक है। यह विभाग और सरकार के शोषण का उदाहरण है। बैठक में लिये गए निर्णय के आलोक में गांधी जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मुख्यमंत्री आवास के कार्यालय में दिया गया। इसमें राज्य के सभी बीआरपी,सीआरपी एवं एसएस संघ से संबंधित लंबित समस्या समाधान को सरकार का ध्यानाकर्षण किया गया है। बताया गया कि बीआरपी-सीआरपी के लिए सेवा शर्त नियमावली अभी तक कैबिनेट से पास नहीं होना सरकार के कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह है। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, नितीन कुमार, कुमार रोहित, कुमार सिकंदर, कमलाकान्त मेहता, लोहरदगा से ओपन देवघरीया, जावेद अंसारी, शैलेन्द्र कुमार, जमशेदपुर से मिथिलेश सिंह, नवीन कुमार, गढ़वा से अरविंद चौबे, मनोहर चौबे और ओम प्रकाश चौधरी के साथ रांची जिला से अरविंद मिश्रा, प्रदीप मिश्र, विकाश गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, मनीष, वासुदेव प्रिदर्शी, राघवेंद्र सिंह, अजीत सिंह के साथ संघ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## 15 अक्टूबर तक जिलों से विद्यालयवार विद्यार्थियों की मांगी गयी सूची

# एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को साइकिल देगी सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राज्य के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार की ओर से साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। इन लाभुक छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण योजना से आच्छादित करने के लिए राज्य मंत्रीमंडल द्वारा लिये गए निर्णय के आलोक में वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के लिए आवंटित राशि जो वर्तमान में पीएल खाता में संधारित है, जिसमें लगभग 9 लाख लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा के द्वारा सभी जिलों के उपायुक्तों से डीबीटी की प्रक्रिया के लिए अग्रेतर कार्रवाई करने के लिए विहित प्रपत्र में सभी जिलों से विद्यालयवार छात्र-छात्राओं के संबंध में दिनांक 15 अक्टूबर 2023 तक वांछित सूची की मांग की गई है। उक्त निर्धारित तिथि तक प्राप्त वांछित सूचना के आधार पर छात्र-छात्राओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण कर दिया जाएगा। इसके अलावा साथ ही वित्त वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिए खुली निविदा के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लगभग 6 लाख लाभार्थी छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। निविदा की कार्रवाई प्रारम्भ की जा रही है।

### बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का सातवां चरण आज से

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने संकल्प यात्रा के एक दिवसीय विराम के बाद आज 3 अक्टूबर से सातवें चरण की संकल्प यात्रा पर निकल रहे हैं। इसमें 8 अक्टूबर तक 11 विधानसभा क्षेत्र में जनसभा होगी। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि श्री मरांडी 3 अक्टूबर को लातेहार और पांकी, 4 अक्टूबर को छत्तरपुर और हुसैनाबाद, 5 अक्टूबर को भवनाथपुर और गढ़वा, 6 अक्टूबर को विश्रामपुर और डाल्टनगंज, 7 अक्टूबर को मनिका, 8 अक्टूबर को गुमला और विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा को संबोधित करेंगे।

# सरेंडर करनेवाले 15 नक्सलियों को दी जायेगी आर्थिक सहायता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर, आत्मसमर्पण करने वाले 15 नक्सलियों को आर्थिक सहायता मिलेगी। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने चाईबासा और गढ़वा डीसी को आदेश जारी किया है। ये सभी नक्सली चाईबासा और गढ़वा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इन सभी 15 नक्सलियों को आर्थिक सहायता के लिए 17 लाख आवंटित किया गया है। जिनमें 13 नक्सलियों को एक-एक लाख रुपया और दो नक्सलियों को दो-दो लाख रुपया आर्थिक सहायता के रूप में भुगतान होगा।

### सरेंडर करने वाले इन नक्सलियों को मिलेगी राशि

- गोइनदा गागराई (चाईबासा): एक लाख
- शांति कांडुलना (चाईबासा): एक लाख
- सुरेश सिंह (रांची): दो लाख
- लोदरो लोहरा (खूंटी): एक लाख
- जयराम बोदरा (चाईबासा): एक लाख
- सरिता (सराइकेला): एक लाख
- सोमवारी (चाईबासा): एक लाख
- भारतम अंगारिया (चाईबासा): एक लाख
- कुसनू सिरका (ओडिशा): एक लाख
- तुंगीर पूर्ति (चाईबासा): एक लाख
- पतोर कोड़ा (चाईबासा): एक लाख
- कुलदीप (रांची): एक लाख
- अमन गंझू (औरंगबाद): दो लाख
- संतोष भुइयां (पलामू): एक लाख

# मनरेगाकर्मियों ने नियमितीकरण के लिए चलाया ट्विटर अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रपति महात्मा गांधी जयंती पर झारखण्ड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने ट्विटर के माध्यम से अपनी सेवा नियमितीकरण की मांगों को लेकर ट्विटर अभियान चलाया। जिसमें राज्य के सभी मनरेगाकर्मियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट किया। बता दें कि मनरेगाकर्मी वर्षों से अपनी नौकरी को स्थायी करने की मांग लगातार करते आ रहे हैं। कई माध्यम से अपनी मांगों को मनरेगा संघ सरकार के समक्ष रखने का प्रयास किया है, बावजूद इसका फलाफल आज तक नहीं निकला। जिससे मनरेगाकर्मियों में भारी आक्रोश है। संघ ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि मनरेगाकर्मियों की सेवा शर्त नियमावली में कर्मी हित में संशोधन करते हुए नियमितीकरण किया जाए। ट्विटर अभियान की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष जॉन बागे ने दी है।

# झारखंड के विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को जड़ से मिटायेंगे: राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बतौर राज्यपाल सोमवार को चार महीने पूरे हो गये। इस मौके पर उन्होंने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार और सभी अनियमितताओं को जड़ से समाप्त करेंगे। दो-तीन साल में विश्वविद्यालयों में कई सुधार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी विवि को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य के विवि में फर्जी प्रमाण पत्र नहीं बनने देंगे।

**विवि के लिए 2023 का विजन:** राज्यपाल ने कहा कि सभी विवि को एक विजन दस्तावेज और 2035 तक की रणनीति तैयार करने के लिए कहा गया है। विवि और कॉलेजों की भूमिका केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों को ज्ञान, प्रासंगिक कौशल, पेशेवर दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के साथ सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और खेल गतिविधियों में प्रौद्योगिकी को भी बढ़ावा देना चाहिये।

**कर्मियों की नियुक्ति के लिए बनेगा सेवा आयोग :** राज्यपाल ने घोषणा की है कि सरकार से विवि में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मियों की नियुक्ति के लिए अलग सेवा आयोग बनाया जाएगा।

# सीएम हेमंत सोरेन की तस्वीर हटाने पर झामुमो में उबाल

### चुप नहीं बैठेगा झामुमो किसके इशारे पर हटी तस्वीर, खुलासा हो

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झामुमो ने राजभवन और भाजपा पर तीखा हमला किया है। पार्टी, रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट के कार्यक्रम में लगी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीर को हटाने को लेकर हमलावर हो गया है। पार्टी महासचिव और प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि यह केवल किसी मुख्यमंत्री का अपमान नहीं है, यह समस्त आदिवासियों का अपमान है। उन्होंने कहा कि यह किसके इशारे पर हुआ, इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह खबर आज सुर्खियों में है। यह किसी राज्य के लिए बेहतर संकेत नहीं है। मुख्यमंत्री को इस कार्यक्रम में जाना था, मगर उनके नहीं पहुंचने पर उनकी तस्वीर हटा दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए कि किसके आदेश पर यह हुआ।

श्री पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार से राजभवन का रवैया सरकार के प्रति और झामुमो के प्रति और यहां के लोगों के प्रति है, उनका बहुत जल्द पदार्फाश करेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो ने इसे गंभीरता से लिया है।

**यह था मामला :** मालूम हो कि 1 अक्टूबर को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में भारत स्वच्छता अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि थे। जानकारी के अनुसार राज्यपाल के आने से पहले राजभवन के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और मुख्यमंत्री की तस्वीरें हटवा दी गई, बाद में दोबारा लगा दी गई।

# नक्सलियों के शहीद सप्ताह मनाने पर एनआइए अलर्ट, माओवादी प्रमोद मिश्रा से पूछताछ जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हाल के दिनों में नक्सलियों द्वारा शहीद सप्ताह मनाने के वीडियो ने सुरक्षा एजेंसी की नींद उड़ा दी है। नक्सलियों के ठिकानों और उसमें शामिल नक्सलियों के शीर्ष नेता के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा को रिमांड पर लिया है। एनआईए उससे पूछताछ कर रही है। उसे एक सप्ताह के लिए रिमांड पर लिया गया है।

गौरतलब हो कि झारखंड बिहार का कुख्यात नक्सली पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा को उसके दो अन्य साथियों के साथ बीते नौ अगस्त को गिरफ्तार किया था। इस दौरान बिहार पुलिस को जानकारी मिली कि प्रमोद मिश्रा गया जिला का लुटुआ गांव आने वाला है. पुलिस ने पोलित ब्यूरो सदस्य और एनआरबी (उत्तरी क्षेत्रीय ब्यूरो) के प्रभारी प्रमोद मिश्रा की गिरफ्तार कर लिया था। प्रमोद मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद बिहार पुलिस ने हथियार, गोला-बारूद और एक बंदूक फैक्ट्री का उद्भेदन किया था।

# महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों को पूरा कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी: बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सोमवार को मोरहाबादी स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के नाम पर वर्षों तक राजनीति हुई लेकिन गांधी के ग्रामीण विकास, स्वावलंबी भारत और सुशासन के सपनों को तेज गति से पूरा होते देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि गांव को शहर से जोड़ने का पहला प्रयास अटल बिहारी बाजपेयी ने शुरू किया, जिसे मोदी जी के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे शौचालय, या बैंक में जन धन खाता, गैस चूल्हा हो या फिर पक्के मकान, ये शहरी और पैसे वालों की सुविधा मानी जाती थी लेकिन, आज गांव का एक सामान्य परिवार, गरीब परिवार इन सुविधाओं का लाभ ले रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को समाप्त किये बिना सुशासन की कल्पना नहीं की जा सकती है। प्रधानमंत्री के प्रयास से भ्रष्टाचार पर सख्त लगाम लगाने के तंत्र विकसित किये जा रहे हैं। गरीबों, किसानों के खाते में सरकारी सुविधा का लाभ डिबिटी के माध्यम से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना ने गांव के पारंपरिक हुनर मंद कारीगरों को आगे बढ़ाने का सार्थक प्रयास है। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने पूज्य बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का आवश्यकतानुसार सदुपयोग, पर्यावरण संरक्षण भी गांधी के विचारों में शामिल रहा है। सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि गांधी एक व्यक्ति नहीं बल्कि विचार हैं।

**खादी वस्त्रों की हुई खरीदारी :** प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, सांसद दीपक प्रकाश सहित अन्य नेताओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने रातू रोड स्थित खादी भंडार से खादी वस्त्रों की खरीदारी की और लोगों से खादी वस्त्र के उपयोग करने व बढ़ावा देने का आह्वान भी किया।

इस अवसर पर बालमुकुंद सहाय, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, राकेश भास्कर, केके गुप्ता, वरुण साहू, बलराम सिंह आदि उपस्थित थे।

# रिम्स के मरीजों की परेशानी होगी कम, जल्द मिलेंगे 75 नये डॉक्टर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स में जल्द ही 75 नए डॉक्टरों की बहाली होगी। इससे हॉस्पिटल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को राहत मिलेगी। मालूम हो कि हॉस्पिटल प्रबंधन ने डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया है। इसमें अलग-लग विभागों में 75 डॉक्टरों की बहाली की जानी है। यह इंटरव्यू 11, 12 और 13 अक्टूबर को होगा। इसमें सभी को अपने डॉक्यूमेंट्स के साथ आने को कहा गया है।

**3 साल के लिए बहाली :** 75 सीनियर रेजीडेंट्स डॉक्टरों की बहाली तीन साल के लिए कांट्रैक्ट बेसिस पर होगी। इसके लिए एमबीबीएस डिग्री के साथ संबंधित विषयों में पोस्ट ग्रेजुएट भी होना जरूरी होगा। जेनरल कैंडिडेट्स के लिए 40 साल, एससी-एसटी के लिए 45 साल और बीसी-1 और 2 के लिए 42 साल निर्धारित किया गया है। वहीं पीएच के लिए जेनरल कैटेगरी 50 साल, एससी-एसटी के लिए 55 साल, बीसी-1 और 2 के लिए 52 साल है। महिलाओं को तीन साल की छूट मिलेगी। डॉक्टरों को पेमेंट 67,700 के साथ उन्हें नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस भी मिलेगा।

### इन विभागों को मिलेंगे डॉक्टर

| विभाग | पोस्ट | विभाग | पोस्ट | विभाग | पोस्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| मेडिसीन- | 6 | पेडियाट्रिक सर्जरी | 1 | यूरोलॉजी | 1 |
| साइकियाट्री | 2 | एनेस्थिसिया | 7 | पीएमआर | 3 |
| पेडियाट्रिक्स | 1 | गायनेकोलॉजी | 2 | ब्लड बैंक | 1 |
| स्किन | 2 | इएनटी | 3 | इमरजेंसी (ट्रामा) | 3 |
| सर्जरी | 1 | आई | 4 | रेडियोलॉजी (ट्रामा) | 2 |
| आर्थोपेडिक्स | 3 | रेडियोलॉजी | 9 | क्रिटिकल केयर | 2 |
| न्यूरो सर्जरी | 1 | टीबी एंड चेस्ट | 3 | सुपरस्पेशियलिटी | 4 |
| | | कार्डियोलॉजी | 3 | एनेस्थिसिया | 4 |
| | | रेडियोथेरेपी | 4 | कार्डियक एनेस्थिसिया | 3 |

# बापू और शास्त्रीजी के सपनों को साकार कर रहे पीएम मोदी : रघुवर दास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



मानगो में बापू की प्रतिमा को नमन करते रघुवर दास और सांसद विद्युतवरण महतो।

**पूर्व सीएम रघुवर दास, सांसद विद्युत महतो समेत भाजपाइयों ने किया नमन**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को पूरे श्रद्धाभाव से मनाया। सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में मानगो स्थित गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता 'महात्मा गांधी अमर रहे' और 'लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे' के नारे लगाकर उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। इसके पश्चात, पूर्व सीएम रघुवर दास, सांसद विद्युत महतो समेत बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने बिस्टुपुर के खादी भंडार से खादी वस्त्रों का क्रय कर खादी अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पुर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि पूरा भारतवर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मना रहा है। उन्होंने कहा कि पूज्य महात्मा गांधी जी ने हमेशा स्वच्छ भारत, स्वदेश और स्वदेशी का आह्वान किया। तो वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान-जय किसान का नारा दिया। महात्मा गांधी खादी को बढ़ावा देने के लिए लोगों से खादी वस्त्र धारण करने की अपील करते थे और उन्हीं के प्रेरणा से प्रधानमंत्री मोदी भी 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' की बात करते हैं, ताकि स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा मिल सके। दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खादी को उसका पुराना गौरव फिर से मिला है। उन्हीं के नेतृत्व और प्रयासों का परिणाम है कि खादी आज लोकल से ग्लोबल ब्रांड बन चुकी है। खादी हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, गौरव और समृद्धि की जीती-जागती प्रतीक रही है। यह भारतीय संस्कृति का एक जीवंत प्रमाण है, इसलिए जरूरत इस बात की है कि देश के युवा वर्ग खादी का प्रचार-प्रसार करें एवं इसे अपनाएं। खादी विश्व का सबसे अधिक इको फ्रेंडली कपड़ा होने के साथ हमारी अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय एकता का सुदृढ़ और मजबूत स्तंभ भी है। लाखों लोगों की जीविका इससे जुड़ी है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शहरवासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जब आप त्योहारों के लिए कपड़े खरीदें तो एक वस्त्र खादी की भी अवश्य खरीदें। जिससे इस जीविका से जुड़े बुनकर, मजदूर व कारीगर के घरों में भी खुशहाली व समृद्धि आये। इसके साथ ही, उन्होंने नागरिकों से आगामी त्योहारों में अपने जिले, राज्य एवं भारत में बने स्वदेशी उत्पादों के अधिक उपयोग को बढ़ावा देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की अपील की। वहीं, सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि स्वतंत्रता के संघर्ष के दौरान महात्मा गांधी के खादी वस्त्र की भूमिका अतुलनीय थी। महात्मा गांधी ने देशवासियों को पहली बार स्वदेशी का नारा देकर खादी वस्त्र के लिए धागे तैयार करना और उससे खादी वस्त्र बनाने का मंत्र दिया। इस प्रकार देखते ही देखते यह एक आंदोलन बन गया। देश में खादी की चर्चा होने लगी और पूरे देश में खादी देशभक्ति का ब्रांड बन गया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर खादी पुनः एक बार देशवासियों की पसंद बन रही है। यहां तक की विदेशों में भी खादी की मांग में बड़ी वृद्धि हुई है।

महतो ने खादी की स्वदेशी क्रांति का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को देते हुए कहा कि आज का सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर भारत दुनिया को राह दिखा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, देवेंद्र सिंह, राजेश शुक्ला, नीरज सिंह, डॉ राजीव, विकास सिंह, बबुआ सिंह, राकेश सिंह समेत कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

# बापू के सत्य व अहिंसा के विचार आज भी प्रासंगिक : बन्ना गुप्ता

मानगो गांधी मैदान स्थित बापू की प्रतिमा पर स्वास्थ्य मंत्री ने किया माल्यार्पण

**डीसी, एसएसपी समेत कई पदाधिकारियों ने भी दी पुष्पांजलि**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



मानगो गांधी मैदान में बापू की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने के बाद दो मिनट का मौन रखते मंत्री बन्ना गुप्ता, डीसी, एसएसपी, डीडीसी आदि।

**जमशेदपुर।** मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण तथा आपदा प्रबंधन विभाग बन्ना गुप्ता, डीसी मंजूनाथ भजन्त्री, एसएसपी किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी सभी ने उनकी जयंती पर नमन किया। स्ववास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि आज हम सभी पूज्य बापू की 154वीं जयंती मना रहे हैं। बापू के सत्य, अहिंसा के बताये मार्ग आज भी हमारे लिए प्रासंगिक है। आजादी के आंदोलन में उनके त्याग, बलिदान हमें प्रेरणा देती है। उनके आदर्श और विचार को समझना होगा। एक ऐसा व्यक्ति जिसने न कभी शस्त्र उठाया, न कभी किसी के प्रति कठोर शब्द बोले लेकिन सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलकर उन्होने अंग्रेजों को खदेड़ने का काम किया। डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने राष्ट्रपिता को नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित आदर्श हमारे लिए प्रेरणापुंज है। जिला प्रशासन स्वच्छता के संबंध में तथा महिलाओं को उनके अधिकारों से जागरूक करने, योजनाओं का लाभ देने, शौच मुक्त की दिशा में कृत संकल्पित है। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियो द्वारा मानगो नगर निगम की महिला सफाई कर्मियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही 3 महिला समूहों के बीच ऋण वितरण एवं आदिम जनजाति सबर की महिलाओं के बीच साड़ी वितरित किया गया।

# खादी व रेडीमेड उत्पादों में आकर्षक छूट का शुभारंभ



जमशेदपुर। बिस्टुपुर लाइट सिग्नल के समीप झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग भवन में गांधी जयंती पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री व एसएसपी किशोर कौशल सहित जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के कई पदाधिकारियों ने बापू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने लोगों को खादी के उत्पादों के उपयोग करने की अपील की। इससे बुनकरों को उनके मेहनत का उचित मूल्य मिल सकेगा। गांधी जयंती पर लोगों के लिए आकर्षक छूट दी जा रही है, जो 31 जनवरी, 2024 तक लागू रहेगी।




मानगो गांधी मैदान में आयोजित गांधी जयंती समारोह में अपनी मां के साथ आये एक बच्चे को मंत्री बन्ना गुप्ता ने कुछ यूं दुलार दिया।

## गायत्री ज्ञान मंदिर भालूबासा में अखण्डज्योति पाठक सम्मेलन सम्पन्न



जमशेदपुर। गायत्री ज्ञान मंदिर भालूबासा में परम पूज्य गुरुदेव की तपोभुमी मथुरा से आये आदरणीय श्री अशोक कुमार पांडेय, राधेश्याम प्रजापती, शंकर सिंह के साथ झारखंड प्रान्त के प्रभारी राम नरेश प्रसाद, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शक श्री सचिदानन्द जी, प्रज्ञा महिला मंडल की अध्यक्षा बहन जसवीर कौर ने मिलकर बैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन किया।

# सरना ट्रॉफी पर बेसरा वॉरियर्स ने किया कब्जा

विजेता टीम को एक लाख रुपये का चेक व विशाल ट्रॉफी मिली

उप-विजेता गोवा एफसी को 70 हजार का चेक व ट्रॉफी मिली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** उलीडीह स्थित जनकल्याण आदिवासी उच्च विद्यालय मैदान में आदिवासी बॉयज क्लब और जय महाकाल सेवा संघ के द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट सरना ट्रॉफी में गत एक सितंबर को फाइनल खिताबी भिड़ंत में गोवा एफसी और बेसरा वारियर्स की टीम भिड़ी। जिसमे जीत का फैसला पेनल्टी शूटआउट के द्वारा हुआ। जिसमे गोवा एफसी को बेसरा वारियर्स ने हराकर सरना ट्रॉफी की विजेता बनी। सोमवार को टूर्नामेंट के समापन समरोह में मुख्य अतिथि सांसद विद्युत वरण महतो और बतौर सम्मानित अतिथि भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह और जिला परिषद की सदस्य कुसुम पूर्ति शामिल हुईं। नीरज सिंह ने मंच से सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की आज उलीडीह मैदान में अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। यहां के युवा आज खेल के साथ साथ पढ़ाई में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा की आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में ऊंचाइयों को छू रहा है। इस टूर्नामेंट के विजेता टीम बेसरा वारियर्स को विद्युत वरण महतो व नीरज सिंह के द्वारा 1,00,000 की नगद पुरस्कार समेत ट्रॉफी प्रदान किया।

## स्पीड न्यूज

### दो दिवसीय मिथिला हाट संपन्न



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक संस्था मिथिला महिला ट्रस्ट के द्वारा बिष्टुपुर के मिलानी हाल में मिथिला हाट लगाया गया दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का सोमवार के समापन का उदघाटन पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने किया। कुणाल षाडंगी ने कहा कि मिथिला का गौरवशाली इतिहास रहा है मिथिला का इतिहास अब मधुबनी तक ही सीमित नहीं है विश्व भर में मिथिला संस्कृति, मिथिला व्यंजन, मिथिला पेंटिंग,पान और मखान विश्व भर में प्रचलित है और मिथिला की तमाम चीजें विश्व भर में चर्चित है। इस सबंध में कार्यक्रम की उमा झा ने बताया कि जमशेदपुर और इसके आसपास क्षेत्र की रहने वाली मिथिला क्षेत्र की रहने वाली वैसी महिलाएं जो किसी न किसी कार्य में पारंगत हैं लेकिन उन्हें मंच नहीं मिला है, उन महिलाओं को एक मंच देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### नारायण आइटीआई लुपुंगडीह में याद किए गये बापू और शास्त्री



**जमशेदपुर।** सोमवार को नारायण प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर दोनों महापुरुषों की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडेय ने कहा कि गांधीजी भारत एवं भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। वे सत्याग्रह के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार के अग्रणी नेता थे, उन्हें संसार में साधारण जनता महात्मा गांधी के नाम से जानती है। लालबहादुर शास्त्री के जीविनी के बारे में डॉ जटाशंकर पांडे ने कहा कि संस्कृत भाषा में स्नातक स्तर तक की शिक्षा समाप्त करने के पश्चात वे भारत सेवक संघ से जुड़ गये और देशसेवा का व्रत लेते हुए यहीं से अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत की। शास्त्री जी सच्चे गांधीवादी थे जिन्होंने अपना सारा जीवन सादगी से बिताया।


झारखण्ड सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

अंतर्गत झारखण्ड नगरपालिका सेवा के सहायक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक/विद्युत) तथा

वाणिज्य-कर विभाग

अंतर्गत लिपिकीय सेवा संवर्ग के निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों का

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

डॉ रामेश्वर उराँव

माननीय मंत्री, वित्त, योजना, वाणिज्य-कर, खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार

श्री सत्यानंद भोक्ता

माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

दिनांक : 03 अक्टूबर, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे

स्थान : प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार, धुर्वा, रांची



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 308119 (IPRD) 23-24

## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त ने राष्ट्रपिता और लाल बहादुर शास्त्री को माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**मेदिनीनगर।** गांधी जयंती के अवसर पर स्थानीय गांधी स्मृति टाउन हॉल परिसर में उपायुक्त शशि रंजन, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, सदर मेदिनीनगर एसडीओ राजेश कुमार शाह, प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय के उपनिदेशक आनंद, सहायक नगर आयुक्त परितोष प्रियदर्शी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया तथा उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर उपायुक्त ने जिलेवासियों को गांधी व शास्त्री जयंती पर बधाई देते हुए कहा कि इन महापुरूषों के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है।

### समता स्कूल में मनी गांधी व शास्त्री जयंती



**हुसैनाबाद पलामू।** समता स्कूल परिसर में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। मौके पर प्राचार्य अक्षय कुमार चौहान ने केक काटकर और पुष्प माल्यार्पण कर महापुरूषों को याद किया। प्राचार्य ने कहा कि महात्मा गांधी जन-जन के नेता थे। महात्मा गांधी जी का उपदेश एवं संदेश हम सभी को प्रेरणादायक है। विद्यालय के अध्यक्ष विनोद चौधरी ने कहा कि महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के विरुद्ध पहला सत्याग्रह आंदोलन चंपारण से छेड़ा गया। निदेशक अक्षय कुमार चौहान, विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, बेबी सेख, सुधांशु कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल चौहान, दीपक प्रजापति, विकास, दशरथ, कार्तिक कुमार, सलोनी कुमारी, शिल्पा कुमारी, रेशमा सैयद, रिमझिम देवी, उम्म सैयद, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे, परिचारिका जनक दुलारी देवी उपस्थित थे।

### गांधी के पदचिन्हों पर चल कर ही भारत विश्व गुरु बनेगा : पूर्व विधायक



**हुसैनाबाद पलामू।** देश के दो महान स्वतंत्रता सेनानियों की जयन्ती हुसैनाबाद के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने मनाया। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री दोनो विभूतियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सबसे पहले गांधी चौक पर स्थापित बापू के प्रतिमा पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, चेयरमैन शशी कुमार प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी, अनुमण्डल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी एवं एनसीपी, राजद, भाजपा, कांग्रेस समेत कई राजनीतिक पार्टी व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर माल्यार्पण किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूरे दुनिया के आदर्श हैं, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। मौके पर जाकिर अली उर्फ राज अली, पवन कुमार चौधरी, सुदेश्वर राम, देव कुमार बोस प्रमोद सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, जमील अंसारी समेत कई लोग थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता वीनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, अशोक सिंह, रामप्रवेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, श्रवण अग्रवाल, रामेश्वर राम, रामराज मेहता समेत कई कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। वहीं एनसीपी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भी गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर प्रकाश अग्रवाल, चंदन सिंह, पवन अग्रवाल, विनय पासवान, रविन्द्र कांस्यकार, शुहैल, जिसान हसन, रतन लाल, अखिलेश सिंह, शंभू कनस्यकार, इम्तियाज, टिंकू अग्रवाल आदि शामिल थे।

### जनभावना फाउंडेशन की बैठक में हेल्थ केयर कार्ड व बालिका समृद्धि योजना पर चर्चा



**पाटन पलामू।** जन भावना फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने पाटन प्रखंड के किशुनपुर पंचायत के मिडिल स्कूल में बैठक की। बैठक में फाउंडेशन की योजना हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जोनल हेड संजय कुमार, पलामू जिला हेड नागेंद्र चंद्रवंशी, पाटन ब्लॉक हेड मोहम्मद एकलाख अंसारी, नावा ब्लाक हेड मो मुस्ताक अंसारी, किशुनपुर पंचायत के मुखिया सुमन गुप्ता उपस्थित थे। मौके पर जोनल हेड संजय कुमार व पलामू जिला हेड नागेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य लोगों तक बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार पहुंचाना है। बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। मौके पर लोइंगा की आरती देवी, पुष्पा देवी, सूठा विनति देवी, संगीता, किशुनपुर रूकमीनी, सरिता, शोले ठाकुर दयाल, वंदना कुमारी, मेराल के आशुतोष व करूणा कुमारी, जंघासी के राजन कुमार, पाल्हे के विक्रम सिंह, उताकी के संतोष, सेमरी की रेखा देवी, अमरेंद्र, रिंकू देवी, कविता, बबलू, विवेक, चंचल, प्रवेश, सुमन देवी समेत कई लोग शामिल थे।

### गांधी जयंती पर नगर परिषद द्वारा सफाई मित्रों को किया गया सम्मानित



**बिश्रामपुर (पलामू)।** गांधी जयंती के अवसर पर बिश्रामपुर नगर परिषद द्वारा सोमवार को समारोह आयोजित कर सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। इसके लिए गांधी चौक के पास एक समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सबसे पहले महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन किया गया। उसके बाद सफाई मित्रो, कचरा वाहन के चालकों व सफाई सुपरवाइजरों को पुष्पगुच्छ, अंग अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि बिश्रामपुर नगर परिषद आज साफ और स्वच्छ है तो इसका सारा श्रेय सफाई मित्रों को जाता है जिसके लिए सफाई मित्र सम्मान के असली हकदार हैं। उन्होंने कहा कि हमारा सपना है स्वच्छ बिश्रामपुर और सुंदर विश्रामपुर का निर्माण, जो आम लोगो के सहयोग से ही संभव है। मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, राजन पांडेय, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, सुभाष हेंब्रम, सुमित कुमार, सुबोध कुमार, विजय कुमार रवि, सुनील चौधरी, ज्वाला गुप्ता, अजय कुमार रवि, देवनाथ यादव, सलीमुद्दीन अंसारी, जेई मुकेश कुमार, अजीत टुडू, सीआरपी इंदु देवी, ज्योति देवी, नीरा देवी, ज्ञानती कुमारी, रेखा देवी, वंदना देवी, रुखसार प्रवीन सहित कई लोग मौजूद थे।

### पलामू कांग्रेस ने राष्ट्रपिता और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई



**मेदिनीनगर।** कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती टाउन हॉल परिसर में मनाई। कांग्रेसियों ने बापू की प्रतिमा और शास्त्री जी के तस्वीर पर फूल माला अर्पित किया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी सोमेश्वर प्रसाद ने कहा कि देशवासियों के लिए यह सौभाग्य का दिन है दोनों महापुरुषों का जन्मदिन एक ही दिन मनाया जाता है। मौके पर श्याम नारायण सिंह, लक्ष्मी नारायण तिवारी, शमीम अहमद, जितेंद्र कमलापुरी, सुरेश, मिथिलेश सिंह, डॉक्टर चंद्रमणि दुबे, रिजवान खान, अशोक, सोनू खान, मिट्ठू, अनिल सिंह, इंदु भगत, शमीम, ललित,राजेश चौरसिया, शैलेश मेहता, संतोष गुप्ता, गणेश रवि, मुकेश सिंह, देवांग शुक्ला, सौरभ रविंद्र, आलोक, सुनील, सुनील पासवान मौजूद थे।

## खादी देश की पहचान, मोदी ने बनाया ब्रांडेड : सांसद

### बीडी राम समेत भाजपा नेताओं ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महात्मा गांधी की जयंती पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रफुल्ल सिंह सहित भाजपा के वरीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने टाउन हॉल स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत रेडमा रांची रोड स्थित झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामउद्योग बोर्ड पहुंच कर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने खादी के वस्त्रो की खरीदारी भी की। इस अवसर पर पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि खादी देश की पहचान रही है परंतु मोदी सरकार ने खादी को देश-विदेश में ब्रांडेड बना दिया है।

खादी को दुनिया में लोकप्रिय बनाने में लघु एवं ग्रामोद्योग का बड़ा हाथ है। खादी का दिन प्रतिदिन मांग बढ़ता जा रहा है जिससे उत्पादन भी बढ़ रहा है और रोजगार के लिए नए-नए अवसर भी रहे हैं। खादी के लिए सूत बुनाईकटाई से लेकर उत्पादन तक मे महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से इस क्षेत्र में भी विकास की संभावनाएं है।

इस दिशा में मोदी सरकार लगातार प्रयासरत है जिसका परिणाम भी देखने को मिल रहा है और देश भी आत्मनिर्भर की ओर बढ़ा रहा है। कार्यक्रम में पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, विजय ओझा, शिवकुमार मिश्र, धर्मेंद्र उपाध्याय, सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडे, प्रभात भुइयां, अजय तिवारी, अलख दुबे, नवेंदु मिश्रा, जितेंद्र तिवारी, विनय सिंह, लवली गुप्ता, सीटू गुप्ता, मंजू गुप्ता, उषा मखड़िया, रेणु देवी, सुजाता सिंह समेत प्रमुख कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे।

## बापू व शास्त्री का आदर्श अनुकरणीय : विधायक





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** गांधी जयंती के अवसर पर प्रखंड नीलांबर पितांबरपुर के गांधी चौक स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि आज का दिन भारतीय इतिहास में ऐतिहासिक दिन है। दो अक्टूबर को ही हमारे देश में दो अद्भुत विभूतियों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन है। दोनों ही परम विभूतियों ने न सिर्फ सदियों की गुलामी से भारत देश को मुक्त कराया बल्कि देश के नागरिकों को नई दिशा भी दी। विधायक ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक से देश का प्रधानमंत्री बने पंडित लाल बहादुर शास्त्री की राष्ट्रभक्ति और मार्गदर्शन सदैव अनुकरणीय और प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि आज देश को उन दोनो महापुरुषों के आदर्श को आत्मसात करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, प्रमुख सुनील कुमार पासवान, विधायक जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, मुखिया रेखा देवी, भाजपा के निर्मल मेहता, वीरेंद्र कुमार चंद्रवंशी, कमेश यादव, मिथिलेश पासवान, छोटेलाल सोनी, बजरंगी सोनी, देवराज कुमार, दिलीप मेहता, गोपाल यादव, अजय तिवारी, चंदन सोनी, सुधीर तिवारी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पार्क सामग्री क्षतिग्रस्त करनेवालों पर प्रशासन कार्रवाई करें : प्रथम महापौर





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने दुख जाहिर करते हुए कहा मैंने अपने कार्यकाल में जनता को एक खूबसूरत मरीन ड्राइव, गांधी उद्यान, महात्मा गांधी मार्ग, चौक चौराहे उपहार स्वरूप दिए जिसका देखरेख में स्वयं अपने निजी खर्च से तीन माली, तीन इलेक्ट्रीशियन, दो सुपरवाइजर, एक पानी टैंकर ड्राइवर के साथ रखकर मेंटेन कर रही हूं ताकि निगम का यह धरोहर शहर की शान को बनाए रखें। जिसे लोग पसंद भी कर रहे हैं। लेकिन इधर नित्य दिन कुछ लोगों द्वारा जिन्हें यह सब रास नहीं आ रही है।

उन लोगों द्वारा यह सारी चीज क्षतिग्रस्त किया जा रहा जिसे मैं प्रतिदिन कभी मरीन ड्राइव का जाली बनवा रही हूं, कभी डिवाइडर के ऊपर लगे लाइट बनवा रही तो कभी मैं बेंच ठीक करवा रही कभी प्लांटेशन लोग उखाड़ कर ले जा रहे जिसे मैं पुनः लगवा रही हूं। प्रथम महापौर ने यहां की जनता से अपील करते हुए कहा कि यह संपत्ति आपकी है इसे सुव्यवस्थित रखने में मदद करें। साथ ही साथ प्रशासन से भी अनुरोध करूंगी कि मैंने सभी जगह सीसीटीवी लगा रखी है। जांच कर ऐसे उपद्रवी लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

प्रथम महापौर ने यह भी कहा कि आरक्षी अधीक्षक से बात कर मांग करूंगी कि शहर में सारे सार्वजनिक स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए तभी हमारा यह शहर का धरोहर सुरक्षित और सुव्यवस्थित रहेगा।

### तरहसी में भाजपा की बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक

## बूथ को जीतना ही पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का सबसे कारगर तरीका : ज्योतिरीश्वर



बैठक में प्रभारी ज्योतिरीश्वर सिंह, पार्टी के नेता और कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने कहा कि बूथ को जीतना ही पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का सबसे कारगर और प्रभावी तरीका है। पार्टी की मजबूती और चुनाव में विजय दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो मंत्र दिया है, उसे अपने कार्यों मे उतारते हुये अभी से बूथ विजय अभियान में सक्रियता से जुट जाने की जरूरत है, ताकि लक्ष्य की प्राप्ति हो और फिर से एक बार केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बने।

मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सिंह ने सोमवार को पलामू के तरहसी मंडल में बूथ सशक्तिकरण की बैठक में प्रभारी के रूप में भाग लिया। बैठक में उन्होने कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा किला मतदान बूथ है। हमें मतदान-बूथ स्तर पर जीतना होगा। यह हरेक कार्यकता के लिए परीक्षा का विषय है और इस परीक्षा हम सभी अच्छे तरीके से उर्तीण हो इसके लिए अभी से ही सक्रियता के साथ जुट जाने की जरुरत है। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद ने की।

बैठक के प्रारंभ में मंडल अध्यक्ष ने बैठक के औचित्य पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## नीति आयोग ने आकांक्षी योजना के तहत हरिहरगंज प्रखंड का किया चयन

### सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य विभाग का किया औचक निरीक्षण



**हरिहरगंज पलामू।** केंद्रीय नीति आयोग ने आकांक्षी योजना के तहत हरिहरगंज प्रखंड को चयनित किया है। इस योजना के तहत हरिहरगंज प्रखंड का कायाकल्प होने की उम्मीद जग चुकी है। इसके तहत सिविल सर्जन डा अनिल कुमार सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को कहा कि तीन अक्तूबर को आकांक्षी योजना के तहत प्रखंड के सभी पंचायतस्तर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन करना है इसके लिए सभी आवश्यक सामग्री दवा एवं चिकित्सक, चिकित्साकर्मियों की उपस्थिति हर हाल में पंचायत स्तर पर होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य मेला की सफलता शत प्रतिशत होनी चाहिए। ताकि लोग स्वास्थ्य मेला का लाभ ले सकें। हरिहरगंज प्रखंड में कुल 17 पंचायत है इसमें एमबीबीएस डॉक्टर तीन, आयुष चिकित्सक छह, एएनएम 36 व साहिया 120 हैं। इसकी जानकारी देते हुए सिविल सर्जन ने प्रभारी को कहा कि यदि और हैंडस की जरूरत है तो जिला से दिया जायेगा। इस मौके पर प्रभारी राजेश कुमार कुशवाहा, डॉ गोपाल, डीपीएम दीपक कुमार, सीएचओ अनुपमा समेत अन्य शामिल थे।

## पांकी विधायक ने खाप सरौना गांव में सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने सोमवार को पांकी प्रखंड के तेतराई पंचायत के खाप सरौना गांव में जिला योजना अनाबद्ध निधि से भेड़ियाही आहर पुल से सुकन मोची के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यस नारियल तोड़कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा के हर गांव कस्बे में विकास की किया जा रहा है। आगामी दिनों में भी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में कालीकरण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। क्षेत्र के सभी कस्बों व टोले को पक्की सड़क से जोड़ा जायेगा। विधानसभा का चहूमुखी विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, सुनील गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य श्याम नंदन ओझा, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, प्रसिद्ध सिंह, साधू मांझी, वशिष्ठ सिंह, कमेश यादव, उप मुखिया इकबाल अहमद, चिंटू सिंह, श्रीकांत सिंह, निर्मल मेहता, दिलीप मेहता समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पांडू : बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति खंडित करने वाले दोषियों पर कारवाई हो : क्षत्रिय जागृति मंच



**पांडू पलामू।** क्षत्रिय जागृति मंच पांडू इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह (सिंटू सिंह) ने की। बैठक में उपस्थित अभिभावकों, अतिथियों, युवाओं से हुई चर्चा के बाद कई निर्णय लिये गये। बैठक में उपस्थित क्षत्रिय जागृति मंच के अभिभावकों ने मंच के सशक्तिकरण पर जोर दिया। प्रखंड के ढाचाबार में बाबा साहेब अंबेडकर जी के मूर्ति के साथ हुए छेड़छाड़ की निंदा की गई। पुलिस प्रशासन से अपील की गई की घटना की निष्पक्षता से जांच की जाए और दोषी पर कारवाई हो। बैठक में कहा गया कि बाबा साहेब के मूर्ति के साथ छेड़छाड़ के आरोपी बनाए गए ढाचाबार निवासी सोनू सिंह जी प्रथम दृष्टया साक्ष्य के आधार पर निर्दोष हैं। उन्हें व्यक्तिगत राजनीतिक साजिश के तहत फंसाने की क्षत्रिय जागृति मंच ने निंदा की है। इस विषम परिस्थिति में क्षत्रिय समाज पूरी मजबूती से सोनू सिंह के साथ खड़ा है। मंच का शिष्टमंडल जल्द हीं इस मामले की निष्पक्षता से जांच के लिए प्रशासन के आलाधिकारियों से मिलेगा। बैठक में भाई गोविंद सिंह, मनोज सिंह, उपेंद्र सिंह, प्रद्युम्न कुमार सिंह, विजय सिंह, ब्रजभूषण सिंह, सुनेश्वर सिंह, श्याम सुंदर सिंह, अरविंद सिंह, मुन्ना सिंह, सुशील सिंह, सुदर्शन सिंह, सुनील सिंह, प्रमोद सिंह, भरत सिंह, राजकुमार सिंह, महेंद्र सिंह, सोनू सिंह, विकास सिंह, पंकज सिंह, कपिल सिंह, बिमलेश सिंह, अजय सिंह सहित मझिआंव, मुरमा, मलवारिया, सिड़हा के क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित थे।

### करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत मायापुर गांव में बिजली के नंगे तार की चपेट में आने से कुलदीप साव (66) की मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह आठ बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार मायापुर गांव निवासी कुलदीप साव अपने घर से निकलकर खेत की ओर गए थे। इसी दौरान उन्होंने बांस के एक खंभे को गिरा हुआ देखा। बांस के खंभे के सहारे ही बिजली का नंगा तार खींचा हुआ था। जिसमें विद्युत प्रवाहित हो रही थी। कुलदीप साव बांस के गिरे हुए खंभे को सीधा खड़ा करने का प्रयास करने लगे। इसी बीच वह बिजली करंट तार की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी रेहला पुलिस को दी। रेहला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम हेतु मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया।

## पर्यावरणविद ने जन्मदिन पर किया पौधारोपण

कटते वनों को बचाने के उद्देश्य से ही आठ मूल मंत्रों को अपनाने के लिए 1977 में चलाया था पर्यावरण धर्म : कौशल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड स्थित केपीजे कॉम्प्लेक्स के पीछे पर्यावरण भवन परिसर में अपने जन्मदिन पर पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपने परिजनों के साथ पौधरोपण करते हुए जन्मदिन मनाया। पर्यावरणविद ने अपने जन्मदिन पर जेएन कॉलेज एवं आवासीय परिसर में हाईग्रीन छायादार 70 पौधे और अपने बेडरूम में सिंगापुर के फिडल लिफ का पौधा लगाकर लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ 8 मूल मंत्र की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि वे पृथ्वी, प्रकृति व मानव जीवन को बचाने के उद्देश्य से ही इस धर्म को अभियान के रूप में चलाकर लोगों को पर्यावरण धर्म की पाठ पढ़ाते हुए आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाते आ रहे हैं। पर्यावरणविद ने बताया कि उनके जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए उनकी पोतियां आराध्या, अशिविका, आद्रिका व अनुष्का ने स्वयं पेपर कटिंग कर कई डिजाइन बनाकर बेडरूम को आकर्षक ढंग से सजाकर केक काटकर जन्मदिन मनाया। उनकी सभी पोतियों ने पेंटिंग के माध्यम से उनके जीवनी से जुड़ी कई यादगार क्षण को उकेर कर जन्मदिन को और प्रभावी व यादगार बना दिया।

## गांधी स्मृति टाउन हॉल 26 जनवरी के पूर्व होगा सुसज्जित, बदलेगी सूरत



टाउन हॉल का निरीक्षण करते डीसी।

**मेदिनीनगर।** पलामू के गांधी स्मृति टाउन हॉल की सूरत अब बदलने वाली है। टाउन हॉल के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। 26 जनवरी 2024 तक पलामू वासियों को एक सुसज्जित गांधी स्मृति टाउन हॉल मिलेगा। यह बातें पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद गांधी स्मृति टाउन हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने टाउन हॉल के बाहरी एवं हॉल के अंदर की व्यवस्थाओं को देखा और जीर्णोद्धार की बातें कही। टाउन हॉल का फॉल्स सिलिंग, रंग रोगन के साथ-साथ हरेक आवश्यक कार्य किये जाएंगे, जिससे टाउन हॉल बदलता स्वरूप में दिखेगा। उन्होंने कहा कि टाउन हॉल का ध्वनि व्यवस्था भी शीघ्र ही ठीक कराया जायेगा।

### एनसीपी नेताओं ने बापू को दी श्रद्धांजलि



**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत हुसैनाबाद स्थित महात्मा गांधी चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर एनसीपी नेताओं व कार्यकताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । इस मौके पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रकाश लाल अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शो पर चल कर ही स्वास्थ्य लोकतंत्र की कल्पना की जा सकती है। सभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया व उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, विधायक प्रतिनिधि नगर पवन लाल,चंदन सिंह, रविन्द्र कांस्यकार, सुहैल आलम, जिसान हसन, रतन लाल, अखिलेश सिंह, शंभू कनस्यकार, इम्तियाज आलम, टिंकू अग्रवाल व पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

## कंडा गांधी आश्रम में मना गांधी जयंती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नावाबाजार पलामू।** प्रखण्ड क्षेत्र के कंडा में स्थित गांधी आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती धुमधाम से मनाया गया। जयंती समारोह का आयोजन गांधी आश्रम समिति द्वारा किया गया था। भाजपा के वरीय नेता शंकर यादव ने कहा कि महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज का जो सपना देखा था उसे पुरा करने में पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि अफसोस की बात है कि पलामू प्रमंडल का एक मात्र गांधी आश्रम का अभी तक अपेक्षित विकास नहीं होना इस बात को साबित करता है कि शासन प्रशासन में बैठे लोगों महापुरुषों को सम्मान देने के प्रति संवेदनशील नहीं है। मुखिया नरेन्द्र सिंह ने कहा कि महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर बेहतर समाज की स्थापना की जा सकती है। समारोह में महात्मा गांधी का प्यारा भजन 'रघुपति राघव राजाराम...' प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष युगेश्वर साहू,गिरिजा शंकर चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी, रविन्द्र पासवान, दीपक विश्वकर्मा, रेखा चंद्रवंशी, अशोक चौहान सहित कई लोग मौजूद थे।

### गांधी विचार मंच ने गांधी और शास्त्री की मनाई जयंती



**बिश्रामपुर (पलामू)।** गांधी विचार मंच की बैठक सोमवार को विश्रामपुर डाक बंगला परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय व संचालन उपाध्यक्ष कन्हाई मेहता ने किया। बैठक में कई प्रस्ताव पारित किया गया जिसमे विश्रामपुर को अनुमंडल का दर्जा देने और चार सिंचाई परियोजना के निर्माण का मांग शामिल है। मौके पर रविंद्र नाथ उपाध्याय ने कहा कि विश्रामपुर जिला बनने का सारा आहर्ता पूरा करता है लेकिन लंबे संघर्ष के बाद भी विश्रामपुर को अनुमंडल का भी दर्जा नहीं मिल पाया। बैठक से पहले नप मुख्यालय स्थित गांधी प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाते हुए राष्ट्रपिता को नमन किया गया। इसके अलावा लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, धनंजय पांडेय, बिहारी लाल गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, रविंद्र नाथ, राजमणि, प्रो गोविंद, विश्वजीत बक्सराय, रमेश चौबे, राम लखन पाल, विफन मेहता, महेंद्र चंद्रवंशी, किरण देवी, सोना, नागवंती, रामचंद्र, रामसेवक, महेंद्र चंद्रवंशी, प्रभु प्रजापति, हरे कृष्णा सिंह, राम किशन, विनोद, राम अवतार, संजय यादव, ललन पटेल, संजय, विजय, राजेंद्र साहू, सरजू चौहान, प्रभु नाथ, नंदू शाह, संतोष, राजकिशोर चौहान सहित कई लोग मौजूद थे।

## बोहिता मुखिया ने सेहरा में किया स्वच्छता अभियान आयोजित

स्वस्थ जीवन के लिए सफाई जरूरी : कलावती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा प्रखंड के बोहिता पंचायत की मुखिया कलावती देवी के नेतृत्व में सेहरा गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं प्रथम वर्गीय पशु अस्पताल में चिकित्सक तौफीक अहमद ने अपने सहकर्मी नंदू प्रसाद के साथ इस अभियान का हिस्सा बने। कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली सतबरवा में निकाली गई। वहीं वार्डन सुषमा कुमारी के साथ अनुराधा कुमारी, श्वेता कुमारी समेत शिक्षिकाएं व छात्राओं ने विद्यालय कैंपस की साफ सफाई की।बोहिता मुखिया कलावती देवी ने बताया कि सेहरा गांव में नाली तथा सड़कों पर जमा कीचड़ की सफाई की गई। जगह-जगह पर जमे हुए कूड़े कचरे के अंबार को हटाया गया। इस सफाई अभियान में गांव के लोगों का सहयोग भरपूर मिला। स्वस्थ जीवन जीने के लिए सफाई जरूरी है। गंदगी के कारण ही बीमारी फैलती है। एसएचजी से जुड़ी महिलाओं ने बताया कि बोहिता मुखिया सामाजिक कार्यों में हमेशा हिस्सा लेती रहती है। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता लाल बिहारी प्रसाद,ललन साहू समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। वहीं मुखिया संतोष उरांव के नेतृत्व में पंचायत सचिवालय बकोरिया में सफाई अभियान चलाया गया। वहीं मुखिया रिंकी यादव के नेतृत्व में पंचायत सचिवालय धावाडीह में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

स्पीड न्यूज

## कतरास : लगातार बारिश से बीसीसीएल का आवास ढहा

**कतरास।** धनबाद जिले में लगातर बारिश होने के कारण कई घटना घट चुकी है , जहां ताजा मामला कतरास स्थित आकाश किनारी कैलूडीह में बीते कई दिनो से लागातार हो रही बारिश के कारण बीसीसीएल की कई जर्जर आवास रविवार की देर संध्या अचानक से जोर आवाज के साथ छतिग्रस्त हो गाय। जिससे इन घरों में रह रहे परिवार बेघर हो गए, हालाकि परिवार के किसी भी सदस्य को कोइ हानि नहीं पहुंची, लेकिन जीवन यापन करने का सभी साधन सहित हजारों की सम्पत्ति छत के नीचे आ गई , घटना की जानकारी मिलते ही कोलियरी के मैनेजर घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया जिसके बाद घटना से प्रभावित परिवारों को दूसरी जगह शिफ्ट करने का आश्वासन दिया है।

## शौर्य जागरण रथ यात्रा को लेकर बजरंग दल की बैठक

**केंदुआ।** सोमवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल केन्दुआ प्रखण्ड द्वारा शौर्य जागरण यात्रा को लेकर करकेन्द रानी सती मंदिर मे बैठक की गई। बैठक का अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष विद्यानन्द मिश्रा ने किया। शौर्य जागरण यात्रा में आ रही रथ की दिशा एवं सड़क मार्ग तय हुई तथा 6 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे केन्दुआ पुल पर होने वाली विशाल आरती और पद यात्रा के लिए रूप रेखा तय किया गया और प्रखंण्ड मे जा के प्रचार प्रसार किया गया। इसमें धनबाद महानगर सत्संग प्रमुख सुमित माली और धनबाद महागनर विध्यार्थी प्रमुख गणेश पसवान जी प्रखण्ड सहा मंत्री पूषकार गुप्ता ,प्रखण्ड संयोजक तुषार ,प्रखण्ड गौ रक्षा प्रमुख आयूष ,सत्संग प्रमुख शुमन सौरव ,सहा सत्संग प्रमुख अजय पसवान ,मिलन प्रमुख संचय गुप्ता,सूरज पसवान मौजूद रहे।

## झरिया : स्लम एरिया में चित्रांकन प्रतियोगिता

**झरिया।** समर्पण जीवन आश्रय संस्था के द्वारा स्लम एरिया बस्ती में बेस्ट राइटिंग एवं चित्रकला प्रतियोगिता का किया आयोजन ।समर्पण जीवन आश्रय संस्था झरिया के द्वारा साप्ताहिक पाठशाला का आयोजन किया गया इस दौरान बच्चों के बीच बेस्ट राइटिंग एवं चित्रकला की परीक्षा ली गई जिसमें प्रथम कक्षा से सातवीं कक्षा तक के बच्चो ने भाग लिया सभी उत्तीर्ण बच्चों को संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चों को संस्था के द्वारा सहायता दी जाएगी। मौके में समर सिंह, सौरभ जयसवाल, आर्यन सैनी, अकाश कुमार, राहुल कुमार मौजूद थे।

## करगली फुटबॉल मैदान में चला स्वच्छता अभियान

**बेरमो।** सीआईएसएफ बल सदस्यों द्वारा स्वच्छता ही सेवा के तहत एक एक घंटा कार्यक्रम में 23अक्टूबर को करगली फुटबॉल ग्राउंड में सुबह 10 बजे से 11 बजे तक स्वच्छता अभियान सीनियर कमांडेंट के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमे सीआईएसएफ के वरिष्ठ कमांडेंट श्री शशि रंजन सर द्वारा सभी को स्वच्छता के बारे में बताया गया। मौके पर डिप्टी कमांडेंट श्री राजेश कुमार आर्य, निरीक्षक उमेश चौरसिया, एके सिंह, सुनील कुमार, आरती कुमारी, ज्योति कुमार, सहायक उपनिरीक्षक एम के सिंह, धनंजय कुमार, अमन झा, रवि कुमार सहित 100 से अधिक बल सदस्य एवम स्कूल के बच्चों सहित अन्य लोगों ने भी भाग लिया।

## बापू और शास्त्रीजी की जयंती मनाई गई

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के विभिन्न जगहों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर महापुरूषों को याद किया गया। नगर परिषद कार्यालय चिरकुंडा व चिरकुंडा नगर कांग्रेस कार्यालय तथा राष्ट्रीय कोयलारी मजदूर संघ के कार्यालय में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर लोगो ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किये गये महात्मा गांधी और शास्त्रीजी

### उपायुक्त ने दी राष्ट्रपिता और शास्त्रीजी को श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की 119 वीं जयंती के अवसर पर उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने सिटी सेंटर पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने गांधी सेवा सदन में राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की। गांधी सेवा से सभी पदाधिकारी खादी ग्रामोद्योग संघ पहुंचे। यहां भी राष्ट्रपिता तथा पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि दी गई।



### महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलें : डीसी

उपायुक्त ने कहा कि दोनों महापुरुषों का देश के स्वतंत्रता संग्राम में अभूतपूर्व योगदान रहा है, और सभी जिले वासियों की तरफ से हम सभी लोग, दोनों महापुरुषों के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। उम्मीद करते हैं इन दोनों महापुरुषों ने जो हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया है उन पर हम अमल करें और उनके दिए हुए मूल्यों का अनुसरण और पालन करें, और समाज को विकास के पथ पर आगे ले चलें।

### कसमार में मनी बापू और शास्त्री की जयंती

**बोकारो/कसमार।** महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर कसमार प्रखंड के विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के गणमान्य लोगों ने कहा कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी ने तमाम उम्र सिर्फ देश के विकास के बारे में सोचा। लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि उनके ही कुशल नेतृत्व में भारत ने 1965 के युद्ध में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। मौके पर सोनपुरा दांतु पोंडा कसमा गर्मी मंजूरा मधुकरपुर बरई कला दुगार्पुर बगदा खैराचातर सिंहपुर हिसीम एवं मुरहुलसुदी पंचायत सचिवालय में मुखिया आदि मौजूद थे।

## बापू के वेश में दिखे रमेश सिंह, दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** देश की आजादी और स्वच्छ भारत की परिकल्पना सँजोने वाले दो महान विभूतियों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिला संयोजक कार्यालय सिंदरी में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। गाँधीजी के 154 वें जयंती पर गाँधीजी का वेश धारण कर रमेश सिंह ने बापू को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिला संयोजक दिनेश सिंह ने कहा कि दोनों महान विभूतियों ने देश के लिए अपने जीवन का सर्वस्व न्योछावर कर दिया। दोनों ने देश की आजादी में अहिंसा का मार्ग अपनाया था। उनके पदचिन्हों पर चलकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी देश को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। उनके दिशा निर्देश पर स्वच्छ भारत अभियान घर घर में दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर लोगों को मिठाईयाँ वितरित की गई।

कार्यक्रम में दिनेश सिंह, रमेश सिंह, अरुण सिंह, ब्रिजेश सिंह, सुभाष सिंह, कुंदन सिन्हा, सुनील सिंह, जगदीश सिंह, सुनील प्रसाद, कामेश्वर सिंह, रवि कुमार, आदर्श कुमार, योगेंद्र प्रसाद, बासुकी नाथ, पूरन प्रसाद सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बापू और शास्त्रीजी की जयंती पर विचार गोष्ठी

**सिंदरी ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 154 वीं जयंती तथा देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के 119 वीं जयंती पर राष्ट्रीय जनता दल के सिंदरी स्थित कार्यालय में सोमवार को दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कर रहे राजद जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने कहा कि हर बच्चों के दिलों में दोनों महापुरुष आज भी जीवंत हैं। दोनों महापुरुषों की जयंती पर लोगों के बीच मिठाई बांटी गई। उन्होंने कहा कि गाँधीजी की सोच महान थी। देश की आजादी और आगे बढ़ाने के लिए दोनों महापुरुषों ने अपने जीवन न्योछावर कर दिया। आज गाँधीजी के सपनों को साकार करने के लिए गरीबों और देश के विकास की जरूरत है। लाल बहादुर शास्त्री जी को पूरे देश की चिंता थी।

## वायु प्रदूषण के खिलाफ गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन धारण

### बारिश में भी चिल्ड्रेन पार्क में जुटे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** ग्रीन लाइफ झरिया एवं युथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण व धुल कण की विष वर्षा के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को तेज बारिश - तूफान के बीच चिल्ड्रेन पार्क में महात्मा गाँधी प्रतिमा के समक्ष मौन धरना दिया । धरना के दौरान लगातार तेज वर्षा होता रहा फिर भी लोग स्थान से नही हटे । इस दौरान धनबाद के पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे भी धरना पर बैठे लोगों से मिल कर हौसला बढ़ाया। पूर्व सांसद ददई दुबे ने कहा कि झरिया में वायु प्रदूषण चरम पर है जो कि जीवन में मुख्य समस्या बन गया है । बेलगाम प्रदूषण पर रोक लगनी चाहिए । उन्होंने कहा कि झरिया के प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में हमेशा आपके साथ रहूँगा। अखलाक अहमद ने कहा कि यदि झरिया के लोग अपने बच्चे व परिवार से प्यार करते हैं तो प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में साथ आयें । नेता अधिकारी सब मिलकर झरिया में प्रदूषण को बढावा दे रहे हैं । अनिल जैन ने कहा कि इस धरती पर सबको जीने का अधिकार है ।यदि स्वच्छ हवा नही मिलेगा तो जीव जन्तु के साथ पेड़ पौधे भी समाप्त हो जायेंगे । अब जिंदगी बचाने की लड़ाई लड़ी जा रही है। मौन-धरना में डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद, अनिल जैन, अश्फाक हुसैन, सूरज कुमार महतो, अंसार अली खान, मो इकबाल, सत्यनारायण भोजगड़िया आदि मुख्य रुप से बैठे रहे ।

## महाधरना : सहायिका-सेविका दिल्ली रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बाघमारा प्रखंड से आंगनबाड़ी प्रतिनिधि पार्वती के नेतृत्व में शामिल होने के लिए 2 अक्टूबर को सेविका / सहायिका रवाना हुई। अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आह्वान पर मानदेय में केंद्रांश की बढ़ोतरी और समय पर भुगतान की मांग को लेकर आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका चार अक्तूबर को दिल्ली में महाधरना देगी। इसकी जानकारी झारखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक अशोक सिंह नयन ने बताया कि सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 65 वर्ष करने, ग्रेच्युटी की स्वीकृति, सेवानिवृत्ति के बाद पूर्ण पेंशन, सेविका-सहायिका को मानदेय के स्थान पर वेतनमान की स्वीकृति देने की मांग को लेकर यह महाधरना दिया जायेगा। वही श्री नयन ने बताया कि अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूरे देश से सेविका-सहायिका उक्त तिथि को दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंच धरना को सफल करेंगी और केंद्र सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति के विरोध में अपना आक्रोश जतायेंगी। महा धरना में दिल्ली जाने वालों में मुख्य रूप से पार्वती देवी कुंती दिव्या तेजनी देवी संजू देवी पूनम देवी जितेंद्र पासवान लौली देवी हरिपद महतो, अतुल चंद्र महतो शामिल है।



### डीपीएस बोकारो में स्वच्छता सप्ताह का समापन

**बोकारो।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में डीपीएस बोकारो में स्वच्छता सप्ताह मनाया गया। सप्ताह भर चले इस अभियान में शिक्षकों के साथ.साथ नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यालय में छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने विद्यालय परिसर और आसपास सघन साफ सफाई की। बच्चों ने अपने क्लासरूम और आसपास का इलाका भी साफ किया। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने भी शिक्षकों और बच्चों के साथ झाड़ू थाम सभी को स्वच्छता के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय में स्वच्छ भारत विषय.वस्तु पर बच्चों के लिए चित्रांकन निबंध प्रतियोगिता नारा व कविता लेखन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

## एक नजर में

### दुर्गा सोरेन सेना ने मनाई गांधी जयंती




**तेतुलमारी।** सोमवार को दुर्गा सोरेन सेना युवा मोर्चा प्रधान कार्यालय धनबाद तेतुलमारी मे महात्मा गांधी जी की जयंती मनाई गई । जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित रहे दुर्गा सोरेन सेना युवा मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि ने कहा की महात्मा गांधी जी के विचारों के साथ हमें चलने की जरूरत है और उनके दिखाए गए रास्ते मे चलना हम युवाओ को होगा ।जिसमे धनबाद जिला युवा मोर्चा महासचिव सुनील पासी, लालटू पाल,राहुल नोनिया, राजा राम यादव,सूरज यादव, गोलू सिंह, प्रकाश वर्मा, विक्की रॉय, राजू महतो, अभय जेसवाल, राज पटवाल, नीरज सिंह, अफरीदी खान सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बोकारो : वेदांता ईएसएल ने स्वच्छता के प्रति जतायी प्रतिबद्धता



बोकारो। वेदांता ईएसएल सीएसआर टीम ने स्वच्छ भारत मिशन के लिए स्वच्छता अभियान का आयोजन करते हुए कई सीएसआर केंद्रों के बीच एक स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कड़ी प्रतिस्पर्धा के पश्चात वेदांता स्किल स्कूल ने इस प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया उसके बाद आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र दूसरे स्थान पर और मांझी टोला तीसरे स्थान पर रहा। स्वयंसेवकों लाभार्थियों ग्रामीणों और शिक्षकों सहित 150 से अधिक व्यक्तियों ने स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ी एक विस्तृत श्रृंखला की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इन गतिविधियों में वृक्षारोपण अभियान पोस्टर डिजाइनिंग स्थानों की गहन सफाई प्रभावशाली नारे और स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देना शामिल था। यह कार्यक्रम एसएमजे 2 हाई स्कूल बिजुलिया मांझी टोला एक्सेल 30 सेंटर बिजुलिया ईएसएल स्किल स्कूल धनडाबर प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र आदि जगहों पर आयोजित किये गये। सीएसआर उप प्रमुख राकेश मिश्रा ने कहा कि हमारे विभिन्न सीएसआर स्थानों पर स्वच्छता अभियान ने हमारे प्रतिभागियों में निहित अविश्वसनीय प्रयासों और मूल्यों को प्रदर्शित किया।

### ईएसएल ने गांधी व शास्त्री जयंती पर जीरो हंगर के लिए की पदयात्रा



**बोकारो।** गांधी जयंती और शास्त्री जयंती के शुभ अवसर पर ईएसएल ने एक यादगार वॉकथॉन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें ईएसएल परिवार के 250 से अधिक उत्साही प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य शांति और सामुदायिक एकता के मूल्यों को बढ़ावा दिया। मौके पर सीओओ रवीश शर्मा ने कहा कि जीरो हंगर हमारे सामाजिक दृष्टिकोण का प्रतीक है जहां प्रत्येक व्यक्ति को पुष्टिकर आहार का दान करने का सौभाग्य मिलता है। हम मिलकर इस दृष्टिकोण को इसे वास्तविकता में बदल सकते हैं महात्मा गांधी की शाश्वत विरोधक और अटल संकल्प की अद्भुत संभावना का साक्षर है। साथ ही लाल बहादुर शास्त्री के कार्य एक दुखद स्मृति का कार्य करते हैं जो उनकी प्रतिबद्धता ईमानदारी और अटल समर्पण का एक गहरा संकेत देते हैं। सीएफसी आनंद दुबे ने कहा कि एक नेता ने हमें आजादी दिलाई और दूसरे ने हमें बताया कि उस स्वतंत्रता के साथ कैसे काम किया जाए। कार्यक्रम में खिरोद कुमार बारीक वेंकटेशन राजामनिकम विजय सिंधु अनृत्त मुखर्जी उपस्थित रहे। साथ ही आशीष रंजन संजय सिन्हा अनल कुमार और सुनील श्रीवास्तव इस नेक काम के लिए आगे आए।

### बेरमो : सीसीएल गोविंदपुर परियोजना में ओबी धंसा, सुरक्षा गार्ड लापता

**बेरमो।** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर फेस 2 परियोजना के नीचे क्वारी में एक अक्टूबर की दोपहर लगभग ढाई बजे ओवर वर्डेन धंसने के कारण एक थ्री हंड्रेड इलेक्ट्रिक शेवेल मशीन मलवे में दब गयाए जबकि इसी हादसे में एक सुरक्षा गार्ड सुबोध कुमार लापता बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता, पीओ अनिल कुमार तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी गोविंदपुर परियोजना पहुंचे और घटना का जायजा लेते नजर आये। ज्ञात हो कि पिछले दो दिनों से क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण खदान में पानी भर गया हैए वहीं कई मशीन भी डूब गए हैं। 01 अक्टूबर को करीब ढाई बजे बारिश के दौरान गोविंदपुर के नीचे क्वारी का ओवर वर्डेन धंस गयाए जिसमें एक मशीन दब गया है, जबकि एक सुरक्षा गार्ड सुबोध कुमार लापता हो गया हैण उसकी खोज की जा रही हैए मगर समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

## श्रमदान कर अधिकारियों-कर्मियों ने ली शपथ

### स्वच्छता ही सेवा

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो जिले में उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निर्देश पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक साथ एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम चलाया गया जिसमें जिला मुख्यालय समेत विभिन्न प्रखंडों में विभागों के वरीय पदाधिकारी बीडीओध्सीओ के नेतृत्व में कर्मियों व आमजनों ने श्रमदान किया और स्वच्छता की शपथ ली। जिला मुख्यालय में डीएसडब्लयूओ मेनका के नेतृत्व में सखी वन स्टाप सेंटरध्वहवाई अड्डा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती के नेतृत्व में सूचना भवन जिला जनसंपर्क कार्यालय परिसर चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में सदर अस्पताल परिसर आदि में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों में भी शिक्षक एवं छात्रों द्वारा भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही सेवा के तहत श्रमदान जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार सीआरपीएफ कमांडेंट 26 वीं बटालियन कमलेंद्र प्रताप सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव सुश्री नीभा रंजन लकड़ा कार्यपालक दंडाधिकारी श्रीमती छबि बाला बारला, मेघनाथ चौधरी आदि ने जवानोंध्निगम कर्मियों शहरवासियों विभिन्न निजी संस्थाओं के सदस्यों के साथ श्रमदान किया।

## निर्माणाधीन समाहरणालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने सोमवार को बरवाअड्डा हवाई अड्डे के सामने निमार्णाधीन समाहरणालय परिसर का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों के लिए निर्मित कमरे, एप्रोच रोड, सभाकक्ष, पार्किंग, निकास एवं प्रवेश मार्ग के निर्माण, फायर फाइटिंग सिस्टम सहित सभी प्रकार के सिविल कार्य के प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने कहा कि 95 प्रतिशत से ज्यादा काम पुरा हो चुका है। जो चीज बची रह गई हैं एक डेढ़ महीने में कर ली जाएंगी । ऑफिसर्स के भी स्पेसिफिक रिक्वायरमेंट जैसे केबिन, सीट एलोकेशन आदि पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जिन कार्यालयों की प्राथमिकता होगीं, उसे तत्काल में शिफ्ट किया जाएगा। कार्य संतोषजनक है, जहां कमियां है ,वहां मोडिफिकेशन जारी है। उन्होंने कहा कि जितने भी कार्यालय, शाखा चलते हैं उनको मैपिंग करने की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि सभी ऑफिसर्स को भी कहा हैं, अपने डिपार्टमेंट एक्सेस कर लें। जो एलॉटेड स्पेस है ऑफिसर्स उनको देख लेंगे और जो कमोबेश चीजें होगीं वह बता देंगे।

## आरोग्य भारती बोकारो जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन

**बोकारो।** आरोग्य भारती बोकारो महानगर की जनवृत्त-1 सी में मुख्य अतिथि आरोग्य भारती झारखंड प्रांत के सह सचिव जय प्रकाश नारायण सिंह के मार्गदर्शन में हुई बैठक में जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। बैठक में विशिष्ट अतिथि डॉ नरेंद्र कुमार राय विभाग बौद्धिक प्रमुख के अलावा कार्यकारिणी के अधिकांश लोग उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से बोकारो जिला कमेटी की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक डॉ नरेंद्र कुमार राय अध्यक्ष डॉ सुबोध कुमार कार्याध्यक्ष डा शैलेन्द्र कुमार उपाध्यक्ष पीयूष कुमार आचार्य सचिव डॉ राम नारायण प्रसाद सह सचिव मुकेश बजरंगी सह सचिव सिंधु चौधरी सह सचिव कालीचरण मुंडा पर्यावरण प्रमुख कृष्णा कालिंदी विशेष आमंत्रित सदस्य अमर कुमार व्यसन मुक्ति आयाम प्रमुख परमेश्वर को बनाया गया है।



### तेनु डैम के और दो रेडियल गेट खोले गये

बेरमो। तेनुघाट कोर्ट। पिछले दो तीन दिन से लगातार बारिश के बाद आज सोमवार 2 अक्टुबर को तेनुघाट डैम के और दो रेडियल गेट को खोला गया । बताते चलें कि पहले से ही दो गेट खोला गया था और आज फिर से दो गेट खोला गया इस तरह तेनुघाट गेट का चार रेडियल गेट खोला गया है। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि दामोदर नदी पर स्थित तेनुघाट जलाशय का पानी लगभग 855 .35 फीट बढ़ने की संभावना है।

## गोमो : भ्रष्टाचार के खिलाफ जदयू ने किया पदयात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोमो।** सोमवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जदयू पार्टी के बैनर तले गांधी जयंती एवं शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। पदयात्रा खरीयो फाटक से प्रारंभ हुआ जो सुकुडीह, आजाद नगर, लोको बाजार होते हुए पुरानी बाजार गोमो पहुंची। जहां दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि आज गांधी और शास्त्री जी की जयंती है। आज के ही दिन अहिंसा के पुजारी, ग्राम सुराज के अग्रदूत महात्मा गांधी और गुदड़ी के लाल, किसानों के मसीहा शास्त्री जी का जन्म हुआ था। दोनों ने देश की आजादी के दौरान अहिंसक तरीके से अंग्रेजों के खिलाफ अहिंसक तरीके से आंदोलन करके देश को अंग्रेजों से मुक्ति दिलवाई। गांधी जी ने स्वतंत्र भारत में ग्राम सुराज का सपना देखे थे। परन्तु देश की आजादी का 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी देश में ग्राम सुराज का सपना साकार नहीं हो सका।




### पदयात्रा में थे शामिल

जदयू तोपचांची प्रखंड महासचिव कमलेश मंडल, मुखिया प्रतिनिधि अजमत अंसारी, शहादत अंसारी,मो अफसर, लालू सिंह, हरजीत सिंह, भागीरथ सिंह,सुजीत ठाकुर, प्रकार नारायण मंडल, मुकेश दास, डब्बू अंसारी,जितन राम मांझी, कृष्ण कांत पांडे, रवि कांत पांडे, सागर चौहान, गणेश चौहान, मुकेश सोनार, घनश्याम ठाकुर, तारा बाबू, सलीम खान,सपन दुबे,सुखदेव दास, महेंद्र मोहली,खितिस महतो,नुनु लाल साव, प्रकाश नारायण यादव,राजू रवानी,पंकज सिंह, प्रिंस कुमार, सुभाष सिंह, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# समावेशी विकास

मुख्य आर्थिक सलाहकार केवी सुब्रह्मण्यन ने भारत में सुधार की प्रक्रिया और देश के संकट को अवसर में बदलने की क्षमता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह दशक भारत की समावेशी वृद्धि का दशक होगा तथा इस दौरान मजबूत आर्थिक बुनियाद के दम पर यह सालाना 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करेगा। उन्होंने भारत की आर्थिक क्षमता पर भरोसा जताते हुए अमेरिकी कॉरपोरेट क्षेत्र से कहा कि 'अर्थव्यवस्था की बुनियाद महामारी से पहले भी मजबूत थी। केवल वित्तीय समस्याएं थीं।' यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) द्वारा आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम में कहा, 'मेरी यह बात याद रखें, यह दशक भारत की समावेशी वृद्धि का दशक होगा। वित्त वर्ष 2022-23 में, हम उम्मीद करते हैं कि वृद्धि 6.5 से सात प्रतिशत के बीच होगी और फिर इन सुधारों का असर दिखने के साथ यह और तेज हो जाएगी।' उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इस दशक में भारत की वृद्धि दर औसतन सात प्रतिशत से ज्यादा होगी।' चालू वित्त वर्ष के दौरान वृद्धि दो अंकों में होगी और यह अगले वित्त वर्ष में कम होकर 6.5-7 प्रतिशत हो सकती है। इस साल जनवरी में जारी आर्थिक सर्वेक्षण 2020-21 में मार्च 2022 में समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के दौरान 11 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया गया था। सरकार द्वारा किए गए श्रम और कृषि कानून संबंधी सुधारों सहित विभिन्न संरचनात्मक सुधारों से वृद्धि में मदद मिलेगी। लंबे समय के दृष्टिकोण से, भारत अकेला ऐसा देश है जिसने पिछले 18 से 20 महीनों में इतने सारे संरचनात्मक सुधार किए हैं। भारत वास्तव में अपनी आर्थिक सोच के लिहाज से दुनिया के बाकी हिस्सों से अलग रहा है, और यह न केवल किए गए सुधारों के मामले में, बल्कि संकट को एक अवसर में बदलने के लिहाज से भी है।'

# जातिगत रार

बिहार में जातिगत जनगणना रिपोर्ट दो अक्टूबर को जारी कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव सामाजिक न्याय का दावा कर रहे हैं जबकि मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रिपोर्ट कार्ड में खामियां बताकर हमलावर हो गई है। निश्चित तौर पर जातिगत स्थिति से बिहार में राजनीतिक लाभ उठाया गया है। बिहार और यूपी इसके प्रयोगशाला रहे हैं। इस जातिगत जनगणना से जातिगत वैमनस्य के विस्तार की आंशका से इंकार नहीं किया जा सकता है। बिहार भाजपा प्रमुख सम्राट चौधरी ने कहा है कि जारी किए गए जाति सर्वेक्षण के लिए इस्तेमाल किए गए तंत्र पर भी भाजपा गौर करेगी। उन्होंने कहा कि जब जाति सर्वेक्षण किया था, तब सर्वेक्षण में समुदायों की वृद्धि और गिरावट के वित्तीय और सामाजिक डेटा को भी शामिल किया जाना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं दिख रहा है।

भाजपा सांसद निशिकांत दूबे ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में जातिगत जनगणना करा कर पिछड़े समाज के साथ अन्याय किया। आंकड़ों के अनुसार 18 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है और मुस्लिम धर्म जाति को नहीं मानता, 22 प्रतिशत अनुसूचित जाति व जनजाति की आबादी है, तकरीबन 16 प्रतिशत सवर्ण जातियों की आबादी है, इस हिसाब से केवल 45 प्रतिशत पिछड़े वर्ग की आबादी है। मुसलमानों को पिछड़े वर्ग में शामिल कर मुस्लिम धर्म के सिद्धांतों की बलि दी जा रही है। जाति की बात को लेकर हर राजनैतिक दल कुछ न कुछ प्रयोग करते रहते हैं। इस दिशा में बिहार में यह लंबे समय से फल फूल रहा है जबकि बिहार विकास की उल्टी दिशा में चल रहाहै। चार करोड़ बिहारियों के पलायन, उद्योग का अभाव, शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति पर चिंता के बचाये नीतिश कुमार ने शार्ट कट रास्ता अपना लिया है।

# वैश्विक संस्कृति के अग्रज रहे हैं हम



**वैश्विक** संस्कृति के हम अग्रज है,ऐसे में हमारा उत्तरदाईत्व अधिक है। अभी नवरात्रि का उत्सव चल रहा है इसी नवरात्रि के समापन यानि विजयादशमी को वर्ष 1925 में परम पूज्य डॉ केशव वलिराम हेडगेवार जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना नागपुर में की थी। तीन वर्ष के वाद संघ अपने स्थापना के सौ वर्ष पूरे करने को जा रहा है।हम सब राष्ट्र के लिए कुछ करे ऐसे अपने मन में कुछ स्पंदित हो ऐसा संकल्प अपने हमसब के मन मे चलता रहता है। इसी संकल्प के आलोक में यह कार्यक्रम यहां के स्वयंसेवकों ने रखा था । प्रकृति की परीक्षा संघ के जीवन में कोई नई बात नही है सब प्रकार की चुनौती व संकट का सामना करते हुए, संघ आजतक अपने समाज और राष्ट्र की सेवा करता आया है। उपरोक्त बातें रांची महानगर द्वारा आयोजित महानगर एकत्रीकरण में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसवाले रांची के फुटबाल ग्राउंड मैदान में उपस्थित स्वयंसेवकों व नागरिक बंधु भगिनी को अपने सम्बोधन में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हम ईश्वर से प्रतिदिन अपने प्रार्थना के माध्यम से पांच कृपा का निवेदन करते है।देश का कार्य करने के लिए हम कटिबद्ध है, इसलिए हमें अजेय शक्ति, सच्चा ज्ञान, ध्येय निष्ठा तथा वीरव्रत का आशीर्वाद हमें दे। यह जो समाज संगठन का कार्य है यह कंटको से भरा मार्ग है, इस मार्ग की विभीषिका से हम परिचित हैं फिर भी हमने स्वयं की प्रेरणा से अभिभूत होकर यह कार्य को करने का उत्तरदायित्व हमने अपने कंधों पर लिया है। इस कार्य को करने के लिए हमे किसी भी प्रकार की लोभ, अभिलाषा भी नही है । राष्ट निर्माण के कार्य या राष्ट्र मुक्ति के कार्य मे जिन लोगो ने संकल्प लेकर आगे बढ़ने का कार्य किया है उन महान विभूति ओ के मार्ग में संकट आये है। देश स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे के अमृत काल मे प्रवेश की है। इन बीते 75 वर्ष में अपना समाज अब व्यक्तिगत रूप से और सामूहिक रूप से भी व्यापक चिंतन किया है। स्वतन्त्रता की यह प्राप्ति हमारे दीर्घकालीन संघर्ष और हमारे पूर्वजों के बलिदान का एक विराट स्वरूप है। हमारे युवको ने हंसते हुए फांसी के फंदे को स्वीकार किया, समाज के हर लोगो ने स्वतंत्रता की इस यज्ञ में अपनी आहुति स्वप्रेरणा से दी। उन्होंने मातृभूमि के ऋण को चुकाने के लिए ही ऐसा त्याग व बलिदान को अर्पित किया। ऐसे बातावरण जब देश मे थी तभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। डॉ हेडगेवार जी इस स्वतंत्रता आंदोलन में दो बार देश की मुक्ति के लिए लड़ते हुए जेल की यातना को गले लगाया। उस समय सैकड़ो संघ के स्वयंसेवकों ने भी अपना सर्वस्व समर्पण कर भारत माता की मुक्ति में अपना योगदान दिया। संघ ने 1947 में प्राप्त आजादी के बाद अपना कार्य पूरा हो गया ऐसा नही माना। डॉ हेडगेवारजी हमेशा कहते थे आज नही तो कल इन अंग्रेजों को यहां से जाना ही पड़ेगा, किन्तु उनके जाने के बाद का भारत कैसा होगा ? आखिर हम गुलाम क्यों हुए ?परकीय आक्रांता आखिर हमारे ऊपर अपना दमन चक्र कैसे चला पाया? इसी भारत भाव से विह्वल होकर उन्होने ऐसे अद्वितीय संगठन को गढ़ा। हमे अतीत के प्रति गौरव, वर्तमान की चिंता और भविष्य की आकांक्षाओं को लेकर कार्य को आगे बढ़ाना होगा।इस निमित्त समाज को जागृत रखना होगा। अपना समाज भिन्न भिन्न भेदों के कारण असंगठित हुए। जिसका लाभ अंग्रेजों ने लिया और फुट डालो शासन करों की नीति को यहां लागू किया। इस तरह के उदाहरण कईबार हमे देखने को मिलता है, पानीपत का यद्ध इसका उदाहरण है।जो समाज जाति, भाषा, धर्म, मत सम्प्रदाय में विभक्त हो उस समाज की नियति ऐसी ही होती है। देश और समाज के लिए हम काम करेंगे तो हमे क्या मिलेगा दुनिया मे दूसरे देश के लोग ऐसा नही सोचते? हमारे वीर बलिदानियों ने क्या यही भारत भाव से अभिभूत होकर अपना आत्मोत्सर्ग किया होगा? अपने समाज मे अनेक चुनोतियाँ है,जाति का,भाषा का,मत व सम्प्रदाय का भ्ष्टाचार का, हमारा नागरिक आचरण कैसा हो क्या लाल किला पर तिरंगा फहरा लेना ही आजादी है? इस समाज का जो आत्मतत्व है वह कहां विलीन है? देश एक है, भारत एक है आज से नही,1947 से भी नही बल्कि उसके भी हजारों वर्षो से भी पहले भारत एक था,एक राष्ट्र था। यहां की संस्कृति ने भारत को एक राष्ट्र बनाया है और उस संस्कृति का नाम है हिन्दू संस्कृति। भारत मे विविधता है किंतु इस विविधता में अलगाव नही है। इस धरती पर जन्म लेने वाले लोग, इस हिंदुत्व को बनाये रखने वाले लोग से ही भारत भारत रहेगा। हिन्दू भाव को हम जब जब भूले है यह राष्ट्र घोर विपदा को झेला है। इसी हिंदुत्व को भूलने के कारण हमारे भाई टूटे,हमारा धर्मस्थल टूटा और हमसे हमारा भूभाग टूट। जब हमारी संस्कृति का भाव कहीं भी ऊपर उठता है तो हर हिन्दू का मस्तक गर्व से ऊपर उठता है।आज भारत ऊपर उठ रहा है। आज विश्व के लोग भारत को भारतीयों को भारत की बात को गौर से सुनता है,मानता है, आदर करते सम्मान करते है। आज विश्व की मानवता भारत के ओर आशा भरी नजरों से देखती है। क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपनी शक्ति को मानवता से भरी राह पर मजबूती से चलना प्रारम्भ कर दिया है। कोविड जैसे महामारी के समय विश्व ने हमारे आचरण,हमारे व्यवहार और वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को देख। आर्थिक संकट में फंसे श्रीलंका की हो या वैक्सीन की बात हो भारत ने निस्वार्थ सहयोग कर विश्व को आश्चर्यचकित कर दिया। भारत यदि शक्तिशाली होता है तो दुनिया को मङ्गल करने का, विश्व के किसी कोने में रहनेवाले लोगो के बारे में सोचने, मदद करने एवं संकट से उबारने के लिए हमेशा आगे रहता है।

उन्होंने कहा कि भारत ने कभी किसी देश को गुलाम करने के लिए नही बल्कि सद्भाव के लिये, ज्ञान के लिए,योग के लिए,शिक्षा के लिए ही दूसरे देशों में अपना प्रतिनिधि भेजा है। आज भी भारत के लाखों लोग दुनियां के अनेक देशों में रहते है । वहां भी ये लोग उस देश के नियमानुकूल रहकर उसे देश के विकास में जो योगदान दे रहे वह अद्वितीय है।आंकड़े बताते है विदेशी जेलो में भारत की संस्कृति को आत्मसात कर जीवन जीनेवाले की प्रतिशतता नगण्य है या काफी कम है।



-दत्तात्रेय

> संध ने 1947 में प्राप्त आजादी के बाद अपना कार्य पूरा हो गया ऐसा नही माना। डॉ हेडगेवारजी हमेशा कहते थे आज नही तो कल इन अंग्रेजों को यहां से जाना ही पड़ेगा, किन्तु उनके जाने के बाद का भारत कैसा होगा ? आखिर हम गुलाम क्यों हुए ?परकीय आक्रांता आखिर हमारे ऊपर अपना दमन चक्र कैसे चला पाया? इसी भारत भाव से विह्वल होकर उन्होने ऐसे अद्वितीय संगठन को गढ़ा।

## खास बात

# कृषि आय में उछाल

**ईशिता आयान दत्त**

**हाल** में ही प्रभावी हुए कृषि कानूनों से इस बात पर चर्चा छिड़ गई है कि क्या कृषि उत्पादों की खरीदारी में कंपनियों के सीधे शरीक होने से वाकई किसानों की आय बढ़ेगी। देश की बड़ी कंपनियों की फेहरिस्त में शुमार आईटीसी का दावा है कि उसने यह पहले ही साबित कर दिया है कि कृषि क्षेत्र में कंपनियों के आने से सभी का फायदा है।

आईटीसी ने कहा कि किसानों ने ई-चौपाल की मदद से 50 प्रतिशत तक अधिक आय अर्जित की है। कंपनी ई-चौपाल के माध्यम से कृषि उत्पादों की सीधी खरीदारी करती है। आईटीसी की इस व्यवस्था की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों तरह की सुविधाएं देती हैं। एक ओर जहां किसानों को उत्पादन में बढ़ोतरी और अधिक मूल्यों से लाभ मिला है, वहीं आपूर्ति श्रृंखला में फिजूल खर्च बचने से कृषि उत्पादों की खरीद पर आईटीसी को कम लागत का लाभ मिल रहा है। कंपनी 22 राज्यों के 225 जिलों से 30 लाख टन से अधिक कृषि उत्पाद खरीदती है, जिनमें करीब दो तिहाई हिस्सा इसके ई-चौपाल के माध्यम से आता है। पिछले कई वर्षों से उच्च गुणवत्ता वाले गेहूं, आलू, फल, दूध सहित सब्जियों के उत्पादन के लिए आईटीसी ई-चौपाल के माध्यम से किसानों का साथ दे रही है। कंपनी का दावा है कि इस व्यवस्था से सभी को लाभ मिल रहा है। ई-चौपाल को 20 साल हो गए हैं और यह आईटीसी को लागत 6 से 10 प्रतिशत कम करने में मदद कर रहा है। दूसरी तरफ, किसान भी कारगर तकनीकों एवं पुख्ता उपायों की मदद से उत्पादन 10 से 25 प्रतिशत तक बढ़ाने में सक्षम रहे हैं, जिससे उनकी आय 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है। ये फायदे किसानों को निरंतर मिलते हैं न कि किसी खास समय के लिए होते हैं।कुछ परियोजनाओं से तो किसानों को 50 प्रतिशत से अधिक आय अर्जित करने में मदद मिली है। आईटीसी में कृषि एवं आईटी कारोबार समूह प्रमुख शिवकुमार ने कहा कि 'बारह महीने हरियाली' जैसी योजनाओं ने साबित कर दिया है कि विभिन्न उपायों की मदद से उनमें किसानों की आय दोगुनी करने की क्षमता है।

# परमात्म-सत्ता

## धर्म-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**आत्मचिंतन** जिसे आत्मज्ञान का उपाय माना गया है, अपने प्रति विचार करना ही तो है। विचार-शक्ति के द्वारा ही हम अपने प्रति किसी स्थायी प्रतीति का सृजन कर सकते हैं। विचार ही वह माध्यम हैं जो आत्मा और परमात्मा के बीच संबंध-सूत्र की भूमिका पूरी किया करते हैं। अपने विचारों को विचार द्वारा देखिये और पता लगाइए कि आप किस स्थिति में हैं। आपका जीवनयान ठीक उस पथ पर अग्रसर हो रहा है या नहीं जो परमात्म-तत्व की प्राप्ति के सर्वोच्च लक्ष्य की ओर जाता है। यदि ऐसा है तो निरंतर चलते जाइए।

मनुष्य का सर्वोच्च लक्ष्य परमात्व-तत्व से स्थायी संबंध स्थापित करना है। मनुष्य उस परम प्रवाह की एक अविच्छिन्न तरंग है, यह प्रतीति प्राप्त कर लेना ही आत्मज्ञान माना गया है। इसका एकमात्र उपाय आत्मचिंतन है, जिसे विचार-क्रिया भी कह सकते हैं।

इस प्रकार यदि हम इस विचार का अभ्यास करते हुए लगातार आगे बढ़ते रहें कि -हम स्थूल नहीं सूक्ष्म जीवन हैं, जो अजर और अमर है, जिसका सीधा संबंध उस परमात्म-तत्व से ही रहता है, किंतु अज्ञान का अंधकार उस सत्य का अनुभव नहीं होने देता। इसलिए अब हम उस अंधकार से निकलकर प्रकाश में आ गए हैं। हमारी यह प्रतीति निरंतर बढ़ती जाती है कि हम बिंदु रूप में सिंधु और आत्मा के रूप में परमात्मा ही हैं, तो कोई कारण नहीं कि हम शीघ्र ही अपने सर्वोच्च लक्ष्य को प्राप्त न कर लें।

**बतौर** वित्त मंत्री,पिता जी ने झारखंड की अर्थव्यवस्था के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये और नीतियाँ बनायीं-उनके और वित्त विभाग के टीम वर्क के परिणाम स्वरूप आज झारखंड की वित्त व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं

**– निशा उरांव, डायरेक्टर पंचायती राज**

## आपके ट्वीट

1857 की क्रांति में अभूतपूर्व भूमिका निभाने वाले झारखण्ड की माटी के वीर सपूत, महान क्रांतिकारी अमर वीर शहीद शेख भिखारी जी की जयंती पर शत-शत नमन।

**– हेमंत सोरेन सीएम**





जातिगत जनगणना से पता चला है कि वहां एसटी + एससी + ओबीसी 84% हैं। केंद्र सरकार के 90 सचिवों में सिर्फ.3 ओबीसी हैं, जो भारत का मात्र 5% बजट संभालते हैं! इसलिए, भारत के जातिगत आंकड़े जानना जरूरी है। **–राहुल गांधी**

# जीवन की कई सीख भी देता है अमेरिका

## देशांतर

**डॉ. योगेंद्र नाथ शर्मा**

अमेरिका में अपने लगभग डेढ़ माह के प्रवास में विश्व के सबसे पुराने और समृद्धिशाली इस गणतंत्र में जो देखा है, उसने बेहद प्रभावित किया है। वह मूल्यवान चीज है ह्यआत्मानुशासनह्ण, जो इस राष्ट्र की सर्वाधिक मूल्यवान धरोहर कही जा सकती है। अमेरिका में समृद्धि है, इसीलिए यहां प्रत्येक परिवार में कम से कम एक कार अवश्य है। सड़क पर केवल कार, मोटर-साइकिल,बस और ट्रक ही मिलते हैं। स्कूटर या ट्रैक्टर-ट्रॉली या रिक्शा, ई-रिक्शा, तांगा, बैलगाड़ी और साइकिल जैसे वाहन सड़क पर दिखाई ही नहीं देते।

**हॉर्न बजाने का मतलब ही क्या**

अमेरिका प्रवास के दौरान कहीं भी किसी कार, किसी बस, मोटर साइकिल या ट्रक के हॉर्न की आवाज नहीं सुनाई दी। हाईवे हो या सब-वे हो या फिर छोटी कॉलोनियों को जोड़ने वाली कोई सड़क, कोई भी वाहन-चालक हॉर्न कभी बजाता ही नहीं। दिन हो या रात, यहां वाहन चलाने वाला अपने वाहन की लाइट से ही दूसरे वाहन के चालक को संकेत देता-लेता है।

हॉर्न केवल तभी बजाया जाता है, जब कोई वाहन चालक ट्रैफिक नियम को भूल से या जानबूझ कर तोड़ता है। ऐसा व्यक्ति हॉर्न सुनकर रुक जाता है और सॉरी कह कर आगे बढ़ जाता है। सड़क पर अगर लाल बत्ती है, तो हर वाहन चालक अवश्य रुकता है। यहां भी सबसे अधिक प्रभावित किया है आत्मानुशासन की उस भावना ने, जो यहां की आदत बन गई है। रात हो या दिन, अगर सड़क पर लाल बत्ती है और कहीं से कोई और वाहन नहीं आ रहा है, तब भी कार चालक रुकेगा जरूर।

**नियम पालन से दुर्घटना को ना**

यहां हर सड़क पर रफ्तार के लिए चेतावनी के संकेत लिखे होते हैं। अगर कोई स्कूल है, तो उसके बहुत पहले ही ह्यरफ्तार कम रखनेह्णके संकेत मिलेंगे। जहां कोई छोटी सड़क किसी बड़ी सड़क से मिलती हो, वहां बड़ी सड़क पर जाने से पहले ह्यरळडढह्ण का चिह्न अनिवार्य रूप से लगाया जाता है और जब भी कोई व्यक्ति छोटी सड़क से बड़ी सड़क पर आता है, तो इस ह्यरळडढह्ण से पहले कुछ सेकेंड के लिए जरूर रुकता है। ऐसे में यहां सड़क दुर्घटनाएं या तो होती नहीं या बहुत कम होती हैं।

**स्वच्छता नागरिकों का धर्म**

भारत में जब स्वच्छता और घर-घर शौचालय की बात हुई, तो कइयों ने मजाक भी उड़ाया था। उस दूरदृष्टि की महत्ता अमेरिका में समझ में आई। यहां किसी भी सड़क पर या किसी भी घर के आगे आपको कूड़ा या गंदगी नहीं दिखेगी। यहां सबसे बड़ी बात है, स्वच्छता के प्रति जागरूकता और लगन।

यहां अगर कुत्ता सड़क पर गंदगी कर देता है, तो उसे पालने वाला उस गंदगी को स्वयं उठाकर सड़क के किनारे रखे हुए कूड़े के डिब्बे में डालता है। यहां मेरे बेटे के घर के सामने एक महिला अपने पालतू कुत्ते को जब घुमाने के लिए चली, तो उसने अपने हाथों में दस्ताने पहन रखे थे। मैंने बेटे से पूछा कि यह महिला दस्ताने पहन कर कुत्ते को क्यों घुमा रही है? मेरे बेटे ने बताया कि यह महिला आंखों से देख नहीं सकती और उसका यह कुत्ता इतना ट्रेंड है कि प्रतिदिन इसे इसके ऑफिस ले जाता है और वापस लाता है। अब यह इसे घुमाने ले जा रही है, जहां भी यह गंदगी करेगा, उसे यह महिला उठाकर डस्टबिन में डालेगी। इस घटना ने बेहद प्रभावित किया।

**अपना काम स्वयं ही**

यहां के पैट्रोल पम्प पर कोई आदमी आपको पैट्रोल देने के लिए नहीं होता। जिसे भी पैट्रोल या डीजल आदि लेना होता है, वह अपने क्रेडिट कार्ड को मशीन में डालकर जितना पैट्रोल या डीजल लेना होता है, अपनी कार में डाल लेता है।

## कॉर्टून वर्ल्ड

युद्ध की मानसिकता



साभारः कॉर्टून मूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### नशे के सौदागर

**नामचीन** सितारों का नशे की दलदल में डूबना घातक है क्योंकि बड़ा तबका उन्हें अपना नायक मानता रहा है। जांच एजेंसियों को इस काले कारोबार की जड़ों तक पहुंचना चाहिए। यह जांच और कार्रवाई निर्बाध रूप से जारी रहनी चाहिए। आज के युवा इन्हीं का अनुसरण करते हैं और यह आवश्यक है कि इन्हें कठोरतम दंड दिया जाये जिससे इनमें कानून का डर हो। **–मधुसूदन,गढ़वा**

### आर्थिक संकट

**कोरोना** संकट से जीडीपी में भारी गिरावट आई थी। अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए रोजगार बढ़ाना बहुत जरूरी है। रोजगार से ही लोगों के पास पैसा आएगा और उसी से उनकी क्रय-शक्ति बढ़ेगी। निजीकरण की बजाय सभी विभागों को दुरुस्त करते हुए नये पद सृजित करने चाहिए। सरकार अपनी भूमिका से भागे नहीं क्योंकि कल्याणकारी राज्य है। **–वेद, हजारीबाग**

# कांग्रेस ने ओबीसी के लिये क्या किया?

## राजनीति

**नीरज दूबे**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिना किसी तथ्य के मोदी सरकार पर तमाम मुद्दों को लेकर हमले बोलते हैं। इसी कड़ी में आजकल वह जाति जनगणना की मांग करते हुए मोदी सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि देश को चला रहे अधिकारियों में मात्र तीन केंद्रीय सचिव ही ओबीसी समुदाय से हैं। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी हो जाता है कि इस मामले में कांग्रेस का अपना खुद का ट्रैक रिकॉर्ड क्या है? इस समय देखें तो कांग्रेस चार राज्यों- छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में अपने बलबूते सरकार चला रही है। इन चारों ही राज्यों में मुख्य सचिव सामान्य श्रेणी से संबद्ध हैं। इसी प्रकार यदि हम कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों वाले विपक्षी गठबंधन इंडिया पर नजर दौड़ाएं तो पाएंगे कि वहां भी ओबीसी को ज्यादा प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। पंजाब, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और केरल के मुख्य सचिव भी अपर कास्ट से संबद्ध हैं जबकि तमिलनाडु एकमात्र ऐसा उदाहरण है जहां मुख्य सचिव शिव दास मीणा एसटी श्रेणी से संबद्ध हैं।

यही नहीं, सरकारी रिकॉर्ड यह भी दशार्ते हैं कि 1985 से 1989 तक जब राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे, तब केंद्र में सचिव पद पर कोई भी अधिकारी आरक्षित वर्ग यानि एससी/एसटी श्रेणी से नहीं था। अगर हम 2023 के हालात को देखें तो केंद्र में सात सचिव एससी श्रेणी और पांच एसटी श्रेणी से हैं। इसी प्रकार यदि हम 2014 के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो उस समय केंद्र में अतिरिक्त सचिव और संयुक्त-सचिव पद पर ओबीसी समुदाय से संबंधित सिर्फ दो ही अधिकारी थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में इन पदों पर ओबीसी अधिकारियों की संख्या 2 से बढ़कर 63 हो चुकी है। हम आपको यह भी बता दें कि आंकड़े यह भी दशार्ते हैं कि इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में केंद्र सरकार में प्रधान सचिव और सचिव पद पर काम करने वाले सभी अधिकारी सामान्य श्रेणी से ही थे।यहां एक बात और समझने की जरूरत है कि जहां तक केंद्र सरकार के पदों में ओबीसी को आरक्षण की बात है तो यह 1993 में पेश किया गया था और इसके तहत पहली नियुक्ति पाने वाले अधिकारीगण 1995 बैच के थे जोकि अब तक सचिव रैंक तक नहीं पहुँचे हैं। देखा जाये तो किसी भी आईएएस अधिकारी को अपना कॅरियर शुरू करने से लेकर केंद्र में सचिव पद तक पहुँचने तक लगभग ढाई से तीन दशक तक का समय लग जाता है। इसलिए राहुल गांधी ने जब यह कहा कि केंद्र में ओबीसी को पर्याप्त संख्या में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है तो एक बार फिर साबित हो गया कि वह बिना जाने समझे कुछ भी कह देते हैं। यही नहीं राहुल गांधी ने महिला आरक्षण विधेयक में भी ओबीसी के लिए आरक्षण की वकालत की जबकि मनमोहन सरकार जब यह विधेयक लायी थी तब कांग्रेस ने भी उसमें ओबीसी आरक्षण का प्रावधान नहीं किया था। यही नहीं, राहुल गांधी आज जिस जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं उसके बारे में उन्हें यह जवाब भी देना चाहिए कि साल 2011 में जब उनकी पार्टी की सरकार ने देश में जनगणना कराई थी तो उसने जातिगत आंकड़ों को क्यों नहीं जारी किया था? बहरहाल, विपक्ष का काम सरकार पर सवाल उठाना है इसमें कोई दो राय नहीं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन :95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### गांधी जयंती पर चला स्वच्छता अभियान

**रामगढ़।** डीवीसी रामगढ़ द्वारा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर नईसराय चौक और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सीनियर मैनेजर अनुज कुमार ने किया। उन्होंने लोगों से अपील किया की आप सभी अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें। कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने समय में लोगों को स्वच्छता के महत्व के संबंध में बताया था। इसलिए हम सबों का कर्तव्य है कि गांधी जी के बताए मार्ग पर चलें और अपने आसपास को स्वच्छ रखें। अभियान में रामगढ़ स्टेशन इंचार्ज राहुल रंजन, सीनियर मैनेजर अभीक राज, शेख सफीकुल्ला, दीपक कुमार सिन्हा आदि शामिल हुए।

पतंजिल योगा समिति द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया

रामगढ़। पतंजलि योगा समिति ने गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को एमएमटी ग्राउंड में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व करते हुए सीए अजीत जायसवाल ने कहा कि गांधी जी हमेशा लोगों को स्वच्छता के महत्व के संबंध में बताया करते थे और अपने आसपास को स्व्छ रखने की अपील करते थे। कहा की हम सबों को गांधी जी के बताए मार्ग पर चलते हुए अपने आसपास को स्वच्छ रखना चाहिए। अभियान में प्रमोद कुमार लाल, चरित्र वर्मा, मनोज, विनोद कुमार राणा, रविंद्र साव, किशोर कुमार आदि शामिल थे।

### स्वच्छता ही सेवा को अपना मूल मंत्र बनाएं: आशा देवी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल उत्तरी पंचायत में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सोमवार को सबकी योजना सबका विकास के तहत विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता मुखिया आशा देवी ने की। ग्रामसभा की शुरूआत दोनो महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। मौके पर मुखिया आशा देवी ने कहा कि दोनों महापुरुषों के नीतियों को अनुसरण कर हमें देश को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। महात्मा गांधी के स्वराज के सपने को पूर्णत: सफल बनाना है। साथ ही स्वच्छता ही सेवा को अपना मूल मंत्र बनाकर ग्राम पंचायत सहित देश के स्वच्छता अभियान को सफल बनाना है। मुखिया द्वारा उपस्थित लोगों को जल, जंगल व जमीन और उनके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने का सामूहिक शपथ भी दिलाई गई।

### महाप्रबंधक कार्यालय सयाल में क्षेत्रीय संयुक्त ट्रेड यूनियन 3 को करेगी विरोध-प्रदर्शन

**उरीमारी (रामगढ़)।** संयुक्त ट्रेड यूनियन बरका-सयाल क्षेत्र की बैठक सोमवार को उरीमारी एटक कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता विंध्याचल बेदिया एवं संचालन वासुदेव साव ने किया। बैठक में बैठक में एनसीडब्ल्यूए 11 के समझौते को लेकर विशेष चर्चा की गई। बताया गया कि प्रबंधन समझौते को दरकिनार कर मजदूरा के वेतन में बढ़ोतरी पैसा को साजिश के तहत भुगतान नहीं कर रही है। जिसका संयुक्त केंद्रीय ट्रेड यूनियन विरोध करती है। वक्ताओं ने कहा कि इसी मुद्दे को लेकर 3 अक्टूबर मंगलवार को सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में सयुक्त ट्रेड यूनियन विरोध प्रदर्शन करेगी। बताया गया की उच्च पदाधिकारी के आदेशानुसार प्रबंधन के विरोध में लगातार आंदोलन चलाये जाने का निर्णय लिया गया। इसी के तहत 3 अक्टूबर मंगलवार को बरका सयाल क्षेत्र संयुक्त ट्रेड यूनियन सुबह 10 बजे से महाप्रबंधक कार्यालय सयाल में प्रदर्शन कर विरोध जताएगी। मौके पर अशोक शर्मा, अशोक गुप्ता, शंभू प्रसाद सिंह, देवेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, संजय मिश्रा, संजय वर्मा, दशरथ कुर्मी, रामाकांत दुबे, चमन मुंडा, लव कुमार महतो, संजय शर्मा, हरीश महतो, उदय मालाकार, राजेश सिंह, जेपीएन सिन्हा, पप्पू सिंह, महादेव मांझी, विनोद मिश्रा, संजय यादव, ओम प्रकाश सिन्हा, सुधीर सिंह, दिनेश टुडू, जगन्नाथ पासवान, आजाद भुंइया, जीआर भगत सहित बरका-सयाल संयुक्त ट्रेड यूनियन के दर्जनों प्रतिनिधि मौजूद थें।

### धूमधाम से मनाया महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**कुजू।** बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कुजू में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. साथ ही सफाई अभियान चलाया गया। मौके पर जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। जबकि लाल बहादूर शास्त्री ने देश के विकास के लिए कई अहम विकास कार्य किये। मौके पर जनक प्रसाद, प्रकाश केशरी, सुखदेव केशरी, डिम्पल प्रजापति, छोटन प्रजापति, शांति देवी, मन्सरी, सुमन देवी शामिल थे। इधर, कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय में मुखिया राकेश कुमार की अगुवाई में केक काटकर मनाया गया।

### अपने आस पास सफाई रखना भगवान की भक्ति करने के बराबर है : अरविंद



बैठक को सम्बोधित करते मुखिया

**रजरप्पा।** पंचायत सचिवालय बडकीपोना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम मनाई गई। इस अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया अरविंद कुमार सिंह ने की। इस दौरान कई योजनाएं ली गई तथा उपस्थित ग्रामीणों ने अपने-अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखने का शपथ लिया. मौके पर मुखिया ने कहा कि देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आजीवन स्वच्छता के पक्षधर रहे, महात्मा गांधी का कहना था कि अपने आस पास सफाई रखना भगवान की भक्ति करने के बराबर है. उन्होंने स्वच्छता को ईश्वर की उपासना से जोडकर कई लोगों को स्वच्छता के लिये प्रेरित किया। इसी तरह वे पूरे देश को स्वच्छ बनाने के बारे में भी सोचा करते थे। जिस आश्रम में वह रहा करते थे, वहां वह प्रतिदिन 4 बजे सुबह उठकर स्वयं झाडू लगाते थे। उनका सपना था कि एक दिन भारत को ब्रिटिश हुकूमत से आजादी मिलने के साथ गंदगी से भी आजादी मिलेगी। महात्मा गांधी का यह अधूरा सपना स्वच्छ भारत मिशन की आधारशिला बना और सरकार के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की गयी।

### सौदा डी पंचायत में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर वनाधिकार समिति का हुआ गठन



जयंती समारोह में शामिल पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौन्दा डी पंचायत भवन में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर सोमवार को वनाधिकार समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया उपेंद्र शर्मा व संचालन पंचायत सचिव खुशबू रानी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। तत्पश्चात सरकारी दिशा-निर्देशनुसार पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। जिसमे पंचायत स्तरीय वनाधिकार समिति का गठन किया गया। साथ ही जिला खनन मद योजना को सर्वसमिति से पास किया गया। जयंती समारोह में मुख्य रूप से भारत सरकार की नीति आयोग से प्रवीण कुमार एवं मिथुन भंडारी उपस्थित थें। ग्रामसभा में पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पाण्डेय, उप मुखिया संजय भारती, वार्ड सदस्य सुबोध रजक, नरेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, अरविंद ओझा, स्वयंसेवक संतोष रजक, अवधेश यादव, पुकार ठाकुर, सुदर्शन आदि मौजूद थें।

### रैयतों ने लगाया ओएनजीसी कंपनी पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप, कहा

# कंपनी रैयतों के साथ यूज एंड थ्रो पॉलिसी के तहत कर रही काम

## ऐसा ही चलता रहा तो होगा उग्र आन्दोलन, सारी जिम्मेवारी कंपनी की होगी

अभय कुमार सिंह

**हजारीबाग।** बड़कागांव पंचायत तलसवार ग्राम कोयलंग के ग्रामीणों ने वहां अपना गैस प्लांट लगाए ओएनजीसी कंपनी पर स्थानीय रैयतों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। रैयतों में कैलाश गंझू, ओगन महतो, विलियम, मुकेश कुमार, गणेश गंझू सहित अन्य ग्रामीणों ने कंपनी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी पहले इस्तेमाल करो और मामला हल हो जाने पर फेक दो नीति के तहत कार्य कर रही है। जब कंपनी यहां नयी-नयी आयी थी तो जमीन के बदले रोजगार सहित स्थानीय रैयतों को भी रोजगार देने की बात कही थी। जमीन अधिग्रहण करने



कंपनी के गेट पर जड़ा गया ताला

के बाद चंद लोगो को रोजगार दिया गया। अब उन्हें भी निकालने की प्रक्रिया चल रही है। हम कंपनी को ऐसा नहीं करने देंगे। और तो और कंपनी ने गार्ड भी बाहर से ला के रखे है। किस आधार पर स्थानीय को प्राथमिकता न देकर बाहर के लोगो को रोजगार दिया जा रहा है। ऐसा ही चलता रहा तो उग्र आन्दोलन होगा. सारी जिम्मेवारी कंपनी की होगी।

### नाराज ग्रामीणों ने कर दी तालाबंदी

इधर रोजगार के मामले पर नाराज ग्रामीणों ने कंपनी के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर दी। जिसके बाद हो-हंगामा होने लगा. कंपनी के इंचार्ज द्वारा प्रशासन को इसकी सूचना दी गयी। सूचना के बाद थाना प्रभारी वहां पहुंचे और लोगो को समझा बुझा कर शांत किया। बताया गया कि कंपनी तीन कंपनियों( ओएनजीसी, प्रभा एनर्जी, इंडियन ऑयल )की शेयर में चल रही है। आगामी १० तारीख को कंपनी व ग्रामीणों के साथ एक बैठक तय की गयी जिसमें ग्रामीण व कंपनी के अधिकारी मुद्दे पर बात करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक हमलोगो के मुद्दों पर कंपनी ठोस निर्णय नहीं लेती हमलोग चुप नहीं बैठेंगे। कोयला खदान संघर्ष समिति ट्रेड लेबर यूनियन की सदस्य भी मौके पर पहुंचे और बैठक कर मामले की जानकारी ली। सदस्यों ने कहा कि ग्रामीणों को जो भी सहयोग होगा यूनियन करेगी. इनके लड़ाई में जो भी करना होगा करेगी। इसके लिए जल्द ही रणनीति तैयार किया जायेगा। मौके पर नरेश गंझू, हिन्दू महतो, केदार महतो, बंगाली गंझू, विकाश गंझू, सूरज गंझू, बिरसा गंझू, कोयला खदान संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष मनोहर कुमार, उप महामंत्री मणिकांत वर्मा, मीडिया प्रभारी संजय पासवान, प्रखंड प्रभारी अगनू महतो, सचिव किशुन तुरी, प्रमोद कुमार, सागर कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड प्रदेश गोस्वामी कल्याण परिषद का 30वां वर्षगांठ सूर्यकुंडधाम में संपन्न

## सुनीता बनी केंद्रीय महिला गोस्वामी समाज की अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्यटक स्थल सूर्यकुंडधाम में झारखंड प्रदेश गोस्वामी कल्याण परिषद की 30 वां वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश गिरी ने की। इस क्रम में गोस्वामी समाज का चुनाव के साथ कई प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसमें केंद्रीय गोस्वामी के केंदीय अध्यक्ष बैजनाथ गिरी व प्रदेश अध्यक्ष उमेश गिरी महिला कल्याण परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष सुनीता गिरी और प्रदेश अध्यक्ष अर्चना देवी को बनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महामंत्री राजकुमार गिरी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



बैठक में शामिल लोग

नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश गिरी ने कहा गोस्वामी समाज को एकजुट किया जाएगा। कार्यक्रम में गरीब और निसहाय को सहारा देने, अशिक्षित को शिक्षा देने पर विशेष रूप से चर्चा की गई। साथ ही साथ प्रखंड कमेटी का भी गठन किया गया। वहीं केंद्रीय सदस्य सुनीता गिरी ने कहा गोस्वामी समाज अभी झारखंड में काफी पीछे है। इन्हें काफी समस्याओं का करना पड़ रहा है।

साथ ही साथ संगठन मजबूती पर भी विशेष जोर दिया। मौके पर दुर्गा दास गोस्वामी, बिंदेश्वर पंडा, दिलीप भारती, राजकुमार गिरी, मुरली गोस्वामी, अर्चना गोस्वामी समेत समाज के दर्जनों लोग मौजूद थे।

### गांधी जयंती मना

**बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के द्वारा महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। नापो में बने बापु की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें याद करते हुए जयंती मनाई.इस अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई भी की गई। मौके पर मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो,सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मंत्री बिनोद महतो, महेश साव,हीरालाल साव, पारसनाथ साव, अनिकेत कुमार समेत कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती

**केरेडारी ।** भारतीय जनता पार्टी केरेडारी इकाई के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई साथ ही बूथ सशक्तिकरण के निमित बैठक भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। भाजपाइयों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसा व सादगी को आत्मसात करने का भी संकल्प लिया तत्पश्चात बूथ सशक्ति करण हेतु बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में केरेडारी मतदान केंद्र का सत्यापन प्रवासी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के द्वारा किया गया व आगामी लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही बैठक में प्रवासी अनिल मिश्र ने केरेडारी के 90 बूथ अध्यक्षों का नाम और मोबाइल नम्बर एवं जन्मतिथि हेतु प्रपत्र की जाँच कर सत्यापन किया।

## आज के युवा को प्रेरणा लेने की जरूरत : मनोज

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपाइयों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की मौजूदगी में मौजूद लोगों ने बापू व शास्त्री जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श और जीवन दर्शन देश की हर पीढ़ी को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। महात्मा गांधी ने शांति और स्वच्छता का संदेश दिया था।उनके द्वारा चलाये गए स्वक्षता अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश में स्वच्छता मंत्र बताया। जिसके तहत स्वक्ष देश मे स्वस्थ भारत का लक्ष्य पाने में की स्थिति पूर्ण करने को है। उन्होंने लालबहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व व कृतित्व पर भी प्रकाश डाला। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का उद्घोष कर सुरक्षा



जयंति मनाते भाजपा कार्यकर्ता

के साथ आत्मनिर्भरता के प्रति आह्वान किया। उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा महामंत्री नवल किशोर सिंह, एससी मोर्चा अध्यक्ष नागेश्वर रजक, मुखिया शमसेर आलम, नारायण यादव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दोतल्ला पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में सोमवार को महात्मा गांधी एवं भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता



ग्रामसभा में उपस्थित मुखिया व पंचायतवासी

महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। ग्रामसभा की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने की। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से वन अधिकार समिति का गठन किया गया। तत्पश्चात मनरेगा सहित अन्य विभागों के योजनाओं का चयन किया गया। मौके पर मुखिया सत्यंवती देवी ने कहा की अपने दोनों महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर हमें देश को आगे बढ़ाने में अपना अहम भूमिका निभाना है। महात्मा गांधी जी के स्वराज के सपने को पूर्णतः सफल बनाना है। साथ ही स्वच्छता ही सेवा को अपना मूल मंत्र बनाकर ग्राम पंचायत सहित देश के स्वच्छता अभियान को सफल बनाना है। मुखिया द्वारा जल-जंगल व जमीन और उनके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने की सामूहिक शपथ भी उपस्थित लोगों को दिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत के दिवंगत निवासी कलाम अंसारी एवं ग्राम पंचायत हेसला के मुखिया की माता रामराजी देवी के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। ग्रामसभा में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, जल सहिया छुबि देवी, वार्ड सदस्य नीतू सिन्हा, दया मुनि मुर्मू, रेणुका देवी, शकुंतला देवी, पुष्पा सिन्हा, अनीता देवी, बीना देवी, मनारा देवी, रंजू सिंह, एलिजाबेथ डोडराय, मंजू देवी, राधा देवी, इशरत जहां, किरण सिंह, प्रेमी सलोनी तिर्की, इस्थेर लकड़ा, जामा देवी, सीमा देवी, झरियो देवी, बिरसा उरांव, करण सिंह,

### स्वच्छता अभियान चलाकर देश की तरक्की में अपना योगदान दें : नारायण चंद्र भौमिक

**भदानीनगर (रामगढ़)।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत भाजपा भदानीनगर मंडल के तत्वावधान में सोमवार को भुरकुंडा रेलवे स्टेशन में भाजपाईयों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के संसद के प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक मौजूद थें। भदानीनगर



स्वच्छता अभियान में शामिल भाजपाई

मंडल उपाध्यक्ष अनुप ठाकुर के अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में भुरकुंडा स्टेशन परिसर की साफ-सफाई की गई। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति विशेष ध्यान रखने की बात कही गई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक ने लोगों को संदेश दिया कि स्वयं की इच्छा से अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखें और राष्ट्र को स्वच्छता प्रदान कर विकास करें। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि आप अपने आसपास क्षेत्र में हमेशा स्वच्छता अभियान चलाकर देश के तरक्की में अपना योगदान दें। श्री भौमिक ने कहा कि अपने घर सहित आसपास के क्षेत्रों का साफ-सुथरा रखना हमसबों का दायित्व है। स्वच्छता अभियान में रामगढ़ जिला डीएमएफटी के संसद प्रतिनिधि सुमन कुमार सिंह, भदानीनगर मंडल महामंत्री सागर कुमार दांगी, भुरकुंडा मंडल उपाध्यक्ष अमरेश कुमार सिंह, जुगल नायक, देवेंद्र सिंह, राजेंद्र मुंडा, आशीष कुमार शर्मा, प्रिंस कुमार, पंचम महतो आदि भाजपाई शामिल थें।

## वर्तमान समय में गांधी जी के विचार और भी प्रासंगिक हो गये हैं : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने रामगढ़ के गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके उपरांत उन्होंने मुक्तिधाम स्थित गांधी घाट पर



गांधीजी के समाधि पर पुष्प अर्पित करते

आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया। गांधी घाट पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार , पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे , उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो , अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर मुक्तिधाम स्थित गांधी घाट पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने गांधी जी के विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि जब भी आपको वहम हो और लगे कि आपने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल कर लिया है तो अपने आस-पास के सबसे दिन-हीन/कमजोर और अंतिम व्यक्ति को देखिए और विचार कीजिए कि आपने आज तक अपने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है उससे उस व्यक्ति के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है क्या उसके जीवन में कुछ परिवर्तन हुआ और जब आप यह सोचेंगे तो आपका वहम खुद ही कम होने लगेगा।

## एक नजर में

### गांधी जी के अधूरे सपनों को पूरा करना हमसबों का दायित्व: अमित कुमार

**बासल (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रो में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। साथ ही उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गांधी जी व शास्त्री जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान भी किया गया। इधर गांधी जी की जयंती पर



महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार

विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार साहू ने महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी 154वीं जयंती मनाई। साथ ही उन्होंने कहा कि गांधी जी के बताए मार्ग पर चलकर ही देश व समाज का समुचित विकास संभव है। अमित कुमार ने कहा कि गांधी जी के अधूरे सपनों को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। इधर भदानीनगर के चैनगडा में भी महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत समाजसेवी बीटू महतो ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की।

### अनुमंडलीय अस्पताल में किया फल का वितरण

**बरही।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने गांधी जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत अनुमंडलीय अस्पताल बरही में भर्ती मरीजों के बीच फल का वितरण किया। उनके साथ जिप सदस्या मंजू देवी, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ अमन कुमार, डॉ एजाज समेत अस्पताल के अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### एसडीजीएम अकादमी में राष्ट्रपिता बापू व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती

**बरही।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर डीवीसी के पास संचालित एसडीजीएम अकेडमी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक महेश गुरनानी ने कहा कि यह अभियान एक जागरूकता अभियान है, जिसको हमें मिलजुल कर करना चाहिए। श्रमदान को महादान के रूप में स्वीकार करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चे स्वच्छता अभियान के संदेश को घर गांव और समाज तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने बच्चों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और कहा कि अपने आस-पास साफ सफाई अवश्य रखना चाहिए तभी गांधी जी के सपनो को साकार कर सकते है।

### बापू व शास्त्री जी के पदचिन्हों पर चलने की है जरूरत : अब्दुल मनान वारसी

**बरही।** प्रखण्ड कांग्रेस कार्यालय में बड़े धूमधाम से सत्य अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम बरही प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जहां सभी देश के स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि आज 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। उन्होंने देश के लिए अपना विशेष योगदान दिया। महात्मा गांधी ने आजादी की लड़ाई में अहिंसा के मार्ग पर चल कर हमें अंग्रेजी से आजादी दिलाई। लाल बहादुर शास्त्री को न सिर्फ एक सच्चे देशभक्त और महान स्वतंत्रता सेनानी के रूप में जाना जाता है, बल्कि उनकी छवि एक दूरदर्शी, ईमानदार और निष्ठावान राजनेता के रूप में है, जिन्होंने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान देश को कई संकटों से उबारा व देश की उन्नति व विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### सादा जीवन उच्च विचार सफलता की पहली सीढ़ी : शैलेश

**बरही।** आईलेक्स पब्लिक स्कूल में गांधी जी और शास्त्री जी के की जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय के सभी ब्रांच पंचमाधव, गोरियाकरमा, बड़कागांव में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सर्वप्रथम सभी ब्रांच में बच्चों ने विद्यालय परिसर के आस-पास के क्षेत्र की साफ सफाई की। तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों ने अपने कक्ष को भी साफ-सुथरा किया। उसके बाद विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने राष्ट्रपिता गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर उन्हें सादर नमन किया। बच्चों ने गांधी जी अमर रहे शास्त्री जी अमर रहे के नारे लगाए। बड़कागांव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। बड़कागांव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में बच्चों ने कई तरह के मॉडल बनाएं।

### महात्मा गांधी के आदर्शो को देश निरन्तर याद रखेगा : राजेन्द्र प्रसाद

**बरही।** प्रखण्ड के धनवार पंचायत सचिवालय में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री को याद करते हुए उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से दुर्दांत अंग्रेजी हुकूमत को भारत से बाहर करने में सफल रहे।उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को उनके पदचिन्हों पर चलकर देश को तरक्की में भाग लेने को कहा।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों समेत उनके बताए स्वक्षता के मंत्र को आत्मसात कर अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया।लाल बहादुर शास्त्री के जय जवान जय किसान के नारे के मौजूदा हालात में भी प्रासंगिक बताया। पंचायत भवन के आस-पास स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

### गिरा मिट्टी का घर, मलवे में दबी दंपति

**दारू।** दारू प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिनों से भारी वर्षा हुई जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा । दारू प्रखंड क्षेत्र के मेडकुरी पंचायत के कनौदी में एक मिट्टी का जर्जर घर भारी बारिश के कारण टूट कर गिर गया जिस कारण घर में सोये दंपति के ऊपर घर का छत गिर गया ।इस घटना में पति पत्नी दोनों घायल हो गए गनीमत रही कि घायल दंपति के दो पुत्र अपने दादी के साथ बगल के कमरे में सो रहे थे अन्यथा वे लोग भी इसकी चपेट में आ सकते थे ।दुर्घटना की रात काफी तेज बारिश हो रही थी पर हो हल्ला की आवाज सुनने के बाद आसपास के लोग पहुंचे तो देखा दंपति मिट्टी के अंदर दबे हुए हैं जिन्हें लोगों ने वहां से निकला । इस दुर्घटना में घर के मालिक चमेली देवी और उनके पति तापेश्वर रविदास दोनों घायल हो गए जिसमे चमेली देवी को अधिक चोट आयी है। मुखिया भोला तुरी ने जाकर परिवार का हाल-चाल जाना और टूटे घर का निरिक्षण किया। पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास दिलाने की मांग की है।

### बारिश से सलगावां में पोल्ट्री फॉर्म हुआ ध्वस्त

**कटकमदाग।** लगातार दो दिनों से मूसलाधार बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र में जनजीवन पुरी तरह प्रभावित रहा। सलगावां में गिरधारी कुमार दास के पोल्ट्री फॉर्म हाउस ध्वस्त हो गया। जिससे कारण करीब 100 से अधिक मुर्गा-मुर्गी व चुजे की मौत हो गई। वहीं ग्राम बांका बगीचा में पेड़ गिर जाने से 11 हजार बिजली तार टूटने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। ग्राम नावाडीह में नाली नहीं होने के कारण कई घरों में पानी प्रवेश कर गया।

## स्पीड न्यूज

### अधिकारियों ने अर्पित किये श्रद्धा सुमन



**लोहरदगा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सोमवार को डीडीसी जय ज्योति सामंता के नेतृत्व में समाहरणालय सभागार में दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रमेश्वर प्रसाद, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी समेत विभिन्न कार्यालयों के कर्मीगण शामिल हुए। इस मौके पर दोनों महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए दिए उनके बलिदान को याद किया गया।

### सफाई अभियान चलाया गया




**लोहरदगा।** गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान के तहत लोहरदगा जिला मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष ममता बंका के नेतृत्व में अप्पर बाजार दुर्गा पूजा के पंडाल के समीप महिलाओं के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया एवं सफाई कर्मी को पुष्प देकर सम्मानित किया गया। मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष ममता बंका ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत हम महिलाओं को भी घरों में स्वच्छता के साथ-साथ अपने आसपास के जगह पर भी सफाई रखनी अति आवश्यक है। इसमें ममता बंका, अनीता पोद्दार, अंजलि सर्राफ, रश्मि देवी, उमा देवी, कंचन अग्रवाल, शशि देवी,के अलावा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ, सचिव जय प्रकाश शर्मा, अतुल सर्राफ, संजय चौधरी थे।

### ग्रामीणों ने श्रमदान कर की सफाई



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत के डोका ग्राम में 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ग्राम प्रधान नारायण उरांव की अगुवाई में ग्रामीणों ने सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों ने गांव मुहल्ला में सभी जगहों पर साफ सफाई की। जगदीश लकड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया है। मौके पर सुरेश उरांव, नारायण भगत, सुरेन्द्र भगत, रामजीत उरांव, लक्ष्मण उरांव, गोपाल, ईश्वर साहु सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### गांधी जयंती पर लगी जेल अदालत



**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने गांधी जयंती के उपलक्ष्य में मंडल कारा गुमला में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश संजय चंधरियावी के मार्गदर्शन में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान बंदियों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के विचारों तथा जीवन से अवगत कराया तथा अपने देश के प्रति गौरव और संविधान के प्रति आदर की भावना रखने के लिए प्रेरित किया। मौके पर जेल अधीक्षक, पैनल अधिवक्ता बुंदेश्वर गोप, विद्या निधि शर्मा तथा जितेंद्र सिंह, डालसा कर्मचारी प्रकाश कुमार, मनीष कुमार एवं जेल के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### सॉलिटेयर एजुकेशन अकादमी घाघरा में धूमधाम से मनी गांधी-शास्त्री जयंती

**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा के प्रांगण में गांधी जयंती सह लाल बहादुर शास्त्री जयंती कार्यक्रम समारोहपूर्वक मनाया गया। इसमें विद्यालय के सचिव अंकिता श्री, प्राचार्य चंद्रकांत पाठक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर लाल बहादुर शास्त्री तथा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि की। इस कार्यक्रम का शुभारंभ देश भक्ति गीतों तथा भाषण के कार्यक्रम से किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीत तथा भाषण प्रस्तुत किये। पंच प्रण शपथ के अंतर्गत भारत को 2047 तक विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है। कार्यक्रम में बीडीओ दिनेश कुमार तथा घाघरा थाना प्रभारी अमित चौधरी को विद्यालय परिवार ने पुष्प गुच्छ देकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर उप प्राचार्य शरद पांडेय, राम सुंदर ठाकुर, बद्री विशाल, कृष्ण कांत पाठक, राणा हिमांशु, शुभम सौरभ, दीपा पांडेय, आंचल सिंघल, संजू तिवारी सहित शिक्षक-शिक्षकों का योगदान रहा।

### महात्मा गांधी के नक्शेकदम पर चल कर ही देश व समाज की उन्नति : शंकर



**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला ने गांधी जयंती पर वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटीज के तहत इनडोर स्टेडियम गुमला स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा- गांधी जी सत्य अहिंसा के पुजारी रहे थे। महात्मा गांधी के नक्शे कदम पर चलकर ही देश और समाज का उन्नति संभव है। देश गांधी जी को बापू के नाम से जानती है। अहिंसा का मार्ग सत्य मार्ग है। मौके पर लायन अशोक जायसवाल, लायन महेश प्रसाद गुप्ता, ला. मुरली मनोहर प्रसाद, पी आर ओ लायन हेमंत कुमार,लायन विशाल कुमार बिट्टू शशि किरण जयसवाल, ला. सरस्वती प्रसाद, लायन पवन अग्रवाल इत्यादि उपस्थित थे।

### उपायुक्त के कदम का छात्र संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने किया जोरदार स्वागत

**गुमला।** कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला में भ्रष्टाचार और सरकारी पैसे के दुरुपयोग मामले में जिला छात्र संघर्ष मोर्चा के रोहित भगत ने बताया कि गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कॉलेज मामले में जांच कमेटी गठित करना बेहद सराहनीय है। कॉलेज में हो रही घटनाओं से जिला छात्र संघर्ष मोर्चा के बैनर तले राजभवन में राज्यपाल सह कुलाधिपति और सीएम हेमंत सोरेन के नाम मुख्यमंत्री शिकायत कोषांग में पत्र लिख सभी मामलों से अवगत कराया है और मुलाकात के लिए समय मांगा। हमारी मांग है कि जिले के प्रतिष्ठित संस्थान में से एक केओ कॉलेज गुमला में शैक्षणिक वातावरण बने परिसर में भ्रष्टाचार के लिए जगह न हो।

# गांधीजी ने आजादी ही नहीं समाज सुधार के लिए भी किये अनेक कार्य : चैतु उरांव

■ कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की मनायी जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गुमला इंडोर स्टेडियम महात्मा गांधी पार्क में एवं लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन फूल अर्पित करते हुए जयंती मनाई गई। मौके पर जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव ने कहा कि भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और राजनेता महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। देश के लोगों ने उन्हें बापू कहकर पुकारा।



महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद एकजुट कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता।

**खास बातें :** महात्मा गांधी के बलिदान और देश को आजादी कराने में उनके बेहद महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रपिता का ओहदा दिया गया है। गांधी जी ने न सिर्फ देश के लिए आजादी की लड़ाई लड़ी, बल्कि समाज सुधार के कार्य भी किए।दुनिया के महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने गांधी जी के बारे में कहा था कि भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को इस बात पर विश्वास करने में मुश्किल होगी कि कोई व्यक्ति भी कभी धरती पर आया था। उसी करिश्माई नेतृत्व एवं शानदार व्यक्तित्व वाले, महान स्वतंत्रता सेनानी और 19वीं सदी के सबसे सम्मानित राजनेता महात्मा गांधी की जयंती में पूरा देश महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दे रहा है। आजादी में उनके संघर्ष को याद कर रहा है। हम सब भी यहां गांधी जयंती के अति महत्वपूर्ण दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए है। मैं भी गांधी को नमन करता हूं और उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं।

# गांधीजी के विचार आज भी प्रासंगिक : सुखैर भगत

■ जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा सह विचार गोष्ठी जिलाध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में किया। सर्वप्रथम दोनों महापुरुषों के चित्र पर उपस्थित कांग्रेसियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी हुई। मौके पर वक्ताओं ने अपने वक्तव्य के माध्यम से महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन दर्शन एवं आदर्शों को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



महात्मा गांधी को नमन करने के बाद लोगों को संबोधित करते जिलाध्यक्ष।

**खास बातें :** कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए सुखैर भगत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। बिहार के नील सत्याग्रह दांडी नमक सत्याग्रह खेड़ा का किसान आंदोलन असहयोग आंदोलन के द्वारा उन्होंने आजादी के नीव रखी। प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शाहदेव ने कहा गांधी जी अपने अहिंसा आत्मक आंदोलन के माध्यम से देश को आजादी दिलाने का काम किया, अकेले उन्होंने बहुत सारी लड़ाइयां लड़ी आंदोलन में सहभागी हुए इसके साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों रंगभेद नीति छुआछूत आदि का अंत किया, वर्तमान में देश में गोडसे रूपी धार्मिक कट्टरवाद हावी है जिसे हमें गांधीवादी विचारधारा से समाप्त करने की आवश्यकता है। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि भारतीय राजनीतिक मंच पर 1919 से 1948 तक महात्मा गांधी जी इस प्रकार छाए रहे कि इस युग को भारतीय इतिहास का गांधी युग कहा जाता है। 1914 में गांधी जी भारत लौट आए और अपनी सेवाओं की मान्यता के फलस्वरूप अब महात्मा कहलाने लगे। कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि अपने सादगी भरे जीवन एवं सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए उन्होंने देश का संगठित किया और अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराया।

# ग्रामीण प्रतिभा को निखारने का प्रयास मैराथन दौड़ : सुदर्शन भगत

■ विकास भारती बिशनपुर ने मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

■ लोकसभा सांसद और राज्यसभा सांसद हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** विकास भारती बिशनपुर द्वारा आयोजित मैराथन दौड़ प्रतियोगिता घाघरा मीडिल स्कूल से सोमवार को शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, विकास भारती के सचिव पद्म श्री अशोक भगत व अन्य अतिथियों ने महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रचलित व पुष्पार्चन कर किया। मैराथन दौड़ में हजारों की संख्या में बच्चे बच्चियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ घाघरा मीडिल स्कूल से शुरू होकर बिशुनपुर जतरा टाना भगत चिगरी तक जायेगा। मैराथन दौड़ का अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि मैराथन दौड़ आयोजित होना बच्चों की छुपी प्रतिभा सामने लाने का प्रयास है। आयोजक समिति का यह सराहनीय कदम है। राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। संस्थान द्वारा आयोजित मैराथन दौड़ इस क्षेत्र के युवाओं के लिए बेहतर मुकाम तक पहुंचने के लिए एक पहल है।



उद्घाटन समारोह को संबोधित करते सांसद सुदर्शन भगत।

■ संस्थान के सचिव पद्म अशोक भगत ने युवाओं को बेहतर कार्य करने और देश सेवा के लिए आगे आने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि युवा से ही देश में एक क्रांति आयी है। संस्थान के महेंद्र भगत ने कहा कि 40 वर्षों से संस्थान द्वारा लगातार युवाओं के लिए मैराथन दौड़ करते आ रही है ताकि बच्चे बेहतर कर खुद को स्थापित कर सके। पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, भिखारी भगत आदि कई लोगों ने भी संबोधन किया। इसके पूर्व अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, तींबू उरांव, श्याम किशोर पाठक, अनिल भगत, कौशल किशोर सिंह, सपु सिन्हा, अनिरुद्ध चौबे आशीष सोनी भी थे।

स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर सदर अस्पताल सभागार में कार्यशाला

# लोहरदगा जैसे छोटे जिले में रक्तदान को लेकर ऐसी जागरूकता प्रशंसनीय : सीएस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** रक्तदान महादान, रक्तवीरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर सदर अस्पताल लोहरदगा के सभागार में कार्यशाला सह सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि लोहरदगा में अनेक ऐसी संस्थाएं हैं, जो निरंतर रक्तदान शिविर लगाती हैं और लोहरदगा में रक्त की कमी नहीं होने देती। लोहरदगा जैसे छोटे जिले में रक्तदान को लेकर इतनी जागरुकता प्रसंशनीय है। उन्होंने अपने प्रथम रक्तदान के दिन की याद को साझा करते हुए बतलाया कि रक्तदान के पश्चात तत्काल मुझे यात्रा करनी थी मैंने यात्रा भी किया, किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई फिर मैं लगातार रक्तदान करता था। उन्होंने कहा कि लोहरदगा के ब्लड बैंक में शीघ्र ही सेपरेशन मशीन लगायी जायेगी जिससे कई लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ सनल सानू बरवार ने संबोधित करते हुए बतलाया कि शहरी क्षेत्र में काफी जागरूकता आई है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी कार्य करने की आवश्यकता है। ब्लड की आवश्यकता होने पर रक्तदान से ही इसकी प्रतिपूर्ति की जा सकती है इसका कोई विकल्प नहीं है।




सम्मानित करते सिविल सर्जन व उपस्थित अन्य।

# बड़ा दुर्गा पूजा समिति ने विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

■ बैठक में पूजा समिति के सदस्यों ने रखी कई समस्याएं, बनी रणनीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के प्रागंण में शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा मनाने को लेकर शहरी क्षेत्र सहित निकटवर्ती गांवों की दुर्गा पूजा समिति के पदधारियों की बैठक बड़ा दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष निर्मल गोयल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगत पूजा समिति के पदाधिकारियों का स्वागत बड़ा दुर्गा मंदिर के सचिव रमेश कुमार चीनी ने करते हुए आह्वान किया कि इस वर्ष नवरात्र का शुभारंभ 15 अक्टूबर से हो रहा है। सभी पूजा समितियां इस दिन से ही आचार्यों द्वारा तय कार्यक्रमावली के अनुरूप अनुष्ठान की शुरुआत करें।



बैठक में विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारियों ने पूजा के दौरान बुनियादी कठिनाइयां गिनायी। इस क्रम में भारतीय नवयुवक संघ के दामोदर कसेरा ने पूजा के दौरान शहर में भारी वाहनों की नो इंट्री का अनुपालन सही ढंग से नहीं होने पर क्षोभ व्यक्त करते हुए ध्यानाकृष्ट कराने की बात कही।

# कच्चा मकान का दीवार गिरने से महिला हुई गंभीर रूप से जख्मी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** क्षेत्र में लगतार हो रही बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र के जोगना में कच्चा मकान का दीवार गिरने से महिला गंभीर रूप से हुई जख्मी हो गयी। जख्मी महिला को इलाज के लिये परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार बताया जाता है की तीन दिनों से लगतार हो रही बारिश के कारण जोगना ग्राम निवासी लियाकत अंसारी का कच्चा मकान का दीवार गिर गया। जिसमें लियाकत अंसारी की पत्नी रहिमन बानो को हाथ पैर एवं कमर में गंभीर चोटें आयी है।



परिजनों ने आनन फानन में सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया। जहां स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रेफर कर दिया गया। परिवारिक सूत्रों के हवाले से बताया जाता है कि रहिमन बानो अपने घर में रसोई के समीप सब्जी काट रही थी। उसी समय अचानक दीवार गिर गया जिससे महिला को गंभीर चोटें आयी है।

### मुखिया ने बनायी पंचायत के विकास की रणनीति



**भंडरा।** प्रखंड के भौरों पंचायत सचिवालय में मुखिया सुमंती तिग्गा ने सोमवार को समीक्षा बैठक की। जिसमें पंचायत में चल रहे विकास कार्य की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही कार्यों को पूरा करने पर बल दिया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया सुमंती तिग्गा ने की। जबकि बैठक मे पंचायत सचिव तिवारी भगत, रोजगार सेवक झुनिया उरांव सहित ग्रामीण विकास विभाग, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, जनसेवक, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, जेएसएपीएस के सदस्य, साक्षरता विभाग, स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग, महिला बाल विकास, सामाजिक सुरक्षा विभाग, जलसहिया, पंचायत स्वयंसेवक व डीलर आदि थे।

### गांधी जयंती को लेकर हुई विशेष ग्राम सभा

**डुमरी।** प्रखंड के मझगांव, खेताली, डुमरी आदि पंचायत में एवं जारी प्रखंड के जरदा पंचायत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया। साथ ही विशेष ग्राम सभा की गयी। इनमें प्रखंड की सीओ रेशमा रेखा मिंज, सभी पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव सहित पीरामल फाउंडेशन एडीसी टीम के प्रोग्राम लीड प्रमोद जायसवाल, गांधी फेलो पवन सिंह, केतन रघुवंशी, सुपर्णा मोदक और सैकड़ों ग्रामीण अग्रिम पंक्ति के कार्य कर्ता आदि मौजूद रहे। पंचायत के समग्र विकास की योजनाओं पर चर्चा एवं चरणबद्ध तरीके से पंचायत के समुचित विकास की रूपरेखा तैयार की गयी इस कार्य में पीरामल फाउंडेशन की एडीसी टीम सहयोग कर रही थी।

### कातिंग पंचायत भवन में मनी गांधी जयंती



**चैनपुर।** प्रखंड के कातिंग पंचायत भवन में गांधी जयंती मनाई गयी तथा उपास्थित लोगों को जल जंगल और जमीन तथा इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित एवं संगठित प्रयास के लिए शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात बने नवनिर्मित पुस्तकालय को कातिंग मुखिया मधुरा मिंज एवं पंचायत सचिव विश्वराम केवट के द्वारा फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। मधुरा मिंज ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनसे आजादी से पहले और आजादी के बाद के भारत के बारे में बताया, जिसके बाद पंचायत सचिव विश्वराम केवट ने कहा कि भवन में बने पुस्तकालय आज से विद्यार्थियों को समर्पित है अब यहां के बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा उन्होंने सभी से अपील की है कि आप सब पंचायत के बच्चों को यहां आकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करेंगे।

# वृद्ध आश्रम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** होप द्वारा संचालित स्वपोषित वृद्ध आश्रम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मना। मौके पर वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्धो को उनके जीवन के महत्व के बारे में बतलाया गया। मौके पर केक काटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दिया गया। होप की मैनेजिंग ट्रस्टी मनोरमा एक्का ने कहा कि यह दिन? पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह आश्रम उनके लिए घर है। आज आज के विशेष दिन में पूरे समाज के



लोगों को विशेष रूप से आह्वान करते हुए कहा की वृद्धचन की वजह से ही आज हमारे समाज के कई इतिहास जीवित हैं और उन्हीं की वजह से आज हम और आप समझ में हैं अतः हम सभी को मिलकर वृद्ध जनों के विशेष देखभाल में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। हमारे समाज में रह रहे वृद्ध जनों को सिर्फ प्यार और विशेष देखभाल की जरूरत है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के तेतरदीपा ढलान पुल के समीप रांची नेतरहाट मुख्य सड़क पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवारी युवक रहे कुबाटोली निवासी कपड़ा व्यापारी अशोक उरांव (30) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार उक्त युवक अपनी पत्नी को ऊपर पाठ के आराहंस गांव जा रहे है। कहकर अपनी पल्सर बाइक से देर शाम घर से निकाला था। वहीं सोमवार की सुबह कुछ लोगों ने तेतरडीपा फुलिया के समीप अज्ञात बाइक सवार के साथ गिरा देखा।

# गांधी-शास्त्री के पद चिह्न पर चलने का लिया गया संकल्प

■ गांधी जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** मुनीलाल साहू केंपस लोहरदगा रोड में गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कैंपस में निवास करने वाले सभी लोगों ने श्रमदान कर कैंपस की साफ सफाई की एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया। साथ ही इस अभियान को निरंतर चलाने का और इस मुहल्ले को एक स्वच्छ, आदर्श मुहल्ला बनाने का संकल्प भी लिया। स्वच्छता अभियान के पश्चात मुहल्ले के सभी लोगों ने परिसर स्थित आरएसएस कार्यालय में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उनके जीवन चरित्र को रेखांकित करते हुए आरएसएस विभाग प्रचारक श्रीमान सम्मी जी ने लोगों से आज के परिपेक्ष में स्वदेशी स्वावलंबन स्वच्छता स्वाभिमान और स्व का बोध हम सब में हो। साथ ही साथ किसान और जवान के प्रति हमारे अंदर सम्मान का भाव बढ़े ऐसा आग्रह किया।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर उपायुक्त समेत वरीय अधिकारियों ने किया माल्यार्पण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के उपलक्ष्य में गांधी पार्क स्थित गांधी जी की आदमकद प्रतिमा पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, डीसीएलआर, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, सहायक जिला सामाजिक सुरक्षा निदेशक सह जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित कई विभागीय पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

मौके पर उपायुक्त ने स्वच्छ गुमला, सुंदर गुमला के तहत सभी अधिकारियों एवं उपस्थित गणों को स्वच्छता से संबंधित शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी के विद्यार्थी भी मौजूद रहे, जिन्होंने उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष गांधीजी के आदर्शों एवं उनकी जीवनी पर भाषण एवं कविता सुनायी।



शपथ ग्रहण करते उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

**हम सबने मिलकर ठाना है भारत को स्वच्छ बनाना है**

इस दौरान विद्यार्थियों ने भारत को स्वच्छ बनाना है, हम सबने ठाना है जैसे नारे भी लगाये एवं स्वच्छ गुमला बनाने हेतु स्वयं एवं लोगों को जागरूक करने का प्रण लिया। उपायुक्त ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर वहां उपस्थित स्कूली छात्र-छात्राओं को गांधी जी के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन के कठिन परिस्थिति में भी हार न मानते हुए आगे बढ़ने की सलाह

# गांधी-शास्त्री जयंती पर प्रखंड की हर पंचायतों में हुआ स्वच्छता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर सोमवार को प्रत्येक पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा, स्वच्छता व आयुष्मान भवः कार्यक्रम किया गया। जिसके तहत सढ़ाबे पंचायत भवन में उपस्थित ग्राम सभा में मुखिया सुमित्रा उरांव की अध्यक्षता में अपने क्षेत्र स्थित जंगलों की रख रखाव व प्रकृति के संरक्षण के लिए सपथ दिलायी गयी।

साथ ही पंचायत स्थित सीएससी सेंटर में सेंटर सहित पंचायत भवन में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गयी। मौके पर आयुष्मान कार्ड से वंचित कार्डधारकों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन करते हुए पंचायत मुखिया सुमित्रा उरांव ने कहा कि आज के इस विशेष दिन प्रज्ञा केंद्र संचालक मृत्युंजय तिवारी ने स्वच्छता अभियान व कार्डधारकों का आयुष्मान कार्ड बनाने से ग्रामीणों को पांच लाख तक का इलाज कराने में सहूलियत होगी।

साथ ही प्रज्ञा केंद्र से आये दिन क्षेत्र के ग्रामीणों को लाभ मिलता है। इस कार्यक्रम में हनहट, गजनी, कैरो, नरौली, गुड़ी व गजनी पंचायत भवन में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत, उप मुखिया जगबन्धन भगत, पंचायत सचिव जग्गू उरांव, रोजगार सेवक परवेज आलम, सीएससी संचालक एम तिवारी, सहिया उर्मिला उरांव, सरोज उरांव, एत्मनिया उरांव, फलिंदर रविदाश, जोगेंद्र उरांव, श्रवण मुंडा, नौशाल अली, दिलीप कुमार सिंह, इकबाल असारी, श्रवण साहू सहित ग्रामीण मौजूद थे।



लोगों को शपथ दिलाते पदाधिकारी।

स्पीड न्यूज

## गांधी चौक पर उपायुक्त ने राष्ट्रपिता को किया नमन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर कोडरमा बाजार स्थित गांधी चौक पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, नजारत उप समाहर्ता सना उस्मानी, डीएमओ दारोगा राय, प्रणन सचिव अभिषेक आनंद द्वारा माल्यार्पण कर नमन किया गया। इसके साथ ही समाहरणालय परिसर में लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती पर भी उनके मूर्ति पर उपरोक्त सभी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत कोडरमा, सहायक जनसंपर्क अधिकारी अविनाश कुमार व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## आरपीवाई बीएड कॉलेज में गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पण व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक प्राध्यापक संजीव कुमार ने किया। इस दौरान सत्र 2022-24 के प्रशिक्षु जयनंदन विश्वकर्मा, सोनाली भारती, गौरव कुमार ने महात्मा गांधी के विचारों को लोगों के सामने रखा। कार्यक्रम को सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय, मो.सेराज, जगदीप सिंह, हरचरण सिंह आदि ने भी संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ.लक्ष्मी सरकार ने कहा कि गांधी जयंती हमें बापू के आदर्शों की याद दिलाती है। गांधी जी की विचारों से केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लाखों लोग प्रभावित हैं और उनसे प्रेरणा लेते रहे हैं।

## आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ में राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनी



**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान पुरुष अहिंसा के प्रवर्तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती मनाई गई। साथ ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की भी 119वीं जयंती विद्यालय सभागार में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा प्रिया कुमारी और उनके साथियों ने ''वैष्णव जन तेने कहिए'' गीत प्रस्तुत किए तथा वर्ग सप्तम की छात्राओं ने गांधी जी का मनपसंद भजन रघुपति राघव राजा राम की प्रस्तुति की। विद्यालय के छात्रों ने भी भाषण के माध्यम से गांधी जी एवं शास्त्री जी के विचारों को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य पुनीत यादव एवं संचालन विद्यालय के कॉर्डिनेटर महेन्द्र कुमार एवं छात्रा मुस्कान कुमारी ने किया। वहीं प्राचार्य पुनीत यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ही संघर्ष, तप और अंग्रेजों से सीधा मुकाबला करने की साहस का परिणाम है कि आज हम सभी आजाद भारत में जीवनयापन कर रहे हैं। मौके पर अर्जुन चंद्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, महेन्द्र कुमार पांडेय, महेन्द्र कुमार, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, जन्नत प्रवीण, पम्मी राय आदि शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

## ग्रिजली विद्यालय में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। विद्यालय सभागार में आयोजित विशेष कार्यक्रम में ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, संयोजक विजय कुमार सिंह, जीतेन्द्र कुमार चौधरी, बीडी नस्कर, तुषार रॉय चौधरी, सुधांशु कुमार ने उनकी तस्वीरों पर माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं सीईओ प्रकाश गुप्ता ने अपने सम्बोधन में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाते हुए उनके विचारों और संदेशों को प्रस्तुत किया और आग्रह किया की जब भी कोई कठिन परिस्तिथि सामने आ जाए तो एक बार हमें महात्मा गांधी जी के दिए गए शिक्षा एवं अनमोल विचारों को जरूर अमल में लाना चाहिए एवं भारतीय इतिहास में इन महापुरुषों के द्वारा किये गए महत्वपूर्ण घटनाओं के प्रति जागरूक किया। वहीं सुजल कुमार ने महात्मा गांधी के वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दी। मौके पर पंकज उपाध्या, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी आदि मौजूद थे।

# मुन्ना भाई एमबीबीएस डॉक्टर ने एक सप्ताह में ली दो की जान, स्वास्थ्य विभाग मौन

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** जिले में झोलाछाप डॉक्टर के कारण फिर एक युवक की जान चली गई। न्यू पुलिस लाइन के समीप संचालित एमएस सेवा सदन में झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन लगाते ही एक मरीज की मौत हो गई है। मरीज प्रमिल यादव (26) सदर थाना क्षेत्र के डमडोईया गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि युवक को कराया। जिसमें लीवर में पानी होने की बात कहीं गई। सदन के संचालक ने लीवर से पानी निकालने की बात कह कर उसे भर्ती कर लिया। जहां मशीन के द्वारा पानी निकाला जा रहा था। इस दौरान रविवार को उसकी बेचैनी बढ़ गई। इसके बाद उसकी मौत हो गई। यह देख संचालक क्लीनिक से फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि गलत ईलाज के कारण उसकी मौत हुई है। आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने एमएस सेवा सदन के समीप जमकर हंगामा किया. प्रमील के दो छोटे छोटे पुत्री हैं। उसकी पत्नी व परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है। मालूम है कि 25 सितंबर को सिमरिया में झोलाछाप ने गलत ईलाज कर 12 वर्षीय बालक की जान ले ली थी। इस तरह जिले में झोलाछाप के गलत ईलाज के कारण लोगों की जान जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से झोलाछाप का मनोबल बढ़ा हुआ है। मरीजो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। लगातार गलत इलाज के कारण लोगों की मौत हो रही है।

## रक्त दान शिविर का आयोजन

### 25 लोगों ने किया रक्त दान

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** स्वैच्छिक रक्त दान शिविर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर अहिवरण वंशज मोदी बर्णवाल समाज ने सोमवार को अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी की अध्यक्षता में झुमरीतिलैया के रामेश्वर वैली स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ आर. के दीपक, रेड क्रास सोसाइटी के सुरेश पिलानियां, आरबीएस की प्राचार्य रश्मि प्रवीण बर्णवाल व अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर संयुक्त रूप से पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलन कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को हर 3 माह में रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कोडरमा के सामाजिक संगठन अहिवरण वंशज द्वारा इस तरह के आयोजन की सराहना की। वहीं रेड क्रास सोसाइटी के डॉ.आर. के दीपक ने कहा कि रक्तदान सभी स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा 18 से 55 वर्ष के लोग रक्तदान कर सकते हैं। अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने कहा कि संगठन द्वारा सामाजिक गतिविधियां के तहत हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस दौरान विकास बर्णवाल, पंकज बर्णवाल, अजय कुमार बर्णवाल, सृष्टि पाठक, पंकज बर्णवाल, साहिल मोदी, रोहित कुमार, सूरज कुमार, सुनील कुमार, प्रिंस कुमार आदि ने रक्त दान किया। मौके पर प्रवीण कुमार बर्णवाल, अरविंद सेठ, संतोष साव, पल्लव कुमार, अमित कुमार, वरुण मोदी समेत कई लोग मौजूद थे।

## सिविल सर्जन कार्यालय में मनायी गयी गांधी जयंती




**कोडरमा।** सिविल सर्जन सभागार में गांधी जयंती के अवसर पर गांधी जी की चित्र पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, एसीएमओ डॉ. रंजीत कुमार, डीएलओ डॉ. रमण कुमार, डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार, डीएस डॉ मनोज कुमार, डॉ. रविकांत कुमार, डीपीएम महेश कुमार, डीपीसी पंकज कुमार, रूपेश कुमार, सुमित कुमार ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित किया। वहीं सीएस डॉ. अनिल कुमार ने संबोधित करते हुए गांधी जी द्वारा किए गए समाज कल्याण कार्यों की चर्चा किया। वहीं डीएलओ डॉ. रमण कुमार ने कहा की 2 अक्टूबर गांधी जी के जन्म दिवस को कुष्ठ निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। गांधी जी ने कुष्ठ मरीजों के लिए व्यापक रूप से कार्य किए थे, ताकी समाज में कुष्ठ से प्रभावित व्यक्तियों से कोई भेदभाव नहीं हो।

## सांसद ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी क्षेत्र भ्रमण के दौरान सोमवार को पंचायत नावाडीह 1 के पंचायत सचिवालय में हो रही ग्राम सभा पहुंची। सांसद ने सर्व प्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं सांसद को पंचायत क्षेत्र से आए ग्रामीणों ने जन समस्या सुनाया। इस दौरान लोगों ने न्यू गिरिडीह से रांची जा रही इंटरसिटी ट्रेन नावाडीह स्टेशन पर ठहराव की मांग किए। वहीं सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटों पर आरक्षण का प्रावधान किए, सैनिक स्कूल में लड़कियों का नामांकन दाखिल नही किया जा रहा था लेकिन प्रधानमंत्री ने सैनिक स्कूल में लड़कियों का नामांकन दाखिल कराने का काम सुनिश्चित कराए। मौके पर बैजन्ती देवी, राजकुमार यादव, विजय यादव, कैलाश यादव, बसंत साव, बेदू साव, राजकुमार, हीरालाल यादव, अवधेश सिंह, पवन सिंह समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने मनाया राष्ट्रपिता व देश के पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान की अध्यक्षता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154वीं एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कांग्रेस जिला कार्यालय में मनाई गई। सर्वप्रथम कांग्रेस जिलाध्यक्ष भरत पासवान ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि यह दिन देश की दो महान विभूतियों के जन्मदिन के तौर पर इतिहास के पन्नों में दर्ज है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर 1969 को हुआ था। उनके कार्यों तथा विचारों ने देश की स्वतंत्रता और उनके बाद आजाद भारत को आकार देने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

## सर्व धर्म सभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर शहीद स्मारक 'फांसी तालाब, पर सर्व धर्म सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अबू इमरान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। जहां उपायुक्त ने राष्ट्रपिता को स्मरण करते हुए उनकी तस्वीर में पुष्प अर्पित किया। उपायुक्त के अलावे डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी समेत मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वहीं शहीद स्मारक पर लगे शहीद जयमंगल पांडे और शहीद नादिर अली खां के चित्र पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में सभी धर्म के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को स्मरण करते हुए आपस में भाईचारा एवं प्रेम की भावना रखते हुए उनके दिखाए अहिंसा के राह पर चलने की बात सभी धर्मों के लोगों द्वारा कही गई। साथ हीं चतरा के इतिहास में शहीदों द्वारा दिए गए बलिदान को भी याद किया गया। उपायुक्त ने कहा कि हमे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नीति एवं सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाकर उसे लागू करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## थाना परिवार की ओर से चलाया गया सफाई अभियान

**कुन्दा (चतरा)।** गाँधी जयंती के अवसर पर कुन्दा थाना परिसर व आसपास के क्षेत्रों में थाना परिवार की ओर से सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कुन्दा थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह ने काहा की गांधी जी सफाई व स्वच्छता को अपने जीवन की शैली का अभिन्न अंग मांगते थे।

## पेंशनर समाज ने गांधी जी और शास्त्री जी का नमन किया

**कोडरमा।** पेंशनर समाज कार्यालय में सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भारत के पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी नमन किया गया।

### एक तरफ बारिश की पानी से लोग परेशान, दूसरी तरफ पीने के लिए पानी की किल्लत

## नदी का लाल व गंदे पानी पीकर लोग हो रहे हैं बीमार, जिम्मेवार कौन?

रबिन्द्र दास

**जल ही जीवन है, लेकिन टंडवा में जल ही बीमारी व मौत का कारण**



**टंडवा में गंदे पानी पीने से लोग हुवे शिकार**

बीते दो दिन पूर्व 38 वर्षीय दीपा देवी की बीमारी से हुई मौत, जबकी ग्वालटोली से उमेश यादव एवं निम चौक से महेश राम चट्टी गाडीलौंग से गौरी महतो समेत अन्य लोग पिछले कई महीनों से बीमार हैं।

**टंडवा (चतरा)।** औद्योगिक नगरी कहे जाने वाले टंडवा में अधिकतर कहावत उल्टा साबित हो रही है। जैसे चिराग तले अंधेरा जहां से बिजली उत्पादन कर पूरे देश को रोशनी की जा रही है, वहीं टंडवा अंधेरे में लटका है। उसी प्रकार से जल ही जीवन है, लेकिन टंडवा में जल ही बीमारी की जड़ और मौत का कारण बना हुवा है। आपको बता दूं कि टंडवा में लगभग सवा लाख की आबादी नदी के इस गंदे व लाल पानी पीने के लिए विवश है। जिसका कारण एनटीपीसी का बैराज व पानी संग्रह करने वाला नदी में बना कुआं है। वही पीएचइडी विभाग द्वारा टंडवा में लगाए गए पाइपलाइन एवं क्षेत्र में की हुई बोरिंग की जलस्तर में गन्दी पानी का प्रवेश हो रहा है। जिससे गंदे व लाल पानी पीकर लोग बीमारी का दंश झेल रहे हैं। इधर लगातार बारिश होने की वजह से लोग अपने अपने घरों में दुबके हैं। जबकि पीने योग्य कहीं पानी न मिलने से टंडवा वासी परेशान है। वही बैराज से सटे गड़ेरिपार जहां एक ही चापानल है, और वहाँ प्रतिदिन कई मुहल्ला से दर्जनों महिलाएं पानी के लिए लाइन में रहकर घण्टों इंतजार करती है, और वहां से गंदे पानी लाकर पूरे परिवार पी रहे हैं।

लोगों की माने तो एनटीपीसी के सीएसआर मद के तहत विस्थापित गांवों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना था, जबकि यह सब नही होना, और कहावतों को उल्टा साबित कर देना यह टंडवा के लिए दुर्भाग्य है। फिलहाल कुछ लोग खरीद कर पानी पी रहे हैं। अब शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कैसे हो इसके लिए समाजसेवी सह वार्ड संघ के प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र भगत ने जल्द ही चतरा उपायुक्त से मुलाकात कर समस्या समाधान की मांग करेंगे।

एक नजर में

## गढ़वा में जादू का जलवा बिखेरेंगे जादूगर आर सरकार



कन्फ्रेंस करते जादूगर आर सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** प्रसिद्ध जादूगर आर सरकार अब गढ़वा में अपनी जादू का जलवा बिखेरेंगे। उनकी जादुई शक्ति से जादू शो के स्टेज पर डायनासोर भी प्रकट होगा। साथ ही कई अन्य आकर्षक व बेहतरीन मैजिक भी गढ़वा वासियों को देखने को मिलेगा। जादूगर आर सरकार ने सोमवार को शहर के नवादा मोड़ स्थित उमंग वाटिका में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उमंग वाटिका में 3 अक्टूबर को संया 6:30 बजे जादू शो का उद्घाटन किया जाएगा। इसका उद्घाटन गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह करेंगे। उन्होंने कहा कि इस जादू शो में डायनासोर मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। वे अपनी जादुई शक्ति से जादू शो के स्टेज पर डायनासोर को प्रकट करेंगे। साथ ही जादू शो में अन्य आकर्षक मैजिक का भी प्रदर्शन किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे, 3:00 बजे एवं संया छह बजे से शो प्रारंभ किया जाएगा। प्रत्येक शो दो घंटे का होगा। जादूगर आर सरकार उर्फ़ निरंजन कुमार आजाद बिहार शरीफ के निवासी हैं। वे बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि प्रदेशों सहित नेपाल में भी अपना जादू दिखा चुके हैं। इससे पूर्व उनका शो डाल्टनगंज में चल रहा था। उन्होंने बताया कि वे विलुप्त हो रही चीजों एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर भी फोकस करते हैं। मौके पर राहुल तिवारी, प्रेम ानराज आदि लोगों उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत के विवाह मंडप में महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम नगर पंचायत कार्यालय द्वारा कार्यपालक पदाकिारी शैलेश कुमार की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आरसी यूनिवर्सिटी के कुलपति सह विधायक पुत्र डा. ईश्वरसागर चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, उपाध्यक्ष सुनीता देवी, सांसद प्रतिनिधि शोभा जायसवाल एवं थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित आदि अतिथियों ने महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलित कर की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक साथ स्वच्छता का शपथ लिया। इस अवसर पर सभी सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित रन फर मझिआंव, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता में शामिल उत्क्रमित उच्च विद्यालय मझिआंव, कन्या मध्य विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय अखौरी तहले के सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि हम जहां भी रहें लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते रहें, यही हम लोगों को महात्मा गांधी के प्रति सही स्वच्छाजंली होगी। सम्मानित होने वालों में आनंद कुमार, सोनू कुमार, राहुल कुमार, आशुतोष कुमार चंद्रवंशी, रजनीश कुमार, लवकुश कुमार, रोहित कुमार गुप्ता, अनिमेश कुमार गुप्ता, शिवानी कुमारी, पम्मी कुमारी, लक्की कुमारी, नेहा कुमारी, डली कुमारी, खुशबू कुमारी, अम्बा कुमारी, ज्योति कुशवाहा, आति कुमारी, रिया कुमारी, आस्था कुमारी, प्रिया कुमारी एवं नीतू कुमारी का नाम शामिल हैं। मौके पर सिटी मैनेजर जितेश कुमार, राकेश कुमार पाठक, कम्युनिटी अर्गेनाइजेशन विश्वनाथ कुमार, नाजीर अमित कुमार पाठक, स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, अनूप कुमार तिवारी, रामाशीष राम, विकास कुमार सिंह, वीरेंद्र चौधरी, विश्वजीत कुमार सहित नगर पंचायत के कर्मचारी, सफाई मित्र एवं प्रतिभागी छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

## जीएन कान्वेंट में गांधी जयंती पर भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




बच्चों के साथ निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कन्वेंट (10+2) स्कूल में सोमवार को गांधी जयंती व स्वच्छता अभियान कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं उप प्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर बच्चों के बीच भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चयनित छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में रौनक कुमार ने प्रथम, अनुपम कुमार ने द्वितीय, आदित्य प्रकाश ने तृतीय जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता में रिबिका कुमारी ने प्रथम, गोविंद कुमार ने द्वितीय तथा हिमांशु कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि गांाजी के जन्मदिन को न सिर्फ भारत में बल्कि विश्व स्तर पर अहिंसा के अग्रदूत के रूप में मनाया जाता है। अहिंसक आंदोलनों को बढ़ावा देने में गांाी जी के महत्वपूर्ण प्रभाव के कारण इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। अहिंसा सबसे बड़ा र्म और कर्तव्य है। यदि हम इसका पूरा पालन नहीं कर सकते तो हमें इसकी भावना को अवश्य समझना चाहिए। जहां तक संभव हो सके हिंसा से दूर रहकर मानवता का पालन करना चाहिए। मौके पर शिक्षक खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, संजीव कुमार, आलोक सिन्हा, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, सुषमा तिवारी, निलम कुमारी, शिवानी कुमारी, सुनिता कुमारी, संतोष प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### एमएस महाबोधी इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया में मनाया गांधी जयंती


मौके पर मौजूद लोग।

**लातेहार।** पांनी टंकी स्थित एमएस महाबोधी इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया में सोमवार को छात्रों के द्वारा गांधी जयंती मनाया गया। इस दौरान महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान इंस्टीच्यूट के डायरेक्टर कौशल्या कुमारी ने कहा कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जिन्हें हम बापू और राष्ट्रपिता के नाम से संबोधित करते हैं, महान महापुरुष और स्वतंत्रता सेनानी थे समेत कई बातें बताई। मौके पर रविन्द्र यादव, सेजल कुमारी गुप्ता, अखलेश कुमार यादव, गोविंद सिंह, प्रदीप सिंह, देव कुमार, साजाद, पलक कुमार, बबीता कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### ग्राम वन समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाया गया

**मनिका।** मनिका प्रखंड स्थित पंचायत सचिवालय के सभागार में दिन सोमवार को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर ग्राम वन समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष विशाल पासवान,सचिव पंकज यादव समेत सभी सम्मानित सदस्यों को मनिका पंचायत के मुखिया सत्येंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण करवाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि हम सबों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना है पेड़ हमारे पुत्र के समान है इसकी रक्षा करना हम सबों का कर्तव्य बनता है। वहीं मिथिलेश पासवान ने कहा कि हम सबों को एकजुट होकर वन की कटाई रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, पंचायत सचिव आत्मा सिंह, रानी देवी, अमरदीप पासवान, कल्टु पासवान, श्यामलाल पासवान, केशो यादव, जोगेंद्र यादव, संजय यादव, गुड़ी देवी, बीरबल यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड सह पंचायत कार्यालय में मनाई गई गांधी जयंती

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखण्ड के प्रखण्ड सह पंचायत कार्यालय में सोमवार को गाँधी जयंती के शुभअवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सालखु हेम्ब्रम के द्वारा महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्मन कर जयँती मनाई गयी। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि गाँधी जी के विचारधाराओं पर हमें चलने की जरूरत है। जिस प्रकार से उन्होंने देश के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य किया है। हमें भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करने की अवश्यकता है। इस अवसर पर शपथ ग्रहण करते हुए पंचायत स्तरीय विशेष ग्रामसभा का आयोजन पंचायत सचिव अनुप कुमारी के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुखिया प्रमीला देवी, स्वास्थ्यकर्मी शुशिला कुमारी, शुशिला तिर्की, वार्ड सदस्य आशा कुमारी, कृषि मित्र सुलेमान अंसारी, सांसद प्रतिनिधि सुनिल प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर हुसैन, बीस सुत्री सदस्य उमेश प्रसाद, असगर हुसैन, कार्तिक उरांव, महेन्द्र सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थें।

### खतियानी संघर्ष समिति के केंद्रीय संस्थापक पहुंचे बालूमाथ


स्वागत करते कार्यकर्ता।

**बालूमाथ।** झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के केंद्रीय संस्थापक सदस्य मनोज यादव के पलामू जाने के क्रम में बालूमाथ में झारखंड भाषा खतियानी संघर्ष समिति के कार्यकताओं से मुलाकात की। मौके पर कार्यकताओं ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर बोलते हुए मनोज यादव ने कहा कि झारखंड बनाने के लिए झारखंडियों ने कुबार्नी दी है। जब तक 1932 खतियान लागू नहीं हो जाता तब तक जेबीकेएसएस चुपचाप नहीं बैठेगी। मौके पर जेबीकेएसएस लातेहार जिला अध्यक्ष पप्पू यादव, बालूमाथ प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल यादव, बरियातू प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप भोक्ता, बालूमाथ प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद यादव, प्रेम यादव, सतीश यादव, दिलीप यादव, रूपेश यादव, उपेंद्र यादव, कुंदन यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### सिबला मे आयुष्मान भवः शिविर का किया गया आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत भवन परिसर मे सीएचओ ममता कुजूर, एएनएम अर्चना हस्सा की अध्यक्षता मे आयुष्मान सभा का आयोजन किया गया। जहाँ पंचायत के सभी सहियाओं सहित उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुषों को जानकारी देते हुए शिशु मातृत्व सुरक्षा, टीवी कुष्ठ व अन्य रोग नियंत्रण, एनसीडी गैर संचारी रोग, प्रथम तिमाही जांच कराने पर जोर, पंचायत क्षेत्र मे किसी को भी नया बीमारी जो दूसरे से पता चलता है और नहीं कह सकते उप केंद्र व सीएचसी ले जाकर सही उपचार करवाना सहित कई तरह के महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वहीं गाँव टोले से आए कई ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड बनाया गया साथ ही आयुष्मान कार्ड से आम जनो को मिलने वाले फायदे के सम्बन्ध मे भी जानकारी दी गई।

श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़,रथ में मौजूद महात्माओं एवं अतिथियों को बजरंग दल ने किया सम्मानित

# मनिका प्रखंड में शौर्य जागरण यात्रा का किया गया भव्य स्वागत,जय श्री राम के जयकारे से गुंजा क्षेत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से चलकर आ रहे शौर्य जागरण यात्रा रथ के स्वागत को लेकर दिन सोमवार को संयोजक अंकित कुमार के अध्यक्षता में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करके आ रहे शौर्य जागरण रथ एवं रथ में मौजूद महात्माओं व अतिथियों को पलामू जिले के बॉर्डर पर स्थित बकोरिया पहुंचने पर बजरंग दल कमेटी मनिका के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वहीं सैकड़ो की संख्या में राम भक्त दो पहिया एवं चार पहिया वाहन और गाजे बाजे के साथ हाई स्कूल के मैदान तक पहुंचे जहां से पैदल नगर भ्रमण करते



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।


शौर्य जागरण रथ यात्रा।

हुए लोगों के द्वारा रथ को सिंजो पंचायत स्थित शिव मंदिर के प्रांगण तक लाया गया इस दौरान श्रद्धालुओं के जय श्री राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो उठा। वहीं मंदिर के प्रांगण में विशाल धर्म सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां सभी महात्माओं एवं अतिथियों को बजरंग दल के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए अयोध्या मंदिर निर्माण के लिए बने ट्रस्ट के कामेश्वर चौपाल ने कहा कि आज उन सनातनियों भाइयों का कई वर्षों पूर्व का सपना साकार हुआ है जिन्होंने प्रभु श्री राम के मंदिर बनाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिए हैं। आज हमारे समाज में लोग जाति बंधन में विखंडित हो गए हैं हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम सभी अपने जाति का वर्णन ना करके सिर्फ हिंदू या सनातनी कहने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष 2024 में भगवान श्री राम का मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्य होगा हम सभी हिंदू समाज के लोगों को जागृत करने आए हैं कि प्रभु श्री राम के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेकर अपने जीवन को सफल बनाएं। मौके पर जिप सदस्य बलवंत सिंह, मुखिया सत्येंद्र कुमार सिंह, बबन पासवान, शंकर दुबे, दिनेश राय, दिलेश्वर यादव, शिक्षक गोविंद पासवान, संजय लोहार, राजेश शर्मा, राजदेव मांझी, रजत कुमार, डॉक्टर चंदन गुप्ता, मधुरेश कुमार, चंदन यादव, आकाश भारती, अमन कुमार, निक्की कुमार, बिरजू सिंह, परमेश्वर सिंह, राजाराम सिंह, विकास कुमार, मुकेश कुमार, अभय कुमार, अमर प्रसाद, डिग्लू राय, रोशन कुमार, लकी कुमार, मोंटी कुमार, सुधीर पासवान, पंकज यादव, विनोद यादव, रवि पासवान, मुरारी ठाकुर, रघुपाल सिंह, लव कुमार दुबे, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता पांच को

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** पर्यटन, कला- संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, रांची के निदेशानुसार लातेहार जिला में आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल का विकास योजना के अंतर्गत ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन आगामी 5 अक्टूबर को जिला स्टेडियम लातेहार में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का जनजातीय प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। जिला खेल पदाधिकारी लातेहार संजीत कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में तीरंदाजी, गुलेल, मटका दौड़, गेड़ी दौड़, भारा दौड़ और सेकोर खेल की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्र सीमा 14 वर्ष से ऊपर और 40 वर्ष से कम हैं। प्रतिभागियों का निबंध 4 अक्टूबर 2023 को जिला खेल कार्यालय में किया जाएगा है। 4 अक्टूबर को निबंध खिलाड़ी ही 5 अक्टूबर की प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। जिला खेल पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि तीरंदाजी में 20 मीटर की दूरी से टारगेट पर निशाना लगाना है, जो ग्रामीणों द्वारा निर्मित तीर धनुष होगा। गुलेल में 10 मीटर की दूरी पर लक्ष्य का निशान लगाना है, जिसमें पांच अवसर दिए जाएंगे। मटका दौड़ में 30 मीटर की दौड़ होगी, जिसमें सर पर मटका रखकर दौड़ा जाएगा। गेड़ी दौड़ में 50 मीटर की दूरी होगी, जिसमें बांस के डंडे के सहारे दौड़ होगा। दौड़ में कंवर की तरह दोनों ओर सामान भर रखकर दौड़ होगी। जिसमें वयस्कों के लिए 10-10 किलो का भार तथा बच्चों के लिए पांच-पांच किलो का भरा होगा, जो 50 मीटर की दौड़ होगी। जिला खेल पदाधिकारी लातेहार श्री कुमार ने लातेहार जिला में संचालित सभी आवासीय एवं डे बोर्डिंग प्रशिक्षण


बैठक में उपस्थित लोग।

केंद्र के प्रशिक्षकों को उक्त प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए 5 अक्टूबर को सुबह 7:00 बजे जिला स्टेडियम लातेहार में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके उपरांत सभी प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त महिला/पुरुष, बालक/बालिका खिलाड़ी प्रमंडल स्तर पर आयोजित ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पलामू रवाना होंगे। जहां सभी खिलाड़ी लातेहार जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के स्वदेशी खेल में भाग लेने हेतु जिले के ग्रामीणों से अपील की है।

## कांग्रेसियों ने मनायी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता


मौके पर उपस्थित लोग।

**चंदवा।** चंदवा प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी के द्वारा सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम दिप प्रज्वलित व दोनो महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जयंती के मौके पर बोलते हुए पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा है कि स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने कई आंदोलन किए। इसमें सत्याग्रह और खिलाफत आंदोलन, नमक सत्याग्रह, डांडी यात्रा आदि शामिल है। गांधी जी ने देश की आजादी की लड़ाई में अहिंसा की सिद्धांत अपनाया। उन्होंने सच्चाई, संयम और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।मौके पर रामयश पाठक, सेवादल जिला अध्यक्ष बाबर खान, निर्मल कुमार भारती, श्रीराम शर्मा, अरुण भारती, दामोदर उपाध्याय, कैलाश बैठा, बालजी उरांव, सरवर अंसारी, मजहर खान, मोहम्मद फिरोज, संतोष सिंह, सागर प्रजापति, युनुस खान, छटन राम, मोहम्मद रसीद, गिदयोन खाखा, राजू भारती, मालिजान खान, सद्दाम खान, सरफुद्दीन मियां, रफीक आलम, रौशन टेलर, रिझरुस पाल एक्का सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## भारी बारिश से हई क्षति का आकलन करने का बीडीओ ने जारी किये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जमकर कहर मचाया है। हालत यह है कि जहां एक तरफ प्रखण्ड मुख्यालय के आदर्श नगर और बाजार क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश का पानी भर जाने के चलते लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। आदर्श नगर इलाके में नाली जाम होने के कारण उसका गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाने से उन्हें काफी कठिनाई हो रही है। मूसलाधार बारिश के बाद छठ नदी, देवरी नदी, कोयल नदी और ततहा नदी आदि मे भारी उफान देखा जा रहा है। ततहा नदी में उफान के कारण सड़क डूब गई है, और सड़क के ऊपर से पानी गुजर रहा हैं। जिस कारण ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है। वहीं कई जगहों पर गरीबों के कच्चे आशियाने गिर गए है। इधर भारी बारिश को देखते हुए बरवाडीह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं राजस्व कर्मी को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने पंचायत में क्षेत्र में हुए नुकसान का आकलन कर लें और उसकी एक सूची बनाकर प्रखंड कार्यालय को सौंप दें, ताकि जिला प्रशासन को मूसलाधार बारिश से हुई क्षति के संबंध में रिपोर्ट किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी मुखिया, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मी आपस में समन्वय बिठाकर के भारी बारिश से हुई क्षति का आकलन करेंगे।

### दुर्गा पूजा समिति वनशक्ति मंदिर की बैठक सम्पन्न

चंदवा। एनएच-75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के वन शक्ति मंदिर में आगामी दुर्गापूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर धर्मप्रेमियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दुर्गा पूजा को भव्य तरीके से मनाने, आकर्षक सज्जो सजा, प्रकाश व्यवस्था समेत कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कई निर्णय लिया गया। दुर्गा पूजा को सफल बनाने को लेकर सर्वसम्मति से पूजा कमिटी का भी गठन किया गया, समिति का अध्यक्ष सरदार सिंह, सचिव उपेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष विकाश कुमार, कोषाध्यक्ष भोला सिंह, उपकोषाध्यक्ष मुरारी साव को बनाया गया। वहीं राजेश प्रसाद, प्रदीप सिंह, सीताराम प्रजापति, संदीप कुमार, शुभम कुमार, सोनू कुमार व अन्य को सदस्य बनाया गया है।बैठक में दर्जनों की संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद थे।

## सड़क पर बने गड्ढे के कारण अनियंत्रित हुई चेचिस वाहन, इंदिरा चौक पर अशोक स्तम्भ को किया ध्वस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित चंदवा शहर के इंदिरा चौक पर रविवार की देर रात्रि एनएच पर बने गड्ढे के कारण एक चेचिस वाहन और नियंत्रित होकर चौक पर लगे दशकों पुराना अशोक स्तंभ को जोरदार टक्कर मार दी। चेचिस वाहन के धक्के से अशोक स्तंभ ध्वस्त हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पुलिस मौके पर पहुंची व वाहन एवं चालक को अपने कब्जे में ले लिया। मामले में चंदवा थाना में प्राथमिक दर्ज कर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। गौरतलब हो कि चंदवा के इंदिरा गांधी चौक में बना यह अशोक स्तंभ दशकों पुराना है और यह


ध्वस्त अशोक स्तम्भ।

चंदवा का अमूल्य धरोहर के रूप में चंदवा का इतिहास संजोये हुए है। इस अशोक स्तंभ का निर्माण चंदवा के प्रसिद्ध संवेदक रहे स्व. भरत दुबे ने कराया था। इसके निर्माण में पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता का भी बड़ा सराहनीय योगदान रहा था। उक्त संवेदक के द्वारा जब पथ निर्माण विभाग के विश्रामागार का निर्माण कराया जा रहा था उसी समय इसका निर्माण भी कराया गया था। जिसके ध्वस्त हो जाने से चंदवावासियों में काफी आक्रोशित है। लोगो ने स्थानीय प्रशासन से उसी स्थान पर अशोक स्तंभ का पुनः निर्माण करने की मांग किया है। साथ हीं इंदिरा गांधी चौक के समीप एनएच-75 पर बने गढ़े को शीघ्र भरने की मांग भी की है। बताया कि एनएच पर बने इस गढ़े के कारण आये दिन दुर्घटना घटित हो रही है।

## राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने मनाई बापू और शास्त्री की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सोमवार को बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय समेत विभिन्न जगहों पर राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की ओर से धूमधाम से मनाई गई। प्रखण्ड कार्यालय में आहूत जयंती सामरोह में बीडीओ राकेश सहाय ने नेतृत्व में प्रखण्ड और अंचल कर्मियों ने दोनो महापुरुषों की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं कांग्रेस कार्यालय में प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता के नेतृत्व में जयंती समारोह का आयोजन किया गया था। जहां प्रिंस गुप्ता ने कहा कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जिन्हें हम बापू और राष्ट्रपिता के नाम से संबोधित करते हैं, महान महापुरुष और स्वतंत्रता सेनानी थे। विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह ने कहा कि यदि हम यह कहें कि आज के भारत के निर्माण में गांधी जी का सर्वाधिक योगदान था तो कुछ भी गलत नहीं है, क्योंकि भारत की स्वतंत्रता और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए उन्होंने सभी धर्मो के लोगों को एक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उधर रेलवे क्लब में महिला समिति की अध्यक्ष रेखा पाठक की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। रेखा पाठक ने कहा कि महात्मा गांधी ने तमाम उम्र सिर्फ देश के विकास के बारे में सोचा। वहीं शास्त्री जी ने देश की एकता एवं अखंडता को मजबूती दी। मौके पर उपाध्यक्ष सुधा दुबे, रत्ना सिंह, शमा परवीन, सोनी देवी, रेणु देवी, नीलू कुमारी, कोमल कुमारी, अनिता कुमारी,


श्रद्धा सुमन अर्पित करते बीडीओ।

अमृता रश्मि, आरती देवी, शर्मावती देवी, रूबी सिन्हा, आशा सिंह और सागर गुप्ता सहित महिला समिति की कई महिलाएं उपस्थित थी।

## झारखंड राज्य सब जूनियर बालक-बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड राज्य सब जूनियर बालक/ बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2023-24 के सफल आयोजन हेतु रविवार को बैठक संपन्न हुई। जिला स्टेडियम के निकट स्थित लातेहार जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय में संजीत कुमार की अध्यक्षता में बैठक को संपन्न किया गया। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी के अलावे लातेहार जिला वॉलीबाल संघ के सचिव, प्रवीण मिश्रा, उपाध्यक्ष नीरज चंद्रा उपस्थित हुए। बैठक की कार्यवाही में सर्वप्रथम लातेहार जिला वॉलीबाल संघ के सचिव श्री मिश्रा के द्वारा उपस्थित सदस्यों को लातेहार जिला में आगामी नवम्बर माह में आयोजित की जाने वाली झारखंड राज्य सब जूनियर बालक बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला खेल पदाधिकारी श्री कुमार ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु अगली बैठक में आयोजन समिति का गठन एवं अन्य विषयों पर चर्चा का सुझाव दिया। साथ ही उन्होंने संघ के सचिव श्री मिश्रा को लातेहार में आयोजित प्रतियोगिता के अनुमानित बजट बनाने का जिम्मेवारी दिया।

उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

# राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन ने महात्मा गाँधीजी एवं लाल बहादुर शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जिला के पदाधिकारियों एवं समाहरणालय के कर्मियों ने भी उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहिया एवं नगर पंचायत के कर्मियों को इस मौके


पुष्प अर्पित करते डीसी।

पर उपायुक्त लातेहार के द्वारा सम्मानित किया गया। उपायुक्त लातेहार के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहिया ललिता देवी, सविता देवी, रेणु टोप्पो, सविता देवी, शकुंतला देवी, सिंधु देवी, जुलेखा बीबी, सुजनती देवी, शीला देवी, राजकुमारी देवी, बसंती कुमारी एवं शोभा देवी को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त लातेहार के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर पंचायत के कर्मी विनोद उरांव, मनोज उरांव, बलराम उरांव एवं राकेश राम को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के दौरान विद्यालयों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बीच सम्बन्ध विषय पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उपायुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित किये गये छात्र-छात्राओं में अलका कुमारी, रिया कुमारी, स्वाति कुमारी, प्रीतम कुमार, रानी कुमारी, पांजनी कुमारी, निशा कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, खुशबु कुमारी, वाहिदा परवीन, अर्चना कुमारी, अंकित यादव, सुशीला तिर्की के नाम शामिल है। उपायुक्त लातेहार ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हुये कहा अपने आस-पड़ोस की साफ-सफाई में योगदान देना महात्मा गाँधीजी को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी मोहनलाल मरांडी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी जितेंद्र गुप्ता, गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांश, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल दीपक महतो, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन एवं समाहरणालय के कर्मी उपस्थित थे।

### अंचलाधिकारी पर लगा प्रताड़ित करने का आरोप

**लातेहार।** खरवार भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने प्रेस बयान जारी कर बालूमाथ के अंचलाधिकारी आफताब आलम पर पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर भोगता समाज के विरुद्ध कार्य कर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाया हैं। उन्होंने बताया कि 28 सितंबर को भोगता समाज विकास संघ की बैठक हुई थी। उस बैठक में लगभग 50 लोग ही शामिल हुए थे। वहीं इस बैठक को लेकर बालूमाथ अंचलाधिकारी ने संघ (समाज) के नाम पर एक पत्र प्रेषित कर बैठक का स्पष्टीकरण कि माँग करते हुए कहा कि आपके द्वारा बिना सूचना दिये बैठक की गयी है। जिसके कारण बालूमाथ की विधि व्यवस्था बिगड सकती है।

# बिहार में जाति जनगणना के बीच जानें किस धर्म की कितनी आबादी

## कितने हैं हिंदू और कितने मुसलमान

हिन्दू - 81.99%
मुसलमान - 17.70%
ईसाई- 0.05%
सिख- 0.011%
बौद्ध- 0.0851%
जैन- 0.0096%
अन्य धर्म- 0.1274%




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार में सबसे ज्यादा 81.99 फीसदी (107192958 हिंदू हैं, जबकि मुसलमानों की संख्या 17.70 फीसदी यानी 2,31,49,925 है। तीसरे नंबर पर ईसाई समुदाय है और चौथे स्थान पर सिख समुदाय की आबादी है। बिहार में जाति जनगणना के बीच जानें किस धर्म की कितनी आबादी, कितने हैं हिंदू और कितने मुसलमान। बिहार में जाति जनगणना के आंकड़े नीतीश कुमार सरकार ने जारी कर दिए हैं। इन आंकड़ों में अत्यंत पिछड़ा वर्ग और अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी कुल मिलाकर 63 फीसदी है, जो सबसे बड़ा सामाजिक समूह है। इस सर्वे के आधार पर बिहार सरकार ने ब्राह्मण, भूमिहार, यादव, राजपूत, मुसहर समेत सभी जातियों की आबादी बता दी है। यही नहीं इस बीच यह जानकारी भी सामने आई है कि धार्मिक आधार पर किसकी कितनी संख्या है। सर्वे के मुताबिक राज्य में सबसे ज्यादा 81.99 फीसदी (107192958 हिंदू हैं, जबकि मुसलमानों की संख्या 17.70 फीसदी यानी 2,31,49,925 है। तीसरे नंबर पर ईसाई हैं और चौथे स्थान पर सिख हैं। जाति जनगणना की यह रिपोर्ट बिहार में सियासी परिदृश्य को पूरी तरह से बदल सकती है। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि इस बात की जानकारी तो अब पूरे देश में फैलानी चाहिए। चुनाव से पहले यही एजेंडा होना चाहिए और देश भर में आंदोलन खड़ा हो ताकि राष्ट्रव्यापी जातीय जनगणना हो सके। बता दें कि इस रिपोर्ट में सबसे ज्यादा संख्या यादव बिरादरी की पाई गई है, जो 14 फीसदी हैं। इसके अलावा राजपूतों की संख्या 3.45 फीसदी है और ब्राह्मण 3.65 पर्सेंट हैं। कुर्मी समाज की संख्या 2.87 फीसदी है और कोरी बिरादरी की आबादी 4.27 पर्सेंट है। अब अनुसूचित जाति की बात करें तो उनकी संख्या 19 फीसदी के करीब है और इसमें भी सबसे ज्यादा संख्या मोची, चमार और रविदास की है, जो 5.2 फीसदी हैं।

## जातीय जनगणना में बदली हुई सामाजिक और आर्थिक हकीकत को नहीं दशार्या गया: सम्राट चौधरी



बिहार में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नीतीश कुमार सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित गणना पर असंतोष व्यक्त करते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि इसमें पिछले कुछ वर्षों में 'बदली हुई सामाजिक और आर्थिक वास्तविकताओं' को नहीं दशार्या गया है। बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी ने जाति आधारित गणना कराए जाने को अपना समर्थन दिया था। उन्होंने कहा कि इस कवायद के आज सार्वजनिक किए गए निष्कर्षों का अध्ययन करने के बाद ही उनकी पार्टी टिप्पणी करेगी। विभिन्न समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को लेकर आंकड़े जारी नहीं करने के बारे में पूछे जाने पर चौधरी ने कहा, विभिन्न समुदायों की गणना के साथ-साथ यह भी सर्वेक्षण कराया जाना चाहिए था कि किसका उत्थान हुआ और किसका नहीं, इसको भी जारी किया जाना चाहिए था। बिहार सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, राज्य की कुल आबादी में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) की हिस्सेदारी 63 फीसदी से ज्यादा है। ऐसा माना जा रहा है कि इस सर्वेक्षण को कराए जाने से राज्य में सत्तारूढ़ महागठबंधन को राजनीतिक लाभ मिलने की संभावना है, क्योंकि वे ओबीसी और ईबीसी के हितों की रक्षा करने का दावा करता है।

## बापू की धूल धूसरित प्रतिमा गंदगी के अंबार में थी

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई कर बापू को किया नमन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज सभी कांग्रेसजन जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पुर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाने के पश्चात कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव के नेतृत्व में मेला मैदान में बापू जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने हेतु मेला मैदान पहुंचे तो वहां की स्थिति अत्यंत ही चिन्ताजनक थी बापू जी की प्रतिमा धुल धूसरित थी एवं प्रतिमा स्थल में चारों तरफ कुड़ा -करकट शराब की खाली बोतल एवं अन्य गंदे सामानों का जखीरा पड़ा हुआ था । यह दृश्य देखते ही सभी कांग्रेसजन हतप्रभ रह गए एवं फोन? पर नगर परिषद कार्यालय से सम्पर्क करते हुए उपायुक्त गोड्डा को यह सूचना दी गई इसके बाद सभी कांग्रेस जनो के साथ मिलकर सफाई कार्य में लगकर बापू की प्रतिमा को धो कर एवं दुध से नहलाकर पुष्प अर्पित किया गया। इसके साथ सभी कांग्रेसजनों ने एक स्वर में कहा की हमलोग फोटो खिंचवाने के लिए बापू को याद नहीं करते हकीकत में उन्हें राष्ट्रपिता मानते हैं एवं हरएक सप्ताह उनकी प्रतिमा स्थल की सफाई करने का संकल्प लिया।

## 90 पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर गोड्डा, जिले के गोड्डा प्रखंड अंतर्गत 34 पंचायत, पोड़ैयाहाट प्रखंड अंतर्गत 31 पंचायत , सुंदरपहाड़ी प्रखंड अंतर्गत 13 पंचायत एवं बोआरीजोर प्रखंड अंतर्गत 22 पंचायत के कुल सभी 90 पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बाकी बचे शेष पथरगामा, बसंतराय, मेहरमा, महागामा एवं ठाकुरगंगटी प्रखंड के सभी 111 पंचायतों में वन भूमि नहीं है, और ना ही किसी व्यक्ति की केवल वनभूमि व बनोपज पर आजीविका के लिए निर्भरता है? इस कारण अंचल में पूर्व में भी वन अधिकार समिति का गठन नहीं किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### 730 पीस नियोजल लदा बाइक पुलिस ने किया जब्त, चालक फरार

**पाकुड़।** जिले के मालपहाड़ी ओपी पुलिस ने गश्ती के दौरान पश्चिम बंगाल से बाइक में लादकर ला रहे 730 पीस नियोजल को जब्त किया है। हालांकि पुलिस को देखते ही चालक बाइक छोड़कर फरार हो गया है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**दुमका।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका–मसलिया मुख्य मार्ग पर विजयपुर गांव के पास रविवार की देर शाम कंटेनर से टकरा जाने से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। मृतक सुनील हेम्ब्रम (22) जामा थाना क्षेत्र के दोंदिया गांव का रहने वाला बताया जाता है। जानकारी के अनुसार सुनील बाइक लेकर दुमका आ रहा था। विजयपुर गांव के पास कंटेनर से टकरा जाने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा घटना की सूचना थाना को दी गयी। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजन को सौंप दिया गया है। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।

### गांधी जयंती पर 24 रक्तदान वीरों ने किया रक्तदान

**पाकुड़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म जयंती के अवसर पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, सद्भावना केंद्र पाकुड़ के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन अधिकोष पाकुड़ में किया गया। रक्तदान शिविर में प्रमुख रूप से सिविल सर्जन मंटू टेकरीवाल, सद्भावना केंद्र के संस्थापक आनंद भगत अध्यक्ष हिसाबी राय,सचिव गणेश कुमार भगत मौजूद थे। जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष रक्तवीर बाबुधन मुर्मू ने रक्तदान कर रक्तदान शिविर का श्री गणेश किया,साथ ही रक्तवीर गौरव भगत,दिलीप शर्मा, विश्वजीत कुमार अंकित कुमार टेकरीवाल आदि ने रक्तदान किया। आज रक्त अधिकोष में कुल 24 मात्रक रक्तदान रक्तवीरों ने किया।

### आमंत्रण रथ का ग्रामीणों ने स्वागत किया और जय श्री राम के नारे लगाए

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नवनिर्मित रामलाल की शानदार भव्य मंदिर का आगामी 14 जनवरी 2024 को उद्घाटन को ले आमंत्रण रथ सोमवार की संध्या ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र पहुंचा ।जहां प्रखंड मुख्यालय चौक, मोरडीहा, पारसी चौक, माल मंडरो चौक, रूंजी चौक आदि जगहों पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। वहीं महिलाओं ने श्रद्धा,भाव ,आस्था, विश्वास ,भक्ति ,भावना के साथ रथ में स्थित प्रतिमा का पूजा अर्चना किया। रथ के साथ चल रहे साधक और साध्वी, साधु,संत, सहयोगियों आदि ने कहा कि आगामी 14 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन को ले यह आमंत्रण रथ के रूप में देश के विभिन्न जगहों में घुमाया जा रहा है ।ताकि लोगों को यह पता चल जाए की आगामी 14 जनवरी को राम मंदिर का शुभ उद्घाटन होगा।

### जूनियर में डीएवी व सीनियर में शिवतारा स्कूल बना चौंपियन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में रविवार को शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता सीनियर और जूनियर दो वर्गों में विभाजित था। जूनियर वर्ग में 7 और सीनियर वर्ग में 11 स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया। दोनों वर्गों से 8–8 राउंड सवाल पूछे गए थे। सर्वाधिक जवाब देने वाले स्कूलों को विजेता घोषित किया गया। जूनियर वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल को प्रथम, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर को द्वितीय और सेक्रेड हार्ट स्कूल को तृतीय स्थान मिला। जबकि सीनियर वर्ग में शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर को प्रथम, डीएवी पब्लिक स्कूल को द्वितीय और सेक्रेड हार्ट स्कूल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा भारत विकास परिषद महिला विंग की जूही दास गुप्ता ने की।

# जिला क्रिकेट संघ की वार्षिक बैठक में लिए गये कई अहम निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



क्रिकेट संघ की बैठक की अंतिम फोटो है, कृपया लगाने की कृपा करेंगे।

**दुमका।** जिला क्रिकेट संघ की वार्षिक बैठक सोमवार को सिटी गार्डन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ सचिव भाष्कर अजित सिंह ने की। बैठक की शुरूआत मुख्य अतिथि अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, संरक्षक उमाशंकर चौबे, उपाध्यक्ष विवेकनंदन प्रसाद, संयुक्त सचिव संजय तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर सचिव श्री सिंह ने पिछले दो सालों का आय-व्यय का ब्योरा पेश किया। साथ ही भविष्य में आयोजित होने वाले सभी खेलों में खिलाड़ियों एवं संघ की भूमिका पर विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट संघ खिलाडियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इस बात का पूरा ख्याल रखने की बात कही। सचिव श्री सिंह ने कहा कि आज की बैठक में वैसे खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने सभी वर्ग में अपने ओर से अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें अतिथियों ने प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। जिससे खिलाड़ियों में काफी उत्साह व खुशी देखा गया। श्री सिंह ने कहा कि डायस के अनुमति से संघ में क्रिकेट कीट, बॉल एवं खिलाड़ियों के लिए अन्य वस्तुएं खरीदी जायेगी। जो खिलाड़ियों को खेल के दौरान उन्हें मुहैया कराया जायेगा। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने कहा कि यह दुमका के लिए पहला अवसर है कि जहां एजीएम की बैठक हुई है। दुमका में खेल का जब भी महौल बनता है, तो कुछ न कुछ परेशानी सामने आती है। जैसे अभी खेल का मैदान एक परेशानी है। गांधी मैदान हमलोगों के हाथों में नहीं है। वहां पर जब मन तब मेला-ठेला लगा दिया जाता है। अब एक मात्र क्रिकेट का मैदान एटीएम ग्रांउड है। जिसे एटीएम ग्राउंड के स्थानीय लोगों की मदद से क्रिकेट मैदान के रूप में बनाया है। भले जगह छोटी है। लेकिन दुमका में खेल का महौल बनाए रखना है। मौके पर डॉ तुषार ज्योति, राजेश कुमार सिंह, सिकंदर बक्श, दिवाकर शर्मा, नवीन सिंह आदि मौजूद थे।

# रेड क्रॉस ने गांधी जयंती पर लगाया रक्तदान शिविर

## सोसायटी के सचिव एवं वाइस चेयरमैन ने किया रक्तदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी के दुमका शाखा द्वारा आयुष्मान भवः पखवाड़ा के तहत सोमवार को महात्मा गांधी जयंती और रेड क्रॉस सोसायटी के दुमका शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में रेड क्राँस सोसायटी के सचिव डॉ अमरेंद्र कुमार यादव, वाइस चेयरमैन डॉ राजकुमार उपाध्याय, आजीवन सदस्य रूपम किशोर सिंह बंटी के अलावा कई अन्य युवाओं ने भी रक्तदान किया। सोमवार को रक्तदान करनेवालों में पत्रकार राज कुमार कुशवाहा, शीतल कुमार आद्या, माणिक चंद्र पंडित, पंकज कुमार नारनोली, अरूण मांझी, अनिरूद्ध आहिड़ी, बामदेव गोराई, काजल मिश्रा, अक्षय कुमार, कर्ण हरि, अनुज टुडू, विजय कुमार मुर्मू भी शामिल थे। सोसायटी द्वारा इस वर्ष लगाया गया यह दूसरा रक्तदान शिविर है। इससे पूर्व भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी के स्थापना दिवस और थैलेसीमीया दिवस पर 08 मई को रक्तदान शिविर लगाया गया था। रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव डा अमरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि आयुष्मान भवः के तहत यह रक्तदान शिविर लगाया गया था। दुमका में मेडिकल कालेज के खुल जाने के कारण पहले के अपेक्षा यहां अधिक संख्या में ऑपरेशन हो रहे हैं। सड़क दुर्घटनाएं भी लगातार हो रही है। इसके अलावा दुमका ब्लड बैंक से 50 से अधिक थैलेसीमिया मरीज जुड़े हुए हैं जिन्हें हर माह करीब 70 यूनिट ब्लड बिना रिप्लेसमेंट के देना होता है। इस ताह से हर माह करी 125 यूनिट रक्त की आवश्यकता है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्तदान शिविर लगाने का प्रयास किया जा रहा है। वाइस चेयरमैन डा राज कुमार उपाध्याय ने बताया कि रेड क्रॉस सोसायटी रक्तदान के अलावा रक्तदान के लिए संवेदनशीलता कार्यक्रमों का भी लगातार आयोजन कर रही है। सोसायटी विभिन्न संगठनों को भी रक्तदान शिविर लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी के लिए रक्तदान करने के बजाय लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिये ताकि ब्लड बैंक में चारों प्रमुख रक्त ग्रुपों की उपलब्धता बनी रहे और किसी को रक्त के लिए भटकना नहीं पड़े। संयुक्त सचिव मनोज कुमार घोष ने कहा कि थैलेसीमिया के अलावा डायलिसिस, एनेमिया, ऑपरेशन के मरीजों और प्रसव के दौरान भी रक्त की जरूरत पड़ती है। 18 से 65 आयुवर्ग के सभी लोगों को तीन माह के अंतराल पर रक्तदान करना चाहिये। उन्होंने दुमका वासियों से अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग रक्तदान करे, रक्तदान महादान है। मौके पर एसीएमओ डाक्टर आनंद मोहन सोरेन, दुमका ब्लड बैंक के प्रभारी डाक्टर कुणाल पाण्डेय, रेड क्रॉस सोसाईटी के कार्यकारिणी सदस्य बुधन मराण्डी, आजीवन सदस्य अश्विनी मिश्रा, मनी केशरी, विक्रमादित्य पाण्डेय, नीरज सिंह, सुबीर चटर्जी, ब्लड बैंक प्रभारी, ब्लड बैंक के तकनीशियन प्रकाश कुमार दे, वाहिद इजाज आदि उपस्थित थे।

## सर्वधर्म सभा आयोजित



**गोड्डा।** आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर स्थानीय अशोक स्तंभ परिसर में उन्हें श्रद्धांजलि देकर सर्व धर्म सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शूरूआत उपायुक्त , गोड्डा जिशान कमर , पुलिस अधीक्षक ,गोड्डा नाथू सिंह मीना, अनुमंडल पदाधिकारी ,गोड्डा सहित अन्य गणमान्य के द्वारा गांधी जी एवं शास्त्री जी के प्रतिमा पर तथा गांधी जी एवं जयप्रकाश नारायण जी के स्मारक पर माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में उपायुक्त गोड्डा ने कहा कि गांधी जी अपने आप मे एक विश्वविद्यालय हैं जिनके कहे हर बात में जीवन- दर्शन है। उनकी बातों पर लगातार शोध हो रहे हैं। दूसरी ओर देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी सादगी और उच्च विचारों के प्रतिमान थे। गांधी जयंती के मौके पर उपायुक्त के द्वारा स्वच्छता पर जोर देते हुए बताया गया कि अपने घर व आसपास की साफ-सफाई व सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से ही मिलती है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचारों के अनुसार हमें निरंतर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।इस दौरान उपायुक्त के द्वारा खादी वस्त्र के उपयोग पर बढ़ावा देने के लिए लोगों से अपील किया गया कि लोग अपने पहनावे में खादी के वस्त्र का उपयोग करें। पुलिस अधीक्षक ,गोड्डा ने गांधी जी एवं उनके विचारों को सर्वकालिक प्रासंगिक बताया एवं उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने कहा था कि कोई भी कार्य करने से पहले समाज के अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर कोई निर्णय लेना चाहिए। इतिहास के पन्नों से सकारात्मक अनुभवों को लेकर वर्तमान में आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गांधी जी द्वारा दिया गया सत्य और अहिंसा का नारा पूरे देश में प्रचलित हुआ। उन्होंने लोगों से गांधी जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की। इस अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा , जिला नजारत उपसमाहर्ता, गोड्डा ,कार्यपालक दंडाधिकारी, गोड्डा दंडाधिकारी गोड्डा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, गोड्डा सह जिला कल्याण पदाधिकारी, गोड्डा, नगर परिषद पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी नगर थाना प्रभारी आदि मौजूद थे ।

## कार्यक्रम में पुष्प माला चढ़ा कर नमन किया गया

**गोड्डा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर आज राष्ट्रीय विभूति मंच के तत्वावधान में शहीद स्तंभ गोड्डा में महात्मा गांधी के स्मारक स्थल पर गांधी जी के प्रतिमा पर खादी सूत की बनी हुई धागे की माला एवं पुष्प अर्पित किया गया। महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा एवं सत्याग्रह के साथ-साथ भारत माता को गुलामी की बेड़ियो से छुटकारा दिलाने के लिए किए गए उनके प्रयासों पर चर्चा की गई। आज गांधी जी के आदर्श पर चलने के लिए घर-घर में स्वच्छता अभियान एवं खादी के कपड़े को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन को आत्मसात करने की समाज से अपील की गई । इस कार्यक्रम में और भी कई देशभक्तों ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की।

## महात्मा गांधी ने देश को दिखाई राह, लाल बहादुर शास्त्री सिखाया संकल्प: बिरजू

**कान्हाचट्टी।** राजपुर पीपल चौंक पास विश्व में सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व जय जवान-जय किसान के प्रणेता, सादगी और सरलता की प्रतिमूर्ति, कर्त्तव्यनिष्ठा और दृढ़ इच्छाशक्ति के धनी, माटी के लाल, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाया गया।

## गांधी जयंती पर हुआ फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**पाकुड़।** सदर प्रखंड के राजबांध में हैप्पी यूथ क्लब के ओर से आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता का समापन गांधी जयंती के दिन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मालपहाड़ी ओपी प्रभारी सत्येंद्र यादव उपस्थित हुए।फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्धाटन थाना प्रभारी सत्येंद्र यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मांसारुल हक, जिला उपाध्यक्ष गुलाम अहमद, जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन व समाजसेवी नुरेजामान शेख ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

## तेली समाज ने मनायी गांधी-शास्त्री की जयंती

**गढ़वा।** झारखंड प्रदेश तेली समाज गढ़वा के अध्यक्ष अरबिंद कुमार गुप्ता के नेतृव में टंडवा बीएन पेट्रोल पंप के समीप बीएन कम्प्लेक्स में राष्ट्रपिता महात्मा गांाी एवं देश के पूर्व प्राानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की फोटो पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री दोनों ने देश के लिए अमूल्य योगदान दिया। आज हमारा देश जिस स्थिति में है उसमें इन दोनों का महत्वपूर्ण योगदान है।

## पेज 1 का शेष

### 63 फीसदी के साथ...

**बड़ा सामाजिक समूह ओबीसी :** इन आंकड़ों में सबसे बड़ी आबादी इबीसी यानी अत्यंत पिछड़ा वर्ग की है, जो 36 फीसदी हैं। दूसरे नंबर पर ओबीसी यानी अन्य पिछड़ा वर्ग की संख्या है, जो 27 फीसदी हैं। इस तरह राज्य में कुल पिछड़े 63 फीसदी हैं। दरअसल इबीसी का एजेंडा नीतीश कुमार का रहा है। उन्होंने गैर-यादव पिछड़ी जातियों को टारगेट करने के मकसद से यह वर्ग तैयार किया था और फिर उनको अलग से आरक्षण भी दिया गया। नीतीश कुमार और लालू यादव की पार्टी दोनों ही मिलकर इसका श्रेय ले रहे हैं। वहीं भाजपा भी समर्थन की बात करके ओबीसी को सबसे ज्यादा महत्व देने वाली पार्टी का दावा कर रही है। साफ है कि 2024 के आम चुनाव से पहले ओबीसी पॉलिटिक्स केंद्रीय भूमिका में आ गयी है। **अब आरक्षण की बारी :** बिहार में जाति गणना की रिपोर्ट के बाद अब ओबीसी आरक्षण में इजाफे की मांग तेज हो सकती है। माना जा रहा है कि इसका असर बिहार से निकलकर यूपी और हिंदी बेल्ट के तमाम राज्यों पर दिख सकता है। 2024 के चुनाव में पूरे देश पर इसका असर दिख सकता है। रिपोर्ट के बाद नीतीश कुमार और लालू यादव जैसे नेता यह प्रचार करेंगे कि ओबीसी की आबादी 60 पर्सेंट से ज्यादा है, जबकि आरक्षण 27 फीसदी ही मिलता है। एक तरह से 2024 से पहले विपक्ष को एक हथियार मिल गया है।

### विश्वस्तरीय होनी चाहिए...

**अंतरराष्ट्रीय स्तर की सभी सुविधाएं हों :** सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हॉकी स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान वहां व्यवस्था से जुड़े कई अहम दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधायें प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। यह स्टेडियम राज्य का इंटरनेशनल एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम है। यहां की व्यवस्थाएं भी उसी स्तरीय होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्टेडियम में बिछायी गयी आधुनिक ब्लू टर्फ का निरीक्षण किया। सीएम ने निरीक्षण के दौरान दर्शक दीर्घा में लगी कुर्सियों की साफ-सफाई तथा पेंटिंग, स्टेडियम परिसर का रंगरोंगन, मैदान के अंदर एवं बाहर लगे एलईडी स्क्रीन को दुरुस्त करने, स्टेडियम में चिन्हित जगहों पर स्पोर्ट्स पर्सन का फोटो लगाने, स्कोर डिस्प्ले स्क्रीन को बड़ा करने सहित कई अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से संबंधित दिशा-निर्देश भी दिया।

### झारखंड का शाहनवाज...

**नये आतंकी माड्यूल का खुलासा :** पहले दबोचे गये शाहनवाज से पूछताछ के बाद स्पेशल सेल ने दिल्ली में छापेमारी की, जिसमें आइएस के नये आतंकी मॉड्यूल का खुलासा हुआ है। शाहनवाज से पूछताछ के बाद स्पेशल सेल ने 3-4 संदिग्ध लोगों को पूछताछ के बाद हिरासत में लिया है। स्पेशल सेल ने इनमें से दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया। तीनों आतंकी दिल्ली में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। पुलिस ने इन आतंकियों के पास से बम बनाने के सामान के अलावा रासायनिक पदार्थ भी बरामद किये हैं। मोटरसाइकिल की चोरी की कोशिश के दौरान पुणे पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। वह पुणे पुलिस की कस्टडी से फरार होकर दिल्ली में ठिकाना बनाकर रह रहा था। स्पेशल सेल अभी भी उससे पूछताछ कर रही है।

### कारिको और वीसमैन को...

स्टॉकहोम में पुरस्कार प्रदान करने वाले पैनल के अनुसार, हंगरी में जन्मे अमेरिकी कैटालिन कारिक और अमेरिकी ड्रू वीसमैन को आधुनिक समय में मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक कोविड-19 के दौरान वैक्सीन के विकास में अभूतपूर्व योगदान देने के लिए नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया है। **मानवता को बचाने में बड़ा योगदान :** नोबेल समिति ने कहा कि आधुनिक समय में मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक के दौरान पुरस्कार विजेताओं ने वैक्सीन विकास की अभूतपूर्व दर में योगदान दिया। उनके निष्कर्षों ने इस समझ को मौलिक रूप से बदल दिया है कि एमआरएनए हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली के साथ कैसे संपर्क करता है। एमआरएनए प्रौद्योगिकी में रुचि बढ़ने लगी और 2010 में, कई कंपनियां इस पद्धति को विकसित करने पर काम कर रही थीं। जीका वायरस और एमइआरएस-सीओवी के खिलाफ टीके लगाये गय्ये। कोविड-19 महामारी के 2020 की शुरुआत में फैलने के बाद सार्स-कोव-2 सर्फेस प्रोटीन को एन्कोड करने वाले दो बेस-मॉडिफाइड एमआरएनएस टीके रिकॉर्ड गति से विकसित किये गये थे। ये टीके लगभग 95 प्रतिशत प्रभावी थे। दोनों टीकों को दिसंबर 2020 की शुरूआत में मंजूरी दे दी गयी।

## स्पीड न्यूज

### मैक्सिको में गिरी चर्च की छत, तीन बच्चों सहित दस की मौत

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के तमउलिपास राज्य में तटीय शहर स्यूदाद माडेरो में प्रार्थना सभा के दौरान एक चर्च की छत गिर गयी। इस कारण तीन बच्चों सहित दस लोगों की मौत हो गयी। हादसे में कम से कम साठ लोग घायल हुए हैं।

### तुर्किये ने बरसाये बम, कुर्द लड़ाकों के 20 ठिकाने तबाह

**अंकारा/ बगदाद।** तुर्किये की राजधानी अंकारा पर हुए आत्मघाती हमले के बाद जवाबी हमला करते हुए तुर्किये ने इराक पर बम बरसाये हैं। इराक स्थित कुर्द लड़ाकों के बीस ठिकानों पर हुई इस बमबारी में कई कुर्द लड़ाके मारे गये हैं।

### राजस्थान में वंदे भारत ट्रेन को डिरेल करने की साजिश

**भीलवाड़ा।** उदयपुर से जयपुर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को सोमवार सुबह पटरी से उतारने की साजिश रची गयी। षड्यंत्र के तहत ट्रैक पर पत्थर और लोहे के सरिए बिछाये गये थे, लेकिन लोको पायलट की सजगता से बड़ी दुर्घटना टल गयी। भीलवाड़ा से करीब चालीस किलोमीटर दूर चित्तौड़ जिले में सोनियाणा व गंगरार रेलवे स्टेशन के बीच अज्ञात बदमाशों ने पत्थर और लोहे की कील लगा कर ट्रेन को पलटाने का प्रयास किया। जानकारी मिलने पर तत्काल रेलवे सुरक्षा बल भीलवाड़ा की टीम मौके पर पहुंची। एक सप्ताह में ही यह दूसरा प्रयास है। इससे पहले ट्रेन का उद्घाटन होने के अगले ही दिन पथराव किया गया था। अब ट्रेन को पटरी से नीचे उतारने की साजिश रची गयी।

### नांदेड़ के अस्पताल में 12 नवजात समेत 24 मरीजों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में स्थित शंकरराव चव्हाण अस्पताल में पिछले 24 घंटों में 24 मरीजों की मौत हो गयी है। मृतकों में 12 नवजात बच्चे भी शामिल हैं। शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल के प्रमुख डॉ एसआर वाकोडे ने बताया कि मरीजों को आखिरी चरण में अस्पताल में लाया गया था। इसके बाद भी मामलों की छानबीन की जा रही है।

### मेघालय में मध्यम तीव्रता का भूकंप, रिक्टर स्केल पर 5.2 की तीव्रता

**शिलांग।** मेघालय में सोमवार को उत्तरी गारो हिल्स क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किये गये। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने कहा कि सोमवार शाम को मेघालय के उत्तरी गारो हिल्स क्षेत्र और असम के आसपास के जिलों में मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। एनसीएस ने बताया कि रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 5.2 मापी गयी।

### अमेरिका पूरी तरह यूक्रेन के साथ : जो बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने आलोचकों को करारा जवाब देते हुए कहा है कि अमेरिका किसी भी कीमत पर यूक्रेन का समर्थन करने से पीछे नहीं हटेगा। राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी शटडाउन के संकट से उबरने के लिए अमेरिकी संसद में अल्पकालिक फंडिंग बिल पारित होने के कुछ देर बाद व्हाइट हाउस में रविवार को की। इस सारे घटनाक्रम पर मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में विस्तृत चर्चा की है। रिपोर्ट के मुताबिक, बाइडन ने कहा कि वह यूक्रेनियों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि वह हमारे समर्थन पर भरोसा कर सकते हैं। हम पीछे नहीं हटेंगे। बाइडन ने रिपब्लिकन से भी यूक्रेन के समर्थन के बारे में अपनी बात रखने का आह्वान किया है।


दिल्ली में गांधी जयंती के मौके पर राजघाट स्थित समाधि पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।


गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली के राजघाट स्थित समाधि पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।


दिल्ली में गांधी जयंती पर राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।

### कृतज्ञ राष्ट्र ने बापू व शास्त्री को किया याद

**नयी दिल्ली।** कृतज्ञ राष्ट्र ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर राजघाट और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 119वीं जयंती पर विजयघाट पहुंचकर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को नमन किया।

# जातिगत जनगणना पर बोले प्रधानमंत्री मोदी भारत विरोधी जात-पात के नाम पर बांट रहे देश

## पीएम ने कहा- विरोधियों को पसंद नहीं आ रहा भारत का विकास



एजेंसी

**नयी दिल्ली/ग्वालियर।** बिहार में जातिगत जनगणना रिपोर्ट दो अक्टूबर को जारी कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव सामाजिक न्याय का दावा कर रहे हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसे लेकर हमलावर हो गयी है। इसी बीच, पीएम नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में एक जनसभा को संबोधित किया। इस रैली में पीएम मोदी ने बिहार सरकार का नाम लिए बिना जातिगत राजनीति करने वालों पर हमला बोला।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- जो लोग भारत विरोधी हैं, वे जात-पात के नाम पर देश को बांट रहे हैं। इन लोगों के पेट में दर्द हो रहा है, इन्हें भारत का विकास पसंद नहीं आ रहा है। कहा कि विपक्ष के लोग पहले भी जात-पात के नाम पर बांटते थे। आज भी वही पाप कर रहे हैं। आज वे लोग घोर भ्रष्टाचारी हो गये हैं।

पीएम मोदी ने कहा- इन विकास विरोधियों की सरकार जहां भी आती है, वहां क्राइम और करप्शन सबसे ज्यादा बढ़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूछता है और पूजता है। पीएम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपका एक वोट विकास की गति को और अधिक रफ्तार दे सकता है।

बता दें कि बिहार सरकार ने राज्य में जातिगत जनगणना की थी। जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। देश में विपक्ष लंबे समय से जातिगत जनगणना की मांग कर रहा है।

इधर, रिपोर्ट कार्ड में खामियां बताकर भाजपा हमलावर हो गयी है। भाजपा नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल के दौरान सामाजिक न्याय की दिशा में कितना कार्य हुआ और दोनों के सुशासन का ब्यौरा मांग रही है।

भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा है कि जब भाजपा बिहार सरकार का हिस्सा थी, उस सरकार ने ही बिहार में जाति आधारित सर्वे कराने का फैसला लिया था। आज बिहार सरकार ने डाटा सार्वजनिक किया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा डाटा का विश्लेषण कर रही है। विश्लेषण के बाद ही हम इस पर कोई टिप्पणी करेंगे।

भाजपा सांसद निशिकांत दूबे ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में जातिगत जनगणना करा कर पिछड़े समाज के साथ अन्याय किया। आंकड़ों के अनुसार 18 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है और मुस्लिम धर्म जाति को नहीं मानता, 22 प्रतिशत अनुसूचित जाति व जनजाति की आबादी है, तकरीबन 16 प्रतिशत सवर्ण जातियों की आबादी है, इस हिसाब से केवल 45 प्रतिशत पिछड़े वर्ग की आबादी है। मुसलमानों को पिछड़े वर्ग में शामिल कर मुस्लिम धर्म के सिद्धांतों की बलि दी जा रही है। जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट पर यूपी सरकार के मंत्री संजय निषाद ने कहा है कि बिहार सरकार केवल अपने वोटों को विभाजित करने के लिए विभिन्न जातियों के बीच भ्रम पैदा करना चाहती है। इसलिए समय से पहले रिपोर्ट कार्ड जारी कर दिया।

### देश की जाति के आंकड़े जानना जरूरी : राहुल गांधी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बिहार सरकार की ओर से सोमवार को जाति आधारित जनगणना जारी करने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर अपनी मांग दोहराई कि जितनी अधिक जनसंख्या, उतने अधिक अधिकार होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जनगणना से पता चला है कि राज्य में ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एसटी) 84 फीसदी हैं और इसलिए भारत के जातिगत आंकड़े जानना जरूरी है। वायनाड सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, बिहार की जाति जनगणना से पता चला है कि ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग), एससी और एसटी वहां 84 प्रतिशत हैं। केंद्र सरकार के 90 सचिवों में से केवल तीन ओबीसी हैं, जो भारत के बजट का महज पांच प्रतिशत संभालते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, भारत के जाति आंकड़ों को जानना महत्वपूर्ण है। जितनी अधिक जनसंख्या, उतने अधिक अधिकार – यह हमारी प्रतिज्ञा है। कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी केंद्र सरकार से जल्द से जल्द राष्ट्रीय जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में यह कार्य लगभग पूरा हो गया था, लेकिन मोदी सरकार ने जाति जनगणना के आंकड़े जारी नहीं किये थे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि कांग्रेस बिहार में करायी गयी जातिगत जनगणना का स्वागत करती है और केंद्र से राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना कराने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सशक्तिकरण कार्यक्रमों को मजबूती प्रदान करने और सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है।

## वाशिंगटन डीसी में विश्व संस्कृति महोत्सव संपन्न



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तीन दिवसीय विश्व संस्कृति महोत्सव 2023 दक्षिण एशिया, लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई द्वीपों के एक शानदार और जीवंत प्रदर्शनों के साथ संपन्न हुआ। साथ ही, इसमें कई अंतरधार्मिक नेतागण अपने अनूठे तरीकों से प्रार्थना करने के लिए मंच पर आए। उन्होंने वैश्विक शांति के लिए, नफरत और कट्टरता से ऊपर उठने का आह्वान किया।

पिछले तीन दिनों में, 180 देशों के दस लाख से अधिक लोग अपनेपन और भाईचारे का एक संदेश देने के उद्देश्य से मानवता की एक ऐतिहासिक सभा में वाशिंगटन डीसी के प्रतिष्ठित नेशनल मॉल में नृत्य, संगीत, ध्यान और संस्कृति के माध्यम से मानव विविधता का जश्न मनाने के लिए आए।

यह कार्यक्रम मानवीय जुड़ाव, एकजुटता और मानवीय भावना के उत्थान के साझा क्षणों से परिपूर्ण था। उत्सव के सबसे यादगार क्षणों में यूक्रेनी दल के भावपूर्ण पाठ के बाद श्रीश्री रविशंकर के नेतृत्व में यूक्रेन के लोगों के लिए प्रार्थना का एक मार्मिक क्षण था। गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के साथ लिंकन मेमोरियल में हजारों लोगों ने योग और ज्ञान का आनंद लिया। स्किप मार्ले (प्रसिद्ध बॉब मार्ले के पोते) के प्रतिष्ठित वन लव के प्रदर्शन पर लोगों ने झूमते हुए झंडे लहराए, गो-गो बैंड के जीवंत प्रदर्शन ने गणमान्य व्यक्तियों से लेकर उत्सव में आने वाले लोगों तक सभी को खुशी और जश्न में जीवंत धुनों पर थिरकने पर मजबूर कर दिया। कोलंबिया के सांसद जुआन कार्लोस-टेरेस ने उपस्थित लोगों की जोरदार तालियां बटोरीं, जब उन्होंने कहा- गुरुदेव, दुनिया में एक ऐसा देश है जिसे पूरी तरह आपका आभारी होना चाहिए - मेरा। इस आयोजन में 17,000 कलाकार एक साथ आये तथा दुनिया भर की विविध संस्कृतियों और परंपराओं का प्रतिनिधित्व करने वाले 60 से अधिक प्रदर्शन हुए। आध्यात्मिक गुरु, श्री श्री रवि शंकर ने अपने संबोधन के दौरान कहा, हमारे भीतर अच्छाई निहित है, और इसे सामने आने की आवश्यकता है, और यह तब आता है जब हमें एहसास होता है कि हम एक विश्व परिवार हैं।

### जिम्बाब्वे विमान हादसे में भारतीय उद्योगपति सहित छह की मौत

**हरारे।** जिम्बाब्वे में भीषण विमान हादसे में एक भारतीय उद्योगपति व उनके बेटे सहित छह लोगों की मौत हो गयी। खनन कंपनी के मालिक हरपाल सिंह रंधावा का निजी विमान तकनीकी खराबी के चलते दुर्घटना का शिकार हुआ। भारतीय उद्योगपति हरपाल सिंह रंधावा की कंपनी रियोजिम जिंबाब्वे में सोने, कोयले का खनन करती है। साथ ही, कंपनी में निकल और तांबे जैसी धातुओं की रिफाइनिंग का भी काम होता है। रंधावा चार अरब डॉलर वाली इक्विटी फर्म जेम होल्डिंग के संस्थापक भी हैं। सिंगल इंजन वाले इस विमान का स्वामित्व कंपनी रियोजिम के पास है। यह विमान राजधानी हरारे से मुरोवा हीरे की खदान जा रहा था। इसी दौरान माशावा में स्थित एक हीरा खदान के पास तकनीकी खराबी के चलते एक इंजन वाले सेसेना 206 एयरक्राफ्ट में हवा में ही विस्फोट हो गया।

## राहुल ने दरबार साहिब में माथा टेका, झूठे बर्तन धोकर की सेवा



एजेंसी

**चंडीगढ़।** गांधी जयंती के अवसर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को अमृतसर पहुंचे और स्वर्ण मंदिर (दरबार साहिब) में हाजिरी लगायी। राहुल ने लंगर हाल में पहुंचकर बर्तन धोकर सेवा भी की। राहुल गांधी का यह दौरा पूरी तरह से व्यक्तिगत था। इस संबंध में स्थानीय कांग्रेस नेताओं को दूर रखा गया था। सोमवार सुबह कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमृतसर स्थित हवाई अड्डे पर पहुंचे। यहां सांसद गुरजीत औजला ने उनका स्वागत किया। अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरने के बाद राहुल गांधी कार से दरबार साहिब पहुंचे। यहां उन्होंने सिर पर नीले रंग का रूमाला बांधा हुआ था। यहां उन्होंने माथा टेका और परिक्रमा में दरबार साहिब के बारे में ही बातचीत की। दरबार साहिब में माथा टेकने के बाद राहुल गांधी लंगर हाल में भी गये और उन्होंने जूठे बर्तन मांज कर सेवा भी की। इससे पहले भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी दरबार साहिब में आये थे।

### आरबीआइ की एमपीसी बैठक कल से, रेपो रेट यथावत रहने की संभावना

**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक चार अक्टूबर से शुरू होगी। इस बैठक के नतीजों का एलान छह अक्टूबर को किया जायेगा। विशेषज्ञों को इस बार भी रेपो रेट 6.5 फीसदी पर यथावत रखे जाने की संभावना है। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में होने वाली छह सदस्यीय एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक चार अक्टूबर से शुरू होकर छह अक्टूबर तक चलेगी। इस बैठक के नतीजों की घोषणा छह अक्टूबर को होगी। जानकारों का मानना है कि रिजर्व बैंक इस हफ्ते होने वाली एमपीसी बैठक में भी प्रमुख नीतिगत दर यानी रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर यथावत रख सकता है। अगर ऐसा होता है, तो खुदरा और कॉरपोरेट कर्जदारों के लिए ब्याज दरें स्थिर रह सकती हैं।

## 'संत ईश्वर सम्मान' से नवाजे गये इसरो के वैज्ञानिक



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** दिल्ली के कृषि विज्ञान परिसर, सुब्रमण्यम ऑडिटोरियम पूसा संस्थान में मिशन चंद्रयान 3 एवं भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-वन में शामिल रहे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को सोमवार शाम 'संत ईश्वर सम्मान-2023' से नवाजा गया। इस दौरान देश के सुदूर स्थानों पर सेवा कर रहे कुल 18 समाजसेवियों व संस्थानों को भी सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं को समारोह के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश भैयाजी जोशी ने सम्मानित किया। इस वर्ष 'संत ईश्वर विशेष सम्मान' इसरो के वैज्ञानिकों को प्रदान किया गया।

मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि समाज में अच्छा कार्य करने वालों का सम्मान किया जाना चाहिए। ऐसा करने से उनका हौसला बढ़ता है और अन्य लोग भी नेक कार्य के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा भारती व संत ईश्वर फाउंडेशन इस दिशा में अच्छा कार्य कर रहा है। दोनों संस्थाएं बधाई के पात्र हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संत ईश्वर फाउंडेशन का कार्य सराहनीय है। यह संस्था समाज में श्रेष्ठ कार्य करने वालों का हौसला बढ़ाता रहा है। कार्यक्रम के दौरान सिंह ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश भैयाजी जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के रक्त में सेवाभाव घुला है। हम विश्व को परिवार मानकर कार्य करते हैं। सेवा हमारी ताकत है। इसे स्वार्थ और अपेक्षा के परो होकर जारी रखना होगा। जोशी ने कहा कि जो कार्य बिना अपेक्षाओं के किया जाता है, वही सेवा है।

वहीं, जनजातीय क्षेत्र में रूरल एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सोसाइटी, जशपुर छत्तीसगढ़ को विशिष्ट सेवा सम्मान, आदिवासी जनजातीय बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्तर को सुधारने में कृत संकल्प देशज प्रतिष्ठा को संत ईश्वर सेवा सम्मान, धनुर्विद्या में पारंगत, गुरु शिष्य परंपरा के संवाहक के. गोविंदन वापनाड, केरल व बिनिता जिंगडुंग दीमापुर, नागालैंड को संत ईश्वर सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

## 'तेजस' का टीजर रिलीज, एयरफोर्स डे पर रिलीज किया जायेगा फिल्म का ट्रेलर



कंगना रनौत बॉलीवुड की एक सफल और लोकप्रिय अभिनेत्री हैं, जो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। कंगना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से अपनी आने वाली फिल्म तेजस का टीजर शेयर किया है। कंगना की यह फिल्म भारतीय वायु सेना के पायलट तेजस गिल के जीवन पर आधारित है। अब तेजस 27 अक्टूबर को हर जगह रिलीज होगी। दरअसल, इस फिल्म की चर्चा दो साल से चल रही थी। इसे 2022 में ही रिलीज किया जाना था, लेकिन किसी वजह से फिल्म डिले हो गयी। पहले अफवाह थी कि फिल्म 5 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिर अचानक फिल्म के वीएफएक्स वर्क के चलते रिलीज टाल दी गयी। आखिरकार इस फिल्म का पहला टीजर रिलीज हो गया है। इसमें कंगना एयर फोर्स की वर्दी में तेजस गिल के शानदार लुक में नजर आ रही हैं। इसके साथ ही हमें एक रोमांचकारी डायलॉग भी सुनने को मिल रहा है। टीजर से हमें सिर्फ कंगना का डैशिंग अवतार ही देखने को मिला है, फिल्म की बाकी कहानी का अंदाजा नहीं दिया गया है। इस टीजर के साथ ही कंगना ने इसके नये पोस्टर और ट्रेलर की रिलीज डेट की भी घोषणा की है। इस फिल्म का ट्रेलर एयरफोर्स डे के मौके पर रिलीज किया जायेगा। अब तेजस 27 अक्टूबर को हर जगह रिलीज होगी। इसके साथ ही दर्शकों को फिल्म इमरजेंसी का भी बेसब्री से इंतजार है, जिसमें कंगना मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्देशन उन्होंने ही किया है।

## आइटी विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर 30 लाख से ज्यादा ऑडिट रिपोर्ट दाखिल

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** कर आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 30 सितंबर की तय समय-सीमा तक आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर 30.75 लाख से अधिक ऑडिट रिपोर्ट दाखिल की गयीं। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी है।

आयकर विभाग ने बताया कि टैक्स ऑडिट रिपोर्ट (टीएआर) दाखिल करने के संबंध में 30 सितंबर, 2023 को तय तारीख के अंत तक ई-फाइलिंग पोर्टल पर आकलन वर्ष 2023-24 के लिए करीब 29.5 लाख टैक्स ऑडिट रिपोर्ट सहित 30.75 लाख से अधिक ऑडिट रिपोर्ट दाखिल की गई हैं।

विभाग के मुताबिक इन ऑडिट रिपोर्ट में से 29.5 लाख कर ऑडिट रिपोर्ट आकलन वर्ष 2023-24 से संबंधित हैं। इनके अलावा कुछ रिपोर्ट फॉर्म 29बी, 29सी, 10सीसीबी से संबंधित हैं।

### करदाताओं की सुविधा के लिए सघन पहुंच कार्यक्रम संचालित किये गये

विभाग ने कहा कि करदाताओं की सुविधा के लिए विभाग ने सघन पहुंच कार्यक्रम संचालित किये थे। इन कार्यक्रमों के तहत ई-मेल, एसएमएस, सोशल मीडिया के जरिए निर्धारित समय के भीतर ऑडिट रिपोर्ट जमा करने के संबंध में जागरूकता फैलाने से संबंधित 55.4 लाख संदेश भेजे गए थे। इसके अलावा आयकर विभाग की वेबसाइट पर भी करदाताओं की जागरूकता से संबंधित कई वीडियो अपलोड किये गये थे। विभाग ये प्रयास करदाताओं एवं कर पेशेवरों की तरफ से तय समय के भीतर ऑडिट रिपोर्ट जमा करने में मददगार रहे हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# एसबीआई ने परिवारों की बचत के बारे दी सही रिपोर्ट स्थिति चिंताजनक

**प्रह्लाद सबनानी**

**भारतीय** परिवारों द्वारा गृह निर्माण एवं वाहन खरीदने पर अधिक खर्च करने के चलते एवं कम ब्याज दरों के कारण वित्तीय बचतें प्रभावित हुई हैं हालांकि इससे परिवारों की भौतिक आस्तियों में जरूर बहुत अच्छी वृद्धि दर अर्जित की गई है। इससे अर्थव्यवस्था को गति ही मिली है।

किसी भी देश के लिए शुद्ध वित्तीय बचत की दर अधिक होना अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा मापदंड माना जाता है क्योंकि वित्तीय बचत की राशि अंततः पूंजी निर्माण करते हुए देश के आर्थिक विकास को गति देने में मुख्य भूमिका निभाती है। बचत दरअसल दो प्रकार की होती है, एक, वित्तीय बचत एवं द्वितीय, भौतिक आस्तियों के रूप में की गई बचत। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारत के परिवारों में हाल ही के समय में वित्तीय बचत की दर कुछ कम होकर परिवारों द्वारा भौतिक आस्तियों के रूप में की गई बचत में अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है।

भारत में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत जो केंद्र एवं राज्य सरकारों एवं गैर वित्तीय संस्थानों के लिए आय का मुख्य साधन है, वित्तीय वर्ष 2022-23 में गिरकर सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत रह गई है। यह बचत दर वित्तीय वर्ष 2020-21 में 11.5 प्रतिशत एवं कोरोना महामारी खंडकाल के पूर्व वित्तीय वर्ष 2019-20 में 7.6 प्रतिशत थी। ऐसा कहा जा रहा है कि परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत दर पिछले 50 वर्षों के खंडकाल में सबसे कम दर है। परंतु, यह तथ्य सही नहीं है, क्योंकि परिवारों की बचत दर को वित्तीय बचत एवं भौतिक आस्तियों की रूप में की गई बचत को मिलाकर देखा जाना चाहिए। वित्तीय बचत दर किसी वित्तीय वर्ष में कम इसलिए हो सकती है, क्योंकि परिवारों द्वारा उस वर्ष में भौतिक आस्तियों के रूप में अधिक मात्रा में बचत की गई हो।

कोरोना महामारी के चलते एक तो कई परिवारों की आय में कमी दर्ज हुई एवं कई परिवारों को तो बैंकों से ऋण लेकर अपने परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति करनी पड़ी थी। कोरोना महामारी खंडकाल के दौरान वित्तीय वर्ष 2019-20 में भारतीय परिवारों का ऋण, सकल घरेलू उत्पाद का 40.7 प्रतिशत था, जो जून 2023 में घटकर 36.5 प्रतिशत रह गया है। इस प्रकार कोरोना महामारी के बाद के खंडकाल में भारतीय परिवारों द्वारा बैंकों से लिए गए ऋण की किश्तें भी समय पर चुकाई गई हैं जिससे वित्तीय बचत की वृद्धि दर पर विपरीत असर पड़ा है। वैसे भी, भारतीय परिवार बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने में हिचकते हैं। जबकि अन्य देशों के नागरिक बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने में बिलकुल नहीं हिचकते हैं जैसे चीन के परिवारों पर सकल घरेलू उत्पाद का 62 प्रतिशत ऋण है।




दूसरे, कोरोना महामारी के खंडकाल के दौरान भारत में जमाराशि पर ब्याज की दरें भी बहुत कम थीं जिसके कारण भारतीय परिवार वित्तीय बचत न करते हुए किसी तरह अपने दैनंदिन खर्चों की पूर्ति कर पा रहे थे। साथ ही, कोरोना महामारी के तुरंत बाद के खंडकाल में जब देश में आर्थिक स्थिति तेजी से सुधारने लगी एवं जब बैंकों से प्राप्त की जा रही ऋणराशि पर ब्याज की दर बहुत कम थी तब कई परिवारों द्वारा बैंकों से ऋण प्राप्त कर इस राशि का उपयोग मकान का निर्माण करने पर, बच्चों की शिक्षा पर एवं वाहन खरीदने पर खर्च किया जाने लगा। यह तर्क वित्तीय क्षेत्र के बचत एवं बैंकों के ऋण सम्बंधी आंकड़ों से भी सिद्ध होता है। इस दौरान बैंकों की वित्तीय देयताओं में 8.2 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज हुई है (इसमें परिवारों द्वारा व्यावसायिक बैंकों से उधर ली गई 7.1 लाख करोड़ रुपए की ऋणराशि भी शामिल है), जो शुद्ध वित्तीय बचत की राशि 6.7 लाख करोड़ रुपए से कहीं अधिक है। इस कारण से शुद्ध वित्तीय बचत की राशि में 1.5 लाख करोड़ रुपए की राशि से कमी दर्ज हुई है, जो सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत है। जबकि इस दौरान बीमा, प्रॉविडेंट एवं पेंशन फंड में 4.1 लाख करोड़ रुपए की राशि की वृद्धि भी दर्ज हुई है। परिवारों द्वारा बैंकों से ली गई उक्त वर्णित ऋणराशि में से 55 प्रतिशत राशि भौतिक आस्तियों जैसे मकान निर्माण एवं वाहन आदि खरीदने हेतु उपयोग किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2012 में भारतीय परिवारों की कुल बचत में भौतिक आस्तियों के रूप में की गई बचत का हिस्सा 66 प्रतिशत था जो वित्तीय वर्ष 2021 में घटकर 48 प्रतिशत रह गया था। परंतु इस प्रवृत्ति में एक बार पुनः परिवर्तन होता दिखाई दे रहा है और भौतिक आस्तियों के रूप में की जाने वाली बचत का कुल बचत में हिस्सा वित्तीय वर्ष 2023 में 70 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारतीय परिवारों की कुल बचत (वित्तीय एवं भौतिक आस्तियों में वृद्धि मिलाकर) वित्तीय वर्ष 2021-22 की तुलना में कहीं अधिक रहने की सम्भावना है।

भारतीय परिवारों द्वारा गृह निर्माण एवं वाहन खरीदने पर अधिक खर्च करने के चलते एवं कम ब्याज दरों के कारण वित्तीय बचतें प्रभावित हुई हैं हालांकि इससे परिवारों की भौतिक आस्तियों में जरूर बहुत अच्छी वृद्धि दर अर्जित की गई है। इससे अर्थव्यवस्था को गति ही मिली है। उत्पादों का उपभोग बढ़ रहा है, जिससे कम्पनियों द्वारा अधिक उत्पादन किया जा रहा है। विनिर्माण इकाईयों की उत्पादन क्षमता के उपयोग में वृद्धि दर्ज हुई है जो आज लगभग 77 प्रतिशत तक पहुंच गई है। विनिर्माण इकाईयों में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। अतः कुल मिलाकर यदि परिवारों के भौतिक आस्तियों में अधिक वृद्धि दर्ज की जाती है तो यह अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छी खबर की कही जानी चाहिए।

भारतीय परिवार आज अपनी बचत का अधिक हिस्सा पूंजी निर्माण हेतु खर्च कर रहे हैं। गृह निर्माण एवं वाहन आदि खरीदने की मद पर अधिक खर्च किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में परिवारों की शुद्ध बचत का 60 प्रतिशत हिस्सा पूंजी निर्माण पर खर्च किया गया है, जो वित्तीय वर्ष 2015-16 में 53.2 प्रतिशत था, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह 68 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। साथ ही, परिवारों द्वारा बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से मकान निर्माण हेतु एवं वाहन आदि खरीदने हेतु लिए जाने वाले ऋणराशि में भी वृद्धि दिखाई दे रही है, जो कि एक अच्छा संकेत है। एक अध्ययन प्रतिवेदन के अनुसार, मकान निर्माण हेतु ऋण एवं भौतिक आस्तियों में वृद्धि के बीच सामंजस्य दिखाई देता है। यदि मकान निर्माण हेतु ऋण में एक रुपए की वृद्धि होती है तो भौतिक आस्तियों में 2.12 रुपए की वृद्धि दर्ज होती है। इस प्रकार, भारत में परिवारों द्वारा बैंकों से लिए जा ऋण का उपयोग उत्पादक कार्यों के लिए किया जा रहा है। यहां यह वर्णित करना आवश्यक होगा कि भारतीय परिवार की परिभाषा में व्यक्ति, गैर सरकारी, गैर निगमित संस्थान जैसे व्यक्तिगत संस्थान, साझेदारी संस्थान आदि शामिल हैं।

(सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक,भारतीय स्टेट बैंक)

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में गांधी जयंती के अवसर पर सेवा सम्मान समारोह

**गांधी जयंती** (सोमवार) को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची परिसर में शिशु विकास मंदिर समिति (झारखंड), धुर्वा, रांची द्वारा सेवा सम्मान समारोह - 2023 का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री आर० के० झा, नगर प्रशासक, एच० ई० सी०, धुर्वा रांची एवं विशिष्ट अतिथि डॉ० महेश कुशवाहा, हृदय रोग विशेषज्ञ, पारस अस्पताल, धुर्वा, रांची थे।

कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं अन्य तिथियां द्वारा दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्प अर्पण किया गया।

माननीय मुख्य अतिथि एवं अन्य आगंतुकों का परिचय श्री ललन कुमार, उप प्राचार्य, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा ने कराया।

कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए श्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र, मंत्री, शिशु विकास मंदिर समिति ने कहा कि विद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव, मेधावी छात्र सम्मान समारोह ,अभिभावक सम्मान समारोह एवं सेवा सामान समारोह आदि कई उत्सव आयोजित किया जाता है। यहां के सेवाकर्मी विद्यालय के साथ-साथ परिसर के आसपास की सफाई की भी व्यवस्था देखते हैं। इन्हीं कर्मियों के प्रति सम्मान प्रदान करने के लिए आज का यह कार्यक्रम आयोजित है।




इस अवसर पर विद्यालय के सभी सेवा कार्य करने वाले कर्मियों का समारोह पूर्वक सम्मानित करने का कार्य माननीय अतिथियों एवं अतिथियों द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया।

विशेष अतिथि डॉ० महेश कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अपने कार्यों को ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए। किसी भी प्रकार के कार्यों से पीछे नहीं हटना चाहिए । कोई भी विद्यार्थी अपने आप को कमजोर ना समझें। हमें अपने खान-पान पर ध्यान देने की आवश्यकता है। रोगों को दूर रखने के लिए नशा से दूरी बनायें ।

मुख्य अतिथि श्री आर० के० झा नगर प्रशासक, एच० ई० सी०, धुर्वा, रांची ने कहा कि गांधी जयंती एवं शास्त्री जी के जन्मदिन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर संपूर्ण देश ने स्वच्छता अभियान को हाथों हाथ लिया । उन्होंने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता का कार्य की शुरूआत खुद से करनी चाहिए। विकसित देशों में प्रत्येक नागरिक अपने आस-पास की स्वच्छता के प्रति काफी जागरूक रहते हैं?। उन्होंने आशा व्यक्त की कि समाज इन प्रयासों से जागरूक होगा एवं देश विकसित राष्ट्र बनेगा।

इस अवसर पर एकल गीत भैया आदित्य प्रकाश में प्रस्तुत किया।अध्यक्षीय आशीर्वचन श्री शक्तिनाथ लाल दास,अध्यक्ष, शिशु विकास मंदिर समिति द्वारा दिया गया । उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में कोई ना कोई गुण आवश्यक होता है? । मानव में सेवा भाव में नैसर्गिक रूप से होता है । सेवा में लगे लोगों को ही दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। हमें मन के भावों को बदलने की आवश्यकता है।

धन्यवाद ज्ञापन डॉ० धनेश्वर महतो, सह मंत्री, शिशु विकास मंदिर समिति द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर डॉ उमाशंकर शर्मा, श्रीमती दीपा रानी कुंज, डॉ अंजू कुजूर, श्री आशीष नाथ शाहदेव, श्री विनोद कुमार, श्री महावीर सिंह, श्री नंदेश्वर मिश्र, श्री लाल अशोक नाथ शाहदेव, श्री सत्यनारायण पांडे, श्री अमरकांत झा, श्री योगेश्वर दुबे, श्री प्रमोद कुमार सिंह, श्री बलराम उपाध्याय, डॉ० संध्या सिंह, प्राचार्या, उप प्राचार्य, ललन कुमार आदि मौजूद रहे।

## बापू की याद में कई कार्यक्रम आयोजित



**इंटरनेशनल स्कूल जाहेर ब्राम्बे में कार्यक्रम**

सोमवार दो अक्टूबर मदर्स इंटरनेशनल स्कूल जाहेर ,ब्राम्बे,रांची में गांधी जयंती का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर सभी छात्र एवं छात्राओं के द्वारा चित्रकला एवम्देश की आजादी में महात्मा गांधी जी का योगदान, विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षकों में अरविंद कुमार पांडे , के समन्वयक से सभी शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या डॉ. रोमी झा के द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सबके सहयोग की सराहना की गई।

**भारतीय जन कल्याण परिषद द्वारा गांधी आश्रम सेक्टर टू भव्य श्रद्धांजलि**

भारतीय जन कल्याण परिषद द्वारा गांधी आश्रम सेक्टर टू धुर्वा में भव्य श्रद्धांजलि समारोह आयोजित कर बापू को नमन किया तो वहीं दूसरी तरफ आईरिस हॉस्पिटल द्वारा नेत्र जांच शिविर,सैमफोर्ड हॉस्पिटल के सौजन्य से मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर एवं बर्लिन हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य परामर्श शिविर आयोजित



कर आम जनों की कई प्रकार की मुफ्त जांच की गई।

गांधीवादी विचारधारा के अनुयायी मोख्तार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह के मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव,पूर्व कुलपति डॉ सुरेश प्रसाद सिंह, चैम्बर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशोर मंत्री,प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

**राष्ट्रपिता को नमन**

आज महात्मा गाँधी जयंती के अवसर पर पूर्व की भांति शहीद स्थल सह स्मारक, शहीद चौक, रांची पर श्रद्धांजलि सभा सह भंडारा का आयोजन किया गया. पूर्वांहन 11बजे राष्ट्रपिता और स्व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया गया. इसके उपरांत अथितियों ने बापू के जीवन पर प्रकाश डाला. इसके उपरांत एक घंटे तक बापू के प्रिय भजनो का गान हुआ.

1बजे अपरान्ह से भंडारा का कार्यक्रम हुआ जो 3.30बजे तक चला. यह कार्यक्रम शहीद स्मारक समिति, रांची के सौजन्य से संपन्न हुआ. आज के कर्यक्रम



में डॉ रामप्रवेश, विमल किशोर, शंकर आजाद, हरदीप सिंह, वीरेंद्र सिंह, सूर्यनारायण, मनोज तिवारी,रवि दत्त, पशुपतिनाथ, विशाल आदि अतिथियों एवं कार्यकर्ताओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

**जेएसआरबी के विभिन्न शाखाओं द्वारा पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया गया**

झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के विभिन्न शाखाओं द्वारा बैंक के अध्यक्ष श्री मदन मोहन बरियार के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत प्रधान कार्यालय में कार्यरत 50 से अधिक बैंक कर्मियों ने कचहरी चौक स्थित जिला परिषद भवन से कचहरी रोड तक की साफ-सफाई की । सफाई के दौरान प्लास्टिक की बोतलें, रैपर, पोलीथिन बैग, कैन आदि इकठ्ठा किया गया। साथ ही रांची को एक स्वच्छ और खूबसूरत शहर बनाने का संकल्प लिया।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम**

बैंक ऑफ महाराष्ट्र रांची जोन ने जोनल मैनेजर सुश्री शिखा कुमारी और डिप्टी जोनल मैनेजर रोहित रमन के नेतृत्व में अन्य के साथ स्टाफ सदस्यों स्वच्छता अभियान चलाया।बैंक ऑफ महाराष्ट्र, रांची के स्टाफ



सदस्यों ने श्रमदान किया और स्वच्छ और कचरा मुक्त वातावरण की लड़ाई में शामिल होने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करने और सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## घरेलू बचत का गिरना आर्थिक मंदी का खतरनाक संकेत

**ललित गर्ग**

लगातार महंगाई का बढ़ना भी न केवल आमजन के लिये बल्कि सरकार के लिये चिन्ता का कारण है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुमानों से पता चलता है कि जुलाई (7.4 प्रतिशत) की तुलना में अगस्त में यह घटकर 6.8 फीसदी हो गई है।

आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के मध्यनजर महंगाई का लगातार बढ़ते रहना चिंता का विषय है। घरेलू बचत, महंगाई, बढ़ता व्यक्तिगत कर्ज, बढ़ते व्यक्तिगत खर्चे आदि को लेकर निम्न एवं मध्यम वर्ग परेशान है। इस परेशानी के समाधान की बजाय सत्ता एवं विपक्ष दल एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा मासिक बुलेटिन में माना है कि खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करना कठिन साबित हो रहा है। आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की घरेलू बचत दर वित्त वर्ष 2022-23 में पांच दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गई। 18 सितंबर को जारी इन आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में देश की शुद्ध घरेलू बचत पिछले साल की तुलना में 19 फीसदी कम रही है। 2021-22 में देश की शुद्ध घरेलू बचत जीडीपी के 7.2 फीसदी पर थी जो इस साल और घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 5 दशक के निचले स्तर 5.1 प्रतिशत पर आ गई है।

अनेक मोर्चों पर भारत की तस्वीर आशा का संचार कर रही है, लेकिन आर्थिक मोर्चे पर चिन्ता का सबब लगातार बना हुआ है, हालांकि समूची दुनिया में आर्थिक असंतुलन बना हुआ है, भारत ने फिर भी खुद को काफी संभाले हुए हैं। किसी देश की अर्थव्यवस्था इस पैमाने पर भी आंकी जाती है कि उसकी घरेलू बचत, प्रति व्यक्ति आय और क्रयशक्ति की स्थिति क्या है। भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत में करीब पचपन फीसद की गिरावट आई और यह सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 फीसद पर पहुंच गई। वित्त मंत्रालय ने घरेलू बचत में गिरावट पर सफाई देते हुए कहा है कि लोग अब आवास और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियों में अधिक निवेश कर रहे है। इसका असर घरेलू बचत पर पड़ा है। मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि संकट जैसी कोई बात नहीं है। सरकार ने यह भी कहा है कि पिछले दो साल में परिवारों को दिए गए खुदरा ऋण का 55 फीसद आवास, शिक्षा और वाहन पर खर्च किया गया है।

परिवारों के स्तर पर वित्त वर्ष 2020-21 में 22.8 लाख करोड़ की शुद्ध संपत्ति जोड़ी गई थी। 2021-22 में लगभग सत्रह लाख करोड़ और वित्तवर्ष 2022-23 में 13.8 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय संपत्तियां बढ़ी हैं। इसका मतलब है कि लोगों ने एक साल पहले और उससे पहले के साल की तुलना में इस साल कम वित्तीय संपत्तियां जोड़ी हैं। सरकार के अनुसार ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि वे अब कर्ज लेकर घर और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियां खरीद रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो साल में आवास और वाहन ऋण में दोहरे अंक में वृद्धि हुई है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि महामारी के बाद से लोग काफी सचेत हुए हैं। वे जोखिम वाले निवेश से बच रहे हैं। दूसरी बात बचत खातों पर ब्याज पर दर बहुत आकर्षक नहीं हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित बी-20 बैठक में बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा भी कि ब्याज दरें बढ़ाकर महंगाई नियंत्रित करने की कीमत आर्थिक विकास को चुकानी भारी पड़ सकती है। सरकार चाहे जो तर्क दे पर घरेलू बचत गिरना कोई शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। लगातार महंगाई का बढ़ना भी न केवल आमजन के लिये बल्कि सरकार के लिये चिन्ता का कारण है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुमानों से पता चलता है कि जुलाई (7.4 प्रतिशत) की तुलना में अगस्त में यह घटकर 6.8 फीसदी हो गई है। यहां तक कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई भी जुलाई के उच्चतम स्तर पर 11.5 फीसदी से घटकर अगस्त में 9.94 प्रतिशत हो गई। इन संकेतों से भले ही राहत की सांसें मिली हो, बावजूद इसके यह अब भी ज्यादा है। यह गिरावट मुख्यतः सब्जियों की कीमतों में कमी के कारण आई है, जो जुलाई की 37.4 फीसदी की तुलना में अगस्त में 26.1 प्रतिशत थी। हालांकि अनाज और दालों में महंगाई दोहरे अंकों में बनी हुई है, जिनमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर गिरावट की संभावना फिलहाल नहीं दिख रही। आरबीआई ने स्वीकारा है कि खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करना कठिन साबित हो रहा है। मगर अधिकारियों को महंगाई कम करने का महत्वपूर्ण काम सौंपा



गया है। स्पष्ट है कि दबाव और प्रतिबंधों के माध्यम से महंगाई को काबू में करने के प्रयास काफी हद तक नाकाम रहे हैं। घरेलू आपूर्ति में कमी के कारण कई खाद्य वस्तुओं, विशेषकर अनाज व दालों में महंगाई रूकने का नाम नहीं ले रही है। गेहूं का उत्पादन गरमी और बेमौसम बारिश के कारण प्रभावित है। यही कारण है कि मई 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया। चावल के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। दालों का भी यही हाल है।

महंगाई अक्सर सत्तापक्ष के लिये राजनीतिक चुनौती बनती रही है, चुनावों में हार-जीत को बहुत गहराई से प्रभावित करने में महंगाई आधार बनती रही है। महंगाई कम करने के लिए हमें वैकल्पिक रास्ते तलाशने होंगे, जो आर्थिक विकास या किसानों के हितों को प्रभावित किए बिना उपभोक्ताओं की रक्षा करें। विकृत एवं असंतुलित बाजार व्यवस्था ने भी अनेक आर्थिक विसंगतियों को जन्म दिया है। एक आदर्श व्यवस्था का चिन्तन ही वर्तमान की आर्थिक समस्याओं का समाधान हो सकता है। वर्तमान सरकार ने गरीबी दूर करने में सफलता पाई है, लेकिन उसकी सोच अमीरी बढ़ाने की भी रही है। छोटे उद्योग, सबके पास अपना काम, हर व्यक्ति के लिये रोजगार की सुनिश्चितता, कोई भी इतना बड़ा न हो कि जब चाहे अपने से निर्बल को दबा सके। एक आदमी के शक्तिशाली होने का मतलब है, कमजोरों पर निरन्तर मंडराता खतरा। एक संतुलन बने। सबसे बड़ी बात है मानवीय अस्तित्व और मानवीय स्वतंत्रता की। इस पर आंच न आये और आवश्यकताओं की पूर्ति भी हो जाये, ऐसी अर्थव्यवस्था की आज परिकल्पना आवश्यक है। तभी बढ़ती महंगाई, आय असंतुलन एवं घटती बचत पर काबू पाया जा सकता है।

आय असमानता, महंगाई, बेरोजगारी एक कल्याणकारी राज्य की सबसे बड़ी विडंबना है। यह जब गंभीर रूप से उच्चतम स्तर पर पहुंच जाती है तो उदार आर्थिक सुधारों के लिए सार्वजनिक समर्थन कम हो जाता है। ध्यान देने वाली बात यह है कि भारत में नव उदारवादी नीतियों से आर्थिक वृद्धि दर को जरूर पंख लगे हैं, लेकिन इससे अमीरों की जितनी अमीरी बढ़ी है, उस दर से गरीबों की गरीबी दूर नहीं हुई है। परिणामस्वरूप आर्थिक असमानता की खाई साल दर साल चौड़ी होती जा रही है।